ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 24 जून 2024
वर्ष-2, अंक-304, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित 2

72 वर्ष के हुए बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर 16

नक्सली हमले में कानपुर का लाल बलिदान

पुलिस ट्रक को उड़ाया

- बम धमाके में कांस्टेबल शैलेंद्र और चालक विष्णु आर बलिदान
- छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आईईडी से किया गया धमाका

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को परिष्कृत विस्फोटक यंत्र (आईईडी) से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। इनमें एक कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर के रहने वाले थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच टिम्मापुरम गांव के पास अपराह्न करीब तीन बजे

शैलेंद्र

किया गया। उन्होंने बताया कि कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 201वीं इकाई के एक अग्रिम दल ने टेकलगुडेम की ओर सड़क सुरक्षा ड्यूटी के तहत जगरगुंडा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सिलगेर शिविर से गश्त शुरू की थी। सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर सवार थे। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया, जिसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई। कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित नौगवां गौतम गांव के रहने वाले थे। बेटे के शहीद होने की सूचना पर घर में कोहराम मच गया।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घर पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी ने बताया कि धमाके की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं तथा शवों को जंगल से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

मुख्यमंत्री साय ने जवानों के बलिदान होने पर जताया शोक

रायपुर/जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में दो कोबरा जवानों के बलिदान होने पर गहरा दु:ख व शोक व्यक्त किया है। साय ने रविवार को ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं, विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं।

इसरो ने बनाया एक और कीर्तिमान : 4.5 किमी ऊंचाई से छोड़ा गया आरएलवी पुष्पक

आरएलवी का तीसरा सफल लैंडिंग परीक्षण

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुनः काम आने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) के लैंडिंग प्रयोग (एलईएक्स) को लगातार तीसरी बार सफलतापूर्वक पूरा कर नया मील का पत्थर स्थापित किया है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) पर एलईएक्स श्रृंखला के एलईएक्स-03 का अंतिम परीक्षण रविवार सुबह 07:10 बजे हुआ। पिछले आरएलवी एलईएक्स -01 और एलईएक्स -02 मिशनों की उपलब्धियों के आधार पर, आरएलवी एलईएक्स -03 परीक्षण ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमताओं को फिर से प्रदर्शित किया। इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इसमें 500 मीटर की क्रॉस-रेंज शामिल है, जो एलईएक्स -02 के 150 मीटर से काफी अधिक और अधिक तेज हवा की स्थिति में है।

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में टेस्ट रेंज पर लैंड करता पुष्पक। ● एजेंसी

पुष्पक नाम के इस पंखों वाले यान (आरएलवी) को वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ा गया। इस रिलीज़ बिंदु से पुष्पक ने स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार में निष्पादित किया,यह रनवे के पास पहुंचा और रनवे केंद्र रेखा पर एक सटीक क्षैतिज लैंडिंग की।

निम्न लिफ्ट-टू-ड्रैग अनुपात की विशेषता वाले इसके वायुगतिकीय विन्यास के परिणामस्वरूप लैंडिंग वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि वाणिज्यिक विमानों के लिए 260 किमी प्रति घंटे और सामान्य लड़ाकू जेट के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है।

एक नजर

केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई जमानत की अर्जी

नई दिल्ली। धनशोधन के मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा शुक्रवार को उनकी जमानत पर लगाई गई रोक के खिलाफ याचिका दायर की है। केजरीवाल के वकीलों ने सोमवार सुबह सुनवाई की अपील की है। अधीनस्थ अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन उच्च न्यायालय ने अंतरिम रोक लगा दी थी।

बस्तर में अब नकली नोट भी छाप रहे नक्सली

सुकमा (बस्तर)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के नक्सली आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पैसों की कमी को पूरा करने के लिए अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। इसके लिए संगठन के बड़े कैडर्स ने अपने लड़ाकों को नोट छापने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। पुलिस ने रविवार को तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाए जाने की मशीन,नकली नोट के सैंपल, विस्फोटक और हथियारों को बरामद किया। एसपी किरण चौहान ने बताया कि संयुक्त सुरक्षा बल को विशेष नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र में भेजा गया था।

नीट-यूजी में अनियमितताओं को लेकर सीबीआई ने दर्ज की रिपोर्ट

पेपर लीक के दावों की जांच के लिए बिहार और गुजरात भेजे गए विशेष दल

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने पांच मई को आयोजित नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक संदर्भ के आधार पर रविवार को एक प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने एजेंसी को दी गई एक शिकायत में आरोप लगाया है कि परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं। यह शिकायत अब प्राथमिकी का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने विशेष दल गठित किए हैं जो गोधरा और पटना रवाना हो गए हैं, जहां पुलिस ने प्रश्नपत्र लीक के मामले दर्ज किए हैं। केंद्रीय एजेंसी गुजरात और बिहार में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इन मामलों की जांच अपने हाथ में लेने की योजना बना रही है।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से अभ्यर्थियों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा कथित अनियमितताओं के सम्पूर्ण पहलुओं की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है, जिसमें षड्यंत्र, धोखाधड़ी, अभ्यर्थी की जगह किसी और के परीक्षा में बैठने, विश्वासघात और साक्ष्यों को नष्ट करना शामिल है।

कृपांक पाने वाले 1,563 अभ्यर्थियों में 813 ने दोबारा दी परीक्षा : नीट-स्नातक में जिन 1,563 अभ्यर्थियों को पहले कृपांक दिए गए थे, उनमें से 813 अभ्यर्थी रविवार को दोबारा परीक्षा में शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सात केंद्रों पर दोबारा परीक्षा आयोजित की गई।

बिहार में जांच करने पहुंची सीबीआई टीम पर हमला, चार लोग गिरफ्तार

सीबीआई टीम से मारपीट में गिरफ्तार आरोपी।

नवादा। यूजीसी नेट पेपर लीक मामले की जांच करने दिल्ली से बिहार के नवादा पहुंची सीबीआई टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने रविवार को यहां बताया कि यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम शनिवार को नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव पहुंची थी। जहां टीम को नकली बताकर ग्रामीणों ने मारपीट किया। गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की।

एनटीए की वेबसाइट हैक नहीं हुईं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि उनकी वेबसाइट तथा अन्य सभी वेब पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित हैं और इनके हैक होने की खबरें गलत और भ्रामक हैं। एनटीए का यह स्पष्टीकरण नीट-यूजी और यूजीसी-नेट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी विवाद के बीच आया है।

एटीएस ने दो शिक्षकों से की पूछताछ

मुंबई। महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में लातूर जिले में एक निजी कोचिंग सेंटर चलाने वाले दो शिक्षकों से पूछताछ की। एटीएस की नांदेड़ इकाई ने शनिवार रात दोनों को हिरासत में लिया और कुछ घंटों तक पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। इनमें से एक शिक्षक लातूर जिले के एक सरकारी स्कूल में काम करता है।

संसद सत्र आज से, प्रोटेम स्पीकर को लेकर हंगामा होने के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। 24 जून से 3 जुलाई तक के चलने वाले 10 दिन के इस सत्र में कुल आठ बैठकें होंगी। सत्र के दौरान 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। भाजपा नेता एवं सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को संसद के निचले सदन का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किए जाने के कारण सदन में हंगामा होने के आसार हैं।

महताब को अस्थायी अध्यक्ष बनाए जाने की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश के दावे की अनदेखी की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि महताब लगातार सात बार के लोकसभा सदस्य हैं, जिससे वह इस पद के लिए उपयुक्त हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में महताब को लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद भवन पहुंचेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह निचले सदन के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। इसके बाद, महताब प्रधानमंत्री से सदन की सदस्यता की शपथ लेने का आग्रह करेंगे। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर, राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्षों की समिति को शपथ दिलाएंगे। राष्ट्रपति ने शपथ दिलाने में महताब की सहायता के लिए कोडिकुन्निल सुरेश (कांग्रेस), टीआर बालू (द्रमुक), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (भाजपा) और सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस) को नियुक्त किया है।

- नवनिर्वाचित सदस्य लेंगे शपथ
- सरकार साबित करेगी बहुमत

इन 10 दिनों के दौरान संसद में क्या-क्या होगा ?

- प्रधानमंत्री मोदी संसद को संबोधित करेंगे
- लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण
- पीएम मोदी संसद में अपनी कैबिनेट सदस्यों का देंगे परिचय
- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा
- प्रधानमंत्री 2 या 3 जुलाई को इस चर्चा पर अपना जवाब देंगे

नीट और यूजीसी नेट मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे

संसद संत्र के दौरान राहुल गांधी नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में कथित अनियमितता के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे, तो दूसरी तरफ सेना में अग्निवीर योजना को लेकर भी सरकार पर हल्ला बोल करेंगे। इसके अलावा, कांग्रेस और टीएमसी ने तीन नए कानूनों पर भी मोदी सरकार को घेरने का संकेत दे दिया है। ये कानून तब पारित किए गए थे, जब रिकॉर्ड 146 विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया था।

बिधनू में ट्राले से भिड़ंत में पिकअप चालक और क्लीनर जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, विधनू/ कानपुर

अमृत विचार : बिधनू थाना क्षेत्र के शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार सुबह चार बजे ट्राला और पिकअप में आमने-सामने हुई भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में पिकअप के चालक और परिचालक केबिन में फंसने से जिंदा जल गए। ट्राला का चालक फरार हो गया।

घाटमपुर से नौबस्ता (कानपुर) की ओर जा रहे पिकअप की शंभुआ रेलवे पुल पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ईंट लदे ट्राला से टक्कर हो गई। पिकअप के बोनट में धमाके से साथ आग लगने से चालक व क्लीनर केबिन में फंस गए। दोनों करीब

- शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार तड़के हुआ हादसा

20 मिनट तक जान बचाने के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई पास नहीं पहुंच पाया। आग से ट्राला का केबिन भी जल गया। लेकिन उसका चालक भाग निकला। राहगीरों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घाटमपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर आग बुझाई। लेकिन तब तक पिकअप के चालक- क्लीनर के शव जलकर राख हो चुके थे। बिधनू थाना प्रभारी ने बताया मृतक 50 वर्षीय पूरन सिंह लोधी, ग्राम पनवा, तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश का निवासी था। वह पिकअप का मलिक और चालक था। दूसरा मृतक इस्माइल भी तहसील गैरतगंज का रहने वाला था। दोनों रायसेन से कानपुर आम लेने निकले थे। पिकअप में रखी 20 हजार नकदी भी जली मिली है। मौके पर पहुंचे घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के 10 मिनट में पुलिस पहुंच गई थी। आग विकराल थी जिसे बुझाने तक चालक-क्लीनर जिंदा जल चुके थे।

मायावती ने भतीजे आकाश को फिर बनाया उत्तराधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने रविवार को भतीजे आकाश आनंद को फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। उन्होंने आकाश को पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद पर भी बहाल कर दिया है। ऐसे में आकाश आनंद फिर देश में पार्टी के मूवमेंट को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

मायावती ने रविवार को पार्टी कार्यालय में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भतीजे को लेकर निर्णय साझा करने के साथ आकाश को दूसरे राज्यों में भी बसपा को मजबूत करने की जिम्मेदारी

- बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर का पद भी सौंपा

सौंपी। उन्होंने अन्य प्रांत समेत उप्र. में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की भी घोषणा की। बसपा प्रमुख ने कहा कि आकाश के भाषण के दौरान आप लोग भीड़ लेकर मंच पर पहुंच गए थे। कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रखने के लिए ही आकाश को पद से हटाया गया था।

प्रज्वल रेवन्ना का भाई सूरज अप्राकृतिक यौनाचार में गिरफ्तार

होलेनरासीपुर (हासन)। कर्नाटक के हासन में कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना के भाई एवं पार्टी विधायक सूरज रेवन्ना को पुलिस ने पार्टी के एक पुरुष कार्यकर्ता के साथ कथित तौर पर अप्राकृतिक यौनाचार करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि शिकायत अर्कलगुड तालुक के एक युवक की ओर से दर्ज कराई गई। सूरज रेवन्ना ने आरोपों को खारिज करते हुए राजनीति से प्रेरित बताया है।

बिहार में एक और पुल गिरा तोड़फोड़ की आशंका

मोतिहारी, एजेंसी

बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर शनिवार रात एक निर्माणाधीन पुल ढह गया। बिहार में एक सप्ताह के अंदर अररिया और सीवान के बाद पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में निर्माणाधीन पुल ढह गया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर बन रहा 18 मीटर लंबा पुल शनिवार रात अपने दो स्पैन में से एक की ढलाई के तुरंत बाद ढह गया। यह घटना एक स्पैन की ढलाई के कुछ ही घंटों बाद हुई, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ढाका में तैनात ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता एसएन. मंडल ने दावा किया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पुल के नए बने हिस्से के सेंट्रिंग को बिगाड़ दिया था, जिससे पुल ढह गया। जबकि स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

- ग्रामीणों ने कहा-घटिया सामग्री के इस्तेमाल से ढहा पुल

जुलाई से क्रियाशील होने लगेंगे नए थर्मल पॉवर स्टेशन

660 मेगावॉट की जवाहरपुर-2, 561 की घाटमपुर-1 और 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट हो जाएंगी चालू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आने वाले समय में बिजली की बढ़ती मांग के मद्देनजर अगले माह से ही नए थर्मल पॉवर प्लांट क्रियाशील होने लगेंगे। दरअसल, शासन की योजना इसी साल 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारने की है। इसके बाद बड़े स्तर पर बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे देखते हुए राज्य सरकार अगले तीन साल में 10 नए थर्मल पॉवर प्लांट के जरिए लगभग 5255 मेगावॉट बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी करेगी। वहीं, 2030 तक तीन इकाइयों की क्षमता बढ़ाकर 5120 मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा।

- 2027 तक 10 पॉवर प्लांट होंगे पूरे, बनेगी 5255 मेगावॉट बिजली
- 2030 तक और तीन बड़े बिजली घरों की क्षमता में भी होगी बढ़ोत्तरी

राज्य में जिन नए थर्मल पॉवर स्टेशन को शुरू करने की कवायद चल रही है उनमें 660 मेगावॉट की जवाहरपुर यूनिट-2, इस साल जुलाई तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-1, जुलाई तक, 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट जुलाई तक जबकि, 660 मेगावॉट की ओबरा सी यूनिट-2, इस साल सितंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-2, दिसंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-3, मार्च 2025 तक, 396 मेगावॉट की खुर्जा एसटीपीपी यूनिट-1 और 396 मेगावॉट की यूनिट-2, मई 2025 तक, 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री यूनिट-1 अगस्त 2027 तक और 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री, यूनिट-2 अगस्त 2027 तक क्रियाशील हो जाएगी। इनके शुरू होने से उप्र. में अतिरिक्त 5255 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। इसके अतिरिक्त 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता में 5120 मेगावॉट की बढ़ोत्तरी की जाएगी। इसके तहत मौजूदा तीन इकाइयों की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इसमें ओबरा डी-2 को 1600 मेगावॉट, अनपरा ई-2 को 1600 मेगावॉट और मेजा 2 को 1920 मेगावॉट उत्पादन क्षमता तक विस्तारित करना है।

बिजली खपत और उत्पादन में बड़ा अंतर

राज्य में स्थापित सभी थर्मल पॉवर प्लांट्स के जरिए लगभग साढ़े 6 हजार मेगावॉट बिजली का उत्पादन होता है। इसके अलावा हाइड्रो, विंड और सौर ऊर्जा सहित अन्य स्रोतों से भी बिजली का उत्पादन होता है, मगर बीते दशकों में बिजली उत्पादन को लेकर बरती गई उदासीनता के कारण वर्तमान में बिजली की खपत और उत्पादन के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है। इस साल गर्मियों में बिजली की मांग 30 हजार मेगावॉट से भी अधिक रही है।

ईटानगर में बादल फटने से भूस्खलन, बाढ़ से असम में 4 लाख प्रभावित, 37 की मौत

ईटानगर/गुवाहाटी, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में रविवार सुबह बादल फटने से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 415 के कई हिस्सों में जलभराव हुआ।

राज्य की राजधानी के लोगों की जीवनरेखा माने जाने वाले राजमार्ग पर कई वाहन फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से नदियों के किनारे और भूस्खलन के खतरे वाले क्षेत्रों में न जाने को कहा है। आपदा प्रबंधन विभाग ने भारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए हैं। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब एक हफ्ते से हो रही बारिश के कारण आई बाढ़ से 19 जिलों में करीब 4 लाख लोग प्रभावित हैं।

- जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए

बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों का आंकड़ा 37 हो गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सरकार ने 134 रिलीफ कैंप लगाए हैं। जहां कुल 17,661 लोगों ने शरण ले रखी है। बराक के करीमगंज में कुशियारा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। असम राज्य के आपदा प्रबंधन प्राधिकारी के अनुसार रविवार को दो लोगों की मौत हो गई। 3995.33 हेक्टेयर कृषि भूमि बाढ़ के पानी से जलमग्न है।

एमपी समेत 11 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें मध्य प्रदेश के मालवा इलाके के अलावा गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। अगले 3-4 दिनों में इन राज्यों को मानसून पूरी तरह कवर कर लेगा।

टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित

हमारे हर खिलाड़ी परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परख रहे हैं

एंटीगा, एजेंसी

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा खिलाड़ियों ने मैदान पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतरीन खेल दिखाया जैसे कि उनसे उम्मीद थी। बंगलादेश के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा कि मैं काफी लंबे समय से इस पर अपनी राय रखते आया हूं। हमने आज परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परखा। गेंद और बल्ले दोनों के साथ ही हमारी रणनीति सफल हुई। कुल मिलाकर यह बहुत बढ़िया टीम प्रयास था। हमें मैदान में उतर कर उसी तरह का खेल खेलना है, जो हमसे उम्मीद की जाती है। हर बल्लेबाज को अपनी भूमिका होती है। आज सिर्फ एक बल्लेबाज ने ही अर्धशतक लगाया, लेकिन इसके बावजूद हम 196 स्कोर तक पहुंच गए।

मुझे नहीं लगता कि टी-20 में यह मायने रखता है कि आप कितने अर्धशतक या शतक लगा रहे हैं बल्कि यह अधिक जरूरी है कि आप विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में कितने सफल हैं। मैंने पिछले मैच के बारे में भी कहा था कि सूर्या के साथ उनकी साझेदारी हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण थी। हमें हार्दिक की क्षमता का पता है। आज उन्होंने इस बात की मिसाल पेश की कि वह बल्ले के साथ क्या कमाल दिखा सकते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले ने भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर कहा कि इंटेंट के साथ बल्लेबाजी करना अहम है।

भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा है और आठ नंबर पर बल्लेबाजी विकल्प के रूप में भारत के पास रवींद्र जडेजा हैं। इससे भारत के शीर्षक्रम को छूट के साथ बल्लेबाजी करना का अवसर मिला है।

शर्मा अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को जल्द बाहर करने की फिराक में

ग्रोस आइलेट। आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को आस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी जबकि अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिये यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। अफगानिस्तान से हारने के बाद अब आस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाये। आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर आस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाये जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। तीसरे नंबर पर उतरे ऋषभ पंत रिवर्स हिट लगाने के चक्कर में अक्सर विकेट गंवा रहे हैं और उन्हें इस कमी से पार पाना होगा।

- विराट कोहली पर होंगी सभी की निगाहें
- टीम शीर्षक्रम के प्रदर्शन का कर रही इंतजार
- भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा है
- पंड्या ने ऑलराउंडर प्रदर्शन कर दिया जवाब

टीमें : भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

ऑस्ट्रेलिया : मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा।

मैच का समय : रात आठ बजे से।

मेरी सबसे कठिन परीक्षा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी : कुलदीप यादव

ग्रोस आइलेट, एसेंसी। कुलदीप यादव टी-20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब तक हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं, उन्होंने कहा कि जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिये और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाये रखना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था।

वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिये हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है। कुलदीप की सफलता का एक कारण उनकी गेंदबाजी में आक्रामकता भी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी स्पिनर के लिये लैंग्थ काफी मायने रखती है। इस प्रारूप में तो आपको यह भांपना ही होता है कि बल्लेबाज क्या करने की सोच रहा है। इसके लिये काफी आक्रामक होना पड़ा है। मुझे आईपीएल में भी इससे मदद मिली और अब टी-20 विश्व कप में भी।

खेल डायरी

नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिये मूत्र के नमूने नहीं दिये थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था।

भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान : पीटी उषा

गांधीनगर। गुजरात के गांधीनगर जिले में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) में रविवार को भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और प्रसिद्ध धाविका पीटी उषा ने कहा कि यह भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान, नवाचार और प्रदर्शन के केंद्र के रूप में काम करेगा। इस तरह के केंद्र का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह खेल और ओलंपिक में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता की ओर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

भारतीय टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में जीता कांस्य

अंताल्या (तुर्की)। धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। भारत का वर्तमान विश्व कप में यह तीसरा पदक है। उसे अभी दो और पदक मिल सकते हैं।

रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य

अंताल्या (तुर्की)। धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय मिश्रित रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारत ने इसके साथ ही अपना अभियान चार पदकों के साथ खत्म किया। भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था लकिन अंकिता भक्त महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गयी।

अमेरिका की टीम 115 रन पर ढेर

ब्रिजटाउन, एजेंसी

इंग्लैंड के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका की टीम रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के मैच में 18.5 ओवर में 115 रन पर सिमट गयी। अमेरिका के लिए नितीश कुमार 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कोरी एंडरसन ने 29 रन और हरमीत सिंह ने 21 रन का योगदान दिया। क्रिस जोर्डन ने 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके।

सैम करन और आदिल रशीद ने दो दो जबकि रीस टॉप्ले और लियाम लिविंगस्टोन ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। इससे पहले चैम्पियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में अमेरिका के खिलाफ टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।

इंग्लैंड ने अंतिम एकादश में मार्क वुड की जगह क्रिस जोर्डन को शामिल किया है। अमेरिका ने पिछले मैच में खेलने वाली अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया।

आदिल रशीद

भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी। महान बल्लेबाज विवियन रिचडर्स ने भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम का दौरा करके रोहित शर्मा और टीम से कहा कि अगर वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप में पहले बाहर हो जाती है तो वह भारतीय टीम की हौसला अफजाई करेंगे। रिचडर्स बांग्लादेश और भारत के बीच सुपर आठ चरण के मैच के बाद फील्डिंग मेडल देने भारतीय ड्रेसिंग रूम में आये थे।

उन्होंने कहा कि भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इतनी दमदार टीम से मैं क्या कहूं। आपका प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मैं इतना ही कहूंगा कि अगर वेस्टइंडीज टीम नहीं जीत पाती है तो मैं आपके साथ हूं। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज का होने के नाते आपको यहां देखकर अच्छा लग रहा है।

भारत ने किया अफ्रीका का सूपड़ा साफ

बेंगलुरु, एजेंसी

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मंधाना लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने से चूक गयी। उन्होंने 83 गेंद में 11 चौके की मदद से 90 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

पिछले दो मैचों में 117 और 136 रन की पारियां खेलने वाली मंधाना ने इस मैच में तीन शानदार साझेदारी कर टीम की जीत में योगदान दिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (25) के साथ 71 गेंद में 61 जबकि दूसरे विकेट के लिए प्रिया पूनिया (28) के साथ 66 गेंद में 62 रन की साझेदारी की। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। कप्तान लॉरा वोलवार्ट (61) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और शानदार शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीका बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहा।

वोलवार्ट ने 57 गेंद की पारी में सात चौकों लगाने के अलावा तैजमिन ब्रिट्स (38) के साथ पहले विकेट के लिए 119 गेंद में 102 रन की साझेदारी की। ब्रिट्स ने 66 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने सतर्क शुरुआत की। शानदार लय में चल रही मंधाना ने छठे ओवर में नेदिन डि क्लर्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर अपने हाथ खोले।

अगले ओवर में आयोबोंगा खाका (38 रन पर एक विकेट) के खिलाफ शेफाली ने चौका जड़ा। यह जोड़ी खतरनाक हो रही थी लेकिन 12वें ओवर में तुमी सेखुकुने (43 रन पर एक विकेट) ने शेफाली को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलायी। मंधाना ने 18वें ओवर में नोनदुमिसो शेनगेस के खिलाफ चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पूनिया ने इस गेंदबाज के खिलाफ चौका लगाने के बाद भारतीय पारी का पहला छक्का जड़ा। वह खाका की गेंद पर आसान कैच देकर पवेलियन लौटी। पूनिया ने 40 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। मंधाना शानदार चौके लगाकर तेजी से लगातार तीसरे शतक की ओर बढ़ रही थी लेकिन म्लाबा (55 रन पर एक विकेट) के खिलाफ स्वीप शॉट को फाइन लेग पर खड़ी पर खाका के हाथों में खेल गयी। हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 19) जीत की औपचारिकता पूरी करने वाली थी तभी भारतीय कप्तान रन आउट हो गयी। रिचा घोष ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले वोलवार्ट और ब्रिट्स को भारतीय गेंदबाजों के सामने कोई परेशानी नहीं हुई।

स्मृति मंधाना

तीन मैचों की श्रृंखला

- मंधाना शतक से चूकी, 90 रन की खेली तूफानी पारी
- भारतीय महिला टीम ने सीरीज पर किया 3-0 से कब्जा

स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका	215/8 (50 ओवर)		
	रन	गेंद	4/6
लॉरा वोलवार्ट का एवं बो अरुंधति	61	57	7/0
तैजमिन रन आउट (श्रेयंका/ रिचा)	38	66	2/1
मारिजेन कैप का एवं बो पाटिल	07	20	0/0
एनेके बॉश का एवं बो अरुंधति	05	09	1/0
सुने लूस बो वस्त्राकर	13	23	1/0
नेदिन डि क्लर्क बो दीप्ति	26	46	2/0
नोनदुमिसो रन आउट (दीप्ति / घोष)	16	29	2/0
मेइके डि रिडर नाबाद	26	31	2/0
नॉनकुलुलेको म्लाबा बो दीप्ति	00	01	0/0
तुमी सेखुकुने नाबाद	06	18	0/0

अतिरिक्त -17 रन, विकेट पतन : 1-102, 2-104, 3-114, 4-120, 5-143, 6-174, 7-178, 8-178

गेंदबाज : श्रेयंका 10-0-35-1, अरुंधति 10-0-36-2, वस्त्राकर 9-0-54-1, दीप्ति 10-0-27-2, राधा 10-0-46-0, मंधाना 1-0-10-0।

भारत	220/4 (40.4ओवर)		
	रन	गेंद	4/6
स्मृति मंधाना कैच खाका बो म्लाबा	90	83	11/0
शैफाली वर्मा कैच बॉश बो सेखुखुने	25	39	4/0
प्रिया पुनिया कैच बॉश बो खाका	28	40	3/1
हरमनप्रीत रन आउट	42	48	2/0
जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद	19	31	1/0
रिचा घोष नाबाद	06	03	0/1

अतिरिक्त- 10 रन, विकेट पतन : 1-61, 2-123, 3-171, 4-214

गेंदबाज : खाका 9-0-38-1, डि क्लर्क 8-0-45-0, सेखुकुने 8.4-0-43-1, म्लाबा 10-1-55-1, शेनगेस 5-0-37-0।

वनडे सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय

खिलाड़ी	बनाम	वर्ष	रन
स्मृति	द. अफ्रीका	2024	342
जया शर्मा	न्यूजीलैंड	2003	309
मिताली	ऑस्ट्रेलिया	2004	289
मिताली	इंग्लैंड	2010	287
पूनम	द. अफ्रीका	2021	263

ऑस्ट्रेलिया पर अफगान की ऐतिहासिक जीत

ऑस्ट्रेलिया पर जीत मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी।

किंग्सटाउन, एजेंसी

रहमानउल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गुलबदीन नईब (चार विकेट) और नवीन उल हक (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में बड़ा उलटफेर करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर 21 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

यह जीत इसलिये ऐतिहासिक है क्योंकि अफगानिस्तान ने क्रिकेट के किसी भी प्रारुप में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार हराया है वो भी विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंट में। इसी जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ गई है। अगर अफगानिस्तान, बंगलादेश को हरा देता हैं और भारत, ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंच जायेगा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकार्ड 118 रनों की साझेदारी करते हुए पारी की शानदार शुरुआत की। 16वें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने रहमानउल्लाह गुरबाज को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रहमानउल्लाह गुरबाज ने 49 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली।

इसके बाद 17वें ओवर में एडम जम्पा ने अजमतउल्लाह उमरजई (2) को आउट कर दूसरी और इसी ओवर की आखिर गेंद पर इब्राहिम जदरान को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरी सफलता दिलाई। इब्राहिम जदरान ने 48 गेंदों में छह चौके लगाते हुये (51) रनों की पारी खेली।

टी-20 वर्ल्ड कप

- अफगानिस्तान ने 21 रनों से दी करारी शिकस्त
- रहमानउल्ला गुरबाज और इब्राहिम ने जड़ा अर्धशतक
- गुलबदीन नईब ने 4 ओवर में 4 विकेट लेकर दिए 20 रन

60 रन गुरबाज ने 4 छक्के व 4 चौके की मदद से बनाए

51 रन जदरान ने 6 चौकों की मदद से 48 गेंदें खेल कर बनाए

सुपर-8 अंक तालिका

ग्रुप-1

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
भारत	2	2	0	4	2.425
ऑस्ट्रेलिया	2	1	1	2	0.223
अफगानिस्तान	2	1	1	2	-0.650
बंगलादेश	2	0	2	0	-2.489

ग्रुप-2

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
दक्षिण अफ्रीका	2	2	0	4	0.625
वेस्टइंडीज	2	1	1	2	1.814
इंग्लैंड	2	1	1	2	0.412
अमेरिका	2	0	2	0	-2.908

जीत की खुशी में पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)। ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी-20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी।

यूरो कप | बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंचे

बेल्जियम ने रोमानिया को दी शिकस्त

कोलोन (जर्मनी), एजेंसी

पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2-0 से हरा दिया। यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंची थी। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी।

बेल्जियम के गोलकीपर कोएन कैस्टेल्स (ऊपर बाईं ओर) गोल को रोकते हुए।

यूएफा यूरो मुकाबलों में सुरक्षा बढ़ायेगा

फ्रैंकफर्ट। यूरोपीय चैम्पियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा (यूरोपीय फुटबॉल संघों के संघ) ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे, हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी। पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा।

विंडीज व अफ्रीका के बीच करो या मरो का मुकाबला

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

मेजबान वेस्टइंडीज को टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जायेगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जायेगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं, लेकिन उसे भी जीत जरूरी है। हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी नेट रनरेट पर टिकेगा।

टीमें : दक्षिण अफ्रीका : एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

वेस्टइंडीज : रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

मैच का समय : सुबह छह बजे से।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

आज का मौसम

हल्के बादल छाए रहने के कारण धूल भरी आँधी के साथ छुटपुट बूंदाबादी होने की संभावना है।

39.2° अधिकतम तापमान | 28.4° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 : 05

जोरदार बारिश से राजपुर पीएचसी में जलभराव। अमृत विचार

बारिश से राजपुर ब्लाक परिसर में भरा पानी। अमृत विचार

राजपुर के कन्हैया नगर की गली में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

झमाझम बारिश से राजपुर में हुआ जलभराव

कई साल से शिकायत करने के बाद भी जलभराव की समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे अफसर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। बूंदाबांदी के साथ ही रविवार को पूरे दिन बादल छाए रहे। इससे मौसम खुशगवार रहा। वहीं राजपुर क्षेत्र में झमाझम बारिश होने से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र में जलभराव से लोगों को परेशान होना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों ने इस सप्ताह आसमान में बदली छाए रहने और बारिश की संभावना जताई है।

पिछले सप्ताह से मौसम में बदलाव का क्रम जारी है। आसमान में बादलों और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चल रहा है। शनिवार को बारिश हुई थी। रविवार को बदली छाई रही। कभी धूप निकल आती तो कभी बादल में सूरज छिप जाता। दोपहर 12 बजे सूर्यदेव की तपिश इतनी तेज थी कि बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। करीब एक बजे के आसपास आसमान में बादल छा गए और फिर अकबरपुर समेत कई जगहों पर बूंदाबांदी के बाद हल्की बारिश हुई जबकि सुबह से ही राजपुर क्षेत्र में आसमान में बादल छाए रहे। साथ ही बूंदाबांदी होती रही, लेकिन दोपहर के बाद करीब एक बजे अचानक तेज बारिश हुई। लगभग दो घंटे तक हुई जोरदार बारिश से राजपुर पीएचसी, ब्लॉक कार्यालय समेत कई जगहों पर जलभराव हो गया। इसके अलावा मुखर्जी नगर, अशोक नगर व कन्हैया नगर की गलियों में पानी भर गया। इसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। नगर पंचायत के पटेल नगर में नालियों की सफाई नहीं होने से बारिश में नालियों का गंदा पानी सड़क पर भर गया। कन्हैया नगर के जावेद, शाहरुख, पवन, सुमित, सौरभ ने बताया कि जलनिकासी का प्रबंध नहीं होने से दो वर्षा से नगर में जलभराव की समस्या है। बारिश में पूरी गली जलमग्न हो जाती है। नगर पंचायत के अफसरों से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन समस्या दूर नहीं हुई। इस बावत नगर पंचायत की ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि जलनिकासी का प्रबंध कराया जा रहा है। वहीं रविवार को अधिकतम 39.2 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

बारिश के बाद शिवपुरी किशरवल में नाले की सफाई करते ग्रामीण। अमृत विचार

बारिश से उफनाए नाले, लोगों ने खुद की सफाई

रनियां। नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार देर शाम बारिश होने से लोगों को गर्मी से निजात तो मिली, लेकिन जल भराव की समस्या को लेकर उन्हें स्वयं फावड़ा लेकर नालियां साफ करने के लिए मजबूर होना पड़ा। लोगों ने बताया कि बारिश शुरू होने से पहले नालों की सफाई कराई जाती है, लेकिन नगर पंचायत के कई मोहल्लों में अभी तक नाले गंदगी से पटे पड़े हैं। इसके कारण पहली बरसात पर ही नाले-नालियां उफना गए और सड़कों पर पानी भर गया। ऐसे में शिवपुरी किशरवल के लोग अपनी-अपनी गलियों में फावड़ा लेकर नालियों की सफाई करते देखे गए।

अगैती खेती करने वालों को मिलेगी राहत

अगर एक-दो दिनों में औसत बारिश होती है तो जहां नगरीय क्षेत्रों को भीषण गर्मी से कुछ निजात मिलेगी। वहीं अगेती खेती करने वाले किसानों को भी राहत मिलेगी। जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता बताते हैं कि बारिश से अगर मिट्टी नम हुई तो खरीफ की अगेती खेती करने वाले अपनी तैयारी शुरू कर सकेंगे। सब्जियों की खेती करने वालों को भी इस बारिश से अच्छा लाभ होगा।

अकबरपुर में बिजली की आंख मिचौली जारी

आंधी के साथ पिछले तीन दिनों से हो रही बूंदाबांदी के चलते जिले की बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है। कई जगहों पर विद्युत तारों पर पेड़ टूटकर गिरने से आपूर्ति बाधित हो जाती है। वहीं कई जगहों पर जर्जर तारों के कारण ट्रिपिंग होती रहती है। रविवार को अकबरपुर में बिजली की आंख-मिचौली पूरा दिन चलती रही। जिससे लोगों को दिक्कत उठानी पड़ी।

आंधी-बारिश से टूटकर सड़क पर गिरे पेड़ हटवाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

आंधी-बारिश से पेड़ व विद्युत पोल टूटे

संदलपुर। डेरापुर थाना क्षेत्र के कुढ़ावल व अगवासी रोड पर रविवार की दोपहर में अचानक आई आंधी व बारिश से कई पेड़ गिर गए। जिसकी चपेट में आकर विद्युत पोल समेत कई अन्य छोटे पेड़ भी गिर गए। बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े राहगीरों में भगदड़ मच गई। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। विद्युत पोल टूटने से कई गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

एक नजर

गोबर डालने को लेकर हुई मारपीट

रूरा। थाना क्षेत्र के बलेथा गांव निवासी रवि ने पुलिस को बताया कि वह घर के सामने स्थित तालाब के पास जानवरों का गोबर डालने गया था। तभी गांव के ही शिवबाबू, जयबाबू व अर्चना लाठी-डंडे लेकर आए और कूड़ा डालने से मना करने लगे। कारण पूछने पर उक्त लोग मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित और उसका भाई सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने कहा कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल करा कर जांच की जा रही है।

जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

रूरा। कस्बा रूरा के स्टेशन रोड के पास जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिससे दोनों तरफ के चार लोग घायल हो गए। रूरा स्टेशन वार्ड निवासी जितेंद्र सिंह आटो चालक हैं। उन्होंने बताया कि उनका भाई से जमीन का विवाद चल रहा है। इसी बात की खुन्नस लेकर जब वह स्टेशन रोड पर सवारी भर रहे थे। तभी केशव सिंह व कृष्णा सिंह ने हमला बोल दिया। जिससे उन्हें काफी चोटें आई हैं और आटो क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं दूसरे पक्ष के केशव सिंह ने बताया कि वह स्टेशन रोड से अपने घर जा रहे थे। तभी जितेंद्र सिंह ने उन पर आटो चढ़ाने की कोशिश की।

मसाला फैक्ट्री में आग लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- दमकल ने ग्रामीणों की मदद से बुझाई आग, पुलिस ने की जांच

अमृत विचार। बाढ़ापुर में मसाला कारखाने में देर रात संदिग्ध हालात में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक उपकरण, पैकिंग मैटेरियल व कच्चा माल समेत करीब आठ लाख रुपये का नुकसान हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

अकबरपुर नगर पंचायत के वार्ड दीनदयाल नगर बाढ़ापुर निवासी सतेंद्र कुमार के घर के सामने भारत फूड एग्रो इंडस्ट्रीज नाम से मसाला पैकिंग कारखाना है। रोज की तरह सतेंद्र शनिवार देर शाम कारखाना बंद कर घर चले गए। देर रात संदिग्ध हालात में कारखाने से आग की लपटें व धुआं निकलने लगा। जिस पर उन्हें जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सबमर्सिबल चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया और सूचना दमकल को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वहां लगे उपकरण व सामान जल गया। संचालक सतेंद्र ने बताया कि कारखाने में बिजली कनेक्शन भी नहीं है। किसी ने जलती बीड़ी या सिगरेट फेंकी है।

कारखाने में जलता सामान। अमृत विचार

मुखर्जी ने किया था कश्मीर के लिए संघर्ष

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। कस्बे के शिवधाम वाटिका में रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप मे मनाई गई। भाजपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उनके आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया।

राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश मिश्रा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने मां भारती की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश हित में उनके द्वारा अनेक कार्य किए गए। जिन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। हम सभी को उनके जीवन कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि स्वहित से बड़ा देश हित होता है। उन्होंने कहा कि कश्मीर समस्या को लेकर बड़े संघर्ष की शुरुआत मुखर्जी ने ही की थी। वह देश के सच्चे सपूत थे। वहीं संगठन के मंडल प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि उनमें देश की समस्याओं से जूझने की असीम इच्छा शक्ति थी, जिसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में खुद को समर्पित किया। डॉ. मुखर्जी कभी किसी पद के मोहताज नहीं रहे। बल्कि देश सेवा ही उनका परम लक्ष्य था। उन्होंने पूरी दृढ़ता के साथ कहा था कि भारत के तिरंगे का सम्मान होना चाहिए और एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे।

इस मौके पर देवेंद्र सिंह चंदेल, दिलीप सिंह, विनोद द्विवेदी, कपिल सिंह, बृजेश गुप्ता, फरहान खां, मंजीत मिश्रा, सोनू गुप्ता, अमित द्विवेदी, पवन शुक्ला, रामबली सिंह, मुख्तार खान, नागेंद्र दीक्षित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

राजपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाते दिनेश मिश्रा, मनोज पांडेय।

- बलिदान दिवस के रूप में भाजपाइयों ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

मुगल रोड पर दो ट्रकों से 53 गोवंश बरामद किए गए

मूसानगर। थाना क्षेत्र के अकबराबाद के पास मुगल रोड में चेकिंग के दौरान रविवार की भोर पुलिस ने दो ट्रकों से 53 गोवंश बरामद किए। पुलिस को देखकर मौके से चालक फरार हो गए। ट्रकों को कब्जे में लेकर पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

मूसानगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि रविवार की भोर मुगल रोड पर अकबराबाद के पास चेंकिग के दौरान भोगनीपुर की ओर से आ रहे दो ट्रकों के चालक परिचालक गाड़ी छोड़कर भाग गए। पास से जाकर देखा तो दोनों ट्रकों में 53 गोवंश लदे हुए थे। ट्रकों से उतारते ही 41 गोवंश जंगलों की तरफ भाग गए। शेष बचे 12 गोवंशों को पास की गौशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि दोनों ट्रकों के नंबरों के आधार पर गोवध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्जकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

सार-संक्षेप

डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। अमृत विचार

पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ. मुखर्जी को किया याद

कानपुर देहात। रविवार को बूथ संख्या 201 व 202 चिराना रनियां मंडल, बूथ संख्या 203 से 210 तक रनियां एवं पूरे मंडल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। रनिया मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, मंडल संयोजक प्रमेश मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, शीलू मिश्रा, रिशु पांडेय, हर्ष त्रिवेदी, शिवा, रामसागर, शिवसागर, राम लखन, शैलेश, नीतू पांडेय एवं सभी बूथ अध्यक्षों ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ. मुखर्जी के बलिदान पर लोगों ने अपनी भावनाएं व्यक्त की।

पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देते अभियोजन अधिकारी। अमृत विचार

अभियोजन अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

कानपुर देहात। भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 को एक जुलाई से लागू किया जाएगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बीट मुख्य आरक्षी, आरक्षी आदि पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। जिले में उपलब्ध पुलिस बल की संख्या के अनुरूप अलग-अलग बैच बनाकर चरणवार तिथि तय कर 30 जून तक संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय में कार्यरत ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी प्रशिक्षण देंगे। रविवार को ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अविनाश चंद्र चतुर्वेदी, संजय शुक्ला एवं सहायक अभियोजन अधिकारी मो. इमरान ने सभी थानों व अन्य शाखओं में कार्यरत कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।

प्रोजेक्ट नई किरण में सुनवाई करते पुलिसकर्मी व सदस्य। अमृत विचार

सुलह- समझौते से निपटे 3 मामले

कानपुर देहात। रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए 27 मामले आए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद तीन परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। जिसपर पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गई। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित, एसआई प्रतिभा बाजपेई, पुलिसकर्मी राममूर्ति, आरती, रामा देवी, शालू, जानकी देवी, काजोल, रागिनी, नई किरण सदस्य कंचन मिश्रा, रामप्रकाश व जियाउल हक मौजूद रहे।

किसान के घर से 7 बकरा-बकरी चोरी

मूसानगर। थाना क्षेत्र के गांव क्योंटरा बांगर के एक किसान के घर से सात बकरा-बकरी चोर पार कर ले गए। पुलिस ने छानबीन शुरू की है। रविवार को क्योंटरा बांगर के किसान बाबूलाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की देर शाम रोजमर्रा की तरह घर के आंगन में बने छप्पर के नीचे बकरा, बकरी सहित अन्य मवेशी खूंटे से बंधे थे। रविवार सुबह पांच बकरे व दो बकरियां गायब थीं।

बीमारी से परेशान वृद्ध ने लगाई फांसी

संवाददाता पुखरायां

- पुलिस ने मौके पर की छानबीन फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

अमृत विचार। बरौर की मड़ैया गांव निवासी एक वृद्ध ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

बरौर थाना क्षेत्र के बरौर की मड़ैया गांव निवासी नरेश ने बताया कि उसके पिता मोहनलाल (65) के शरीर के कुछ हिस्से में फालिस मार गई थी। जिसका उपचार चल रहा था। पिता इसी बात से आए दिन परेशान रहते थे। रविवार को उन्होंने गांव के बाहर लगे आम के पेड़ में चादर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से निकल रहे राहगीरों ने जानकारी मृतक के परिजनों को दी। इससे घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बरौर थाना के उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने जांच-पड़ताल करते हुए घटना की जानकारी फॉरेंसिक टीम को दी। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस का कहना है मामले की गहन जांच की जा रही है।

मोहनलाल।

बाइक फिसलने से महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल

मंगलपुर। जनपद इटावा के रहने वाले सुरेंद्र की पत्नी रेखा अपने करीबी के संग बाइक द्वारा रूरा क्षेत्र के भंवरपुर आई थी। रविवार को वापस बाइक से मंगलपुर-सिकंदरा मार्ग से इटावा जा रही थी। इसी दौरान बारिश होने लगी। जिससे मार्ग गीला हो गया और उनकी बाइक फिसल गई। जिससे रेखा गिर कर गंभीर घायल हो गई।

विद्यालयों में अब बच्चों को मिलेगी नई पहचान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- कक्षा एक से बारहवीं तक के स्कूलों का ब्योरा यू-डायस पोर्टल पर होगा ऑनलाइन

अमृत विचार। परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का अब एक पर्सनल एजुकेशन नंबर जारी किया जाएगा। इस पर्सनल एजुकेशन नंबर से बच्चे का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन रहेगा। इसके अलावा इस नंबर के आधार पर ही बच्चे को सरकारी सुविधा मिल सकेगी। यह नंबर विद्यालय के यू डायस कोड के माध्यम से मिलेगा।

अब अपने बच्चे का प्रवेश कराने से पहले स्कूल के यू डायस नंबर की जानकारी कर लें। उसके बाद ही किसी भी विद्यालय में प्रवेश कराएं। इसकी अनदेखी न करें। यदि ऐसा किया तो आपके बच्चे का भविष्य बर्बाद हो सकता है।

इसके पहले सभी बच्चों का रिकॉर्ड अभी तक रजिस्टरों में रखा जाता था, लेकिन अब कक्षा एक से बारहवीं तक के स्कूलों का ब्योरा यू-डायस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगा, जो बच्चा जिस स्कूल में दाखिला लेगा। उसी स्कूल से उसको पर्सनल एजूकेशन नंबर दिया जाएगा। उसी नंबर के आधार पर उसको दूसरे स्कूल में दाखिला मिलेगा। अन्यथा पर्सनल एजुकेशन नंबर नहीं मिलने पर बच्चे का दाखिला फर्जी माना जाएगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि यू डायस नंबर भारत सरकार द्वारा जिले में सरकारी स्कूल और मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों को दिया जाता है। अब दाखिला कराते समय बच्चों को विद्यालय द्वारा परमानेंट एनरॉलमेंट नंबर (पेन) दिया जाएगा। बच्चा अगर किसी दूसरे स्कूल में भी ट्रांसफर होता है तो इस पेन नंबर के जरिए बच्चे की पूरी डिटेल देश में कहीं भी शिफ्ट हो जाएगी।

इसका उद्देश्य यह है कि अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए उचित स्कूल का चयन करने में कठिनाई न हो। शासन की की ओर से इस पोर्टल को मुख्य रूप से स्कूलों के फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया है। इसके साथ ही इस नंबर के जरिए माता-पिता पोर्टल का उपयोग करके अपने बच्चों के डेटा को बहुत आसानी से ट्रैक कर सकेंगे।

स्वास्थ्य विभाग का हाल | चिकित्सकों के समय से न पहुंचने व उपचार न मिलने से मरीज होते परेशान

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में जांच के नहीं इंतजाम

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित होने वाला मुख्यमंत्री आरोग्य मेला केवल दिखावा बनता जा रहा है। यहां पर मरीजों को इलाज देने का दावा तो हो रहा है, लेकिन हकीकत तो यह है कि यहां न समय से चिकित्सक पहुंच रहे हैं और न ही चिकित्सा स्टाफ। ऐसे में यहां आने वाले रोगियों की संख्या भी कम होती जा रही है।

राजपुर क्षेत्र की सलेमपुर सीएचसी में रविवार को आरोग्य मेले में दस मरीज पहुंचे। डेंटल हाइजिनिस्ट केके भार्गव ने मरीजों को परामर्श और दवाइयां दीं। सीएचसी में एक भी मरीज की किसी प्रकार की जांच की गई। डेंटल हाइजिनिस्ट ने बताया कि खुजली, बुखार व शरीर में दर्द संबधी दस मरीज आए थे। इधर राजपुर पीएचसी में दोपहर दो बजे तक 25 मरीज पहुंचे। राजपुर के राजाराम को कई दिनों से बुखार और शरीर में खुजली की समस्या पर डाक्टरों ने दवाइयां दी। इसके अलावा खोजारामपुर की रंजना (17) त्वचा रोग संबधी इलाज किया गया। करीमनगर के राकेश के पैरों में सूजन और शरीर में खुजली की समस्या पर दवा दी गई। 25 मरीजों में सर्वाधिक 15 मरीज त्वचा रोग के आए।

डाक्टर शिवकुमार ने बताया कि मेले में आए सभी मरीजों को दवा व परामर्श दिया गया है। इस दौरान तीन मरीजों की मलेरिया, दो गर्भवतियों की खून की जांच व तीन मरीजों की शुगर की जांच की गई। पीएचसी में आंख की ड्राप न होने से कई मरीजों को नहीं मिल सकी। इस दौरान डाक्टर शिवकुमार, फार्मासिस्ट भोलेंद्र सिंह, एलटी अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

राजपुर पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक।

एक नजर

सेनानी सेवा सदन में पानी की भीषण किल्लत

कानपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी समिति संगठन ने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सेवा सदन में पानी की किल्लत दूर कराने की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय मंहामंत्री दिलीप सिंह बागी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मो. रियाज ने बताया कि सदन में लगा हैंडपंप काफी समय से खराब पड़ा है। उन्होंने जिलाधिकारी से हैंडपंप ठीक कराने की मांग की है।

जम्मू हमले में घायल दिनेश को हैलट में कराया भर्ती

कानपुर। भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में भाजपाइयों ने 9 जून को जम्मू में हुई आतंकवादी घटना में घायल कानपुर के जवाहर नगर टूटी रेलवे लाइन निवासी दिनेश गुप्ता को रविवार को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। अनूप अवस्थी, अंकित बाजपेई, अनुराग शर्मा, आनंद मिश्रा, वात्सेय त्रिपाठी ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से बात कर दिनेश का समुचित इलाज कराने की व्यवस्था की।

27 से काउंसिलिंग, 18 जुलाई को सीएसए आएंगे छात्र

यूपी कैटेट 2024

- पहले ऑनलाइन फिर अंतिम चरण में ऑफलाइन होगी काउंसिलिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। यूपी कैटेट 2024 का परिणाम घोषित होने के बाद अब काउंसिलिंग कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया है। यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया 27 जून से शुरू होगी और 18 जुलाई से सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में यूपी कैटेट के सफल अभ्यर्थी दस्तक देंगे। प्रदेश के कृषि महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के तत्वावधान में शुरू होने जा रही है। काउंसिलिंग शेड्यूल यूजी, पीजी एवं पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। कृषि महाविद्यालयों में उम्मीदवारों को मेरिट, कटऑफ स्कोर और सीट उपलब्धता के आधार पर पाठ्यक्रमों प्रवेश दिया जाता है। पहले ऑनलाइन काउंसिलिंग होगी फिर ऑफलाइन काउंसिलिंग कराई जाएगी। काउंसिलिंग में पंजीकरण, विकल्प भरना, विकल्प लॉक करना, दस्तावेज़ सत्यापन और अपलोड करना आदि शामिल हैं।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. पीके उपाध्याय ने बताया कि यूपी कैटेट 2024 काउंसिलिंग पंजीकरण प्रक्रिया 27 जून से शुरू होगी। सफल अभ्यर्थी 3 जुलाई तक पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण होते ही विकल्प भरने की प्रक्रिया शुरू होगी। विकल्प भरने की अंतिम तिथि 04 जुलाई है। ऑनलाइन काउंसिलिंग कार्यक्रम घोषित हो चुका है। ऑफ लाइन काउंसिलिंग की तिथि बाद में घोषित होगी। उम्मीदवारों के लिए खुद को पंजीकृत करके, काउंसलिंग शुल्क का भुगतान करके, अपने दस्तावेज़ अपलोड करके, अपनी सीट लॉक करके और काउंसलिंग सत्र में सीट की पुष्टि करके काउंसलिंग सत्र पूरा करना आवश्यक है। प्रवेश प्रक्रिया को पूरा करने और आवेदन किए गए कार्यक्रम में सीट सुरक्षित करने के लिए उम्मीदवार को प्रवेश शुल्क का भुगतान करना होगा।

पीजी कोर्स की काउंसिलिंग 15 जुलाई से पीएचडी की काउंसिलिंग 8 अगस्त से

- पीजी पाठ्यक्रम में प्रथम चरण की काउंसिलिंग 15 जुलाई से शुरू होगी, सीट आवंटन का परिणाम 24 जुलाई को आएगा। दूसरे चरण की काउंसिलिंग 4 अगस्त से शुरू होगी, सीट आवंटन का परिणाम 13 अगस्त को आएगा। पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रथम चरण की काउंसिलिंग 8 से 12 अगस्त तक होगी, सीट आवंटन का परिणाम 18 अगस्त को आएगा।

यूजी कोर्स में 4 जुलाई तक लॉक करें सीट, परिणाम 13 जुलाई को

यूजी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं शुल्क भुगतान 27 जून से 3 जुलाई तक होगा। विकल्प भरना और सीट लॉक करने की प्रक्रिया 27 जून से 4 जुलाई तक चलेगी। सीट आंवटन परिणाम 13 जुलाई को घोषित होगा। सीट आंवटन होने के पश्चात 13 से 16 जुलाई तक अभ्यर्थियों को दस्तावेज अपलोड करना होगा। अधिकारियों द्वारा दस्तावेज सत्यापन 13 से 17 जुलाई के बीच किया जाएगा। ऑनलाइन शुल्क का भुगतान 13 से 20 जुलाई, अंनतिम आवंटन पत्र डाउनलोड 14 से 21 जुलाई के बीच किया जा सकता है। कृषि विश्वविद्यालयों में रिपोर्टिंग और प्रवेश प्रक्रिया 18 से 23 जुलाई तक होगी। दूसरे चरण की काउंसिलिंग 25 जुलाई से शुरू होगी, सीट आवंटन का परिणाम 4 अगस्त को आएगा।

सार-संक्षेप

बाइक फिसलने से युवक गंभीर घायल

पुखरायां। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के रूरगांव के समीप बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सट्टी क्षेत्र के ट्यूंगा गांव निवासी विकास बाइक से पुखरायां आ रहा था। कोतवाली क्षेत्र के रूरगांव के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। क्षेत्रीय लोग उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां ले गए।

संदिग्ध हालात में महिला ने खाया जहर, गंभीर

पुखरायां। अमरौधा कस्बा निवासी एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरौधा कस्बा निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी शिल्पी (35) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है। जहर खाने का कारण पति नहीं बता सका।

अधेड़ की अचानक हालत बिगड़ी, मौत

पुखरायां। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के कैलई गांव निवासी एक अधेड़ की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजनों के द्वारा उपचार के लिये देवीपुर पीएचसी ले जाया गया जहां रास्ते मे उसकी मौत हो गई। कैलई गांव निवासी छोटू ने बताया कि उसके चाचा रामकुमार (55) की अचानक तबियत बिगड़ गई। उसके व अन्य परिजनों के द्वारा उसे उपचार के लिये पीएचसी देवीपुर ले जाया जा रहा था तभी रास्ते मे उसकी मौत हो गई। बरौर थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नही है। तहरीर मिलने के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

आधी रात को चोर घुसे घर में, कुछ न मिलने पर भागे

मंगलपुर। लोहियानर में बीती रात चोरों ने एक घर पर धावा बोला। अलमारी आदि में कुछ न मिलने पर चोर वापस चले गए। सुबह पुलिस को इस मामले की जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की। थाना मंगलपुर क्षेत्र के झींझक वार्ड नम्बर दो लोहिया नगर निवासी अनुराग शुक्ला का मकान है। बीती रात्रि अज्ञात चोर उनके मकान के पीछे बल्ली लगाकर छत पर चढ़कर अन्दर घुसे। अलमारी आदि खोलने पर उसमे कुछ नही मिला तो दूसरी मंजिल पर लगे रोशनदान में धोती बांधकर नीचे उतरकर भाग गये। सुबह जब घरवालों ने कमरे खुले देखे तो होश उड़ गये, लेकिन कोई नुकसान न होने पर शान्ति मिली। सूचना झींझक चौकी इंचार्ज अनुज अवस्थी को दी।

वृद्ध किसान से कुकर्म करने का आरोप

रसूलाबाद। परसौरा गांव निवासी एक वृद्ध किसान के साथ खेत में अधेड़ ने कुकर्म कर दिया, मामले की जानकारी होने पर वृद्ध के पौत्र ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

परसौरा गांव निवासी एक युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसके करीब 75 वर्षीय बाबा खेत में फसल देखने गए थे। इसी दौरान परसौरा गांव निवासी रविंद्र कुमार उर्फ पिंकू ने उनके साथ अप्राकृतिक रूप से जबरन कुकर्म किया। घटना की जानकारी होने पर युवक ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच हो रही है।

मानसिक तनाव से परेशान अधेड़ ने चुनी मौत

शिवली। केशरी नेवादा गांव के रहने वाले एक अधेड़ ने रविवार की सुबह गाजा नेवादा गांव के पास नहर पटरी के किनारे खड़े एक बबूल के पेड़ पर फंदा लगा कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की है। शिवली कोतवाली क्षेत्र के केशरी नेवादा गांव निवासी राकेश कुमार (45) काफी दिनों से मानसिक तनाव में रहते थे। रविवार को भोर पहर वह घर से खेत जाने की बात कह कर निकले थे। इसके बाद उन्होंने गांव के कुछ दूरी पर गजा नेवादा गांव के पास नहर पटरी के किनारे पंकज तिवारी के खेत में खड़े बबूल के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। खेत पर गए लोगों ने शव लटकता देख इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे दरोगा गुरेंद्र सिंह ने प्राथमिक छानबीन की। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृष्टया मानसिक तनाव में जान देने की बात सामने आई है। घटना की छानबीन की जा रही है।

लीकेज से गैस सिलिंडर में लगी आग, हजारों का नुकसान

संदलपुर। असलनापुर में खाना बनाते समय अचानक गैस सिलिंडर में आग लग गई। जिससे फ्रिज, बेड समेत करीब 60 हजार रुपये का नुकसान हो गया। मौके पर पहुंचे नुकसान का आकलन किया है। संदलपुर क्षेत्र के असलनापुर गांव निवासी अनुज ने बताया कि उसकी पत्नी उमावती रविवार को रसोई गैस पर खाना बना रही थी। तभी अचानक गैस सिलिंडर लीकेज होने के कारण आग लग गई। जिससे घर में चीख-पुकार मच गई। जानकारी पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा फ्रिज, बेड, बर्तन समेत करीब 60 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल राहुल कटियार ने क्षति का आंकलन किया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट एसडीएम को भेजी जा रही है।

सेंट्रल से 'प्यासी' गुजर रहीं ट्रेनें यात्रियों के भी सूख रहे हलक

सेंट्रल स्टेशन पर 60 लाख की जगह एक करोड़ लीटर पहुंच गई पानी की खपत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सेंट्रल स्टेशन पर पानी की खपत 60 लाख लीटर से बढ़कर एक करोड़ लीटर पहुंच गई है। लेकिन संसाधन पहले जितने ही हैं। इससे भीषण गर्मी में पानी को तरसना पड़ रहा है। अधिकतर ट्रेनें प्यासी गुजर रही हैं तो यात्रियों के भी हलक सूख रहे हैं। एक साथ दो-तीन ट्रेनें आने पर नलों की टोटियों पर प्यास बुझाने के लिए यात्रियों की मारामारी कभी भी देखी जा सकती है। प्लेटफार्मों पर लगे 18 वाटर कूलर, 461 टोटियों के साथ 250 ट्रेनों और उनके 2700 कोचों को भी सेंट्रल स्टेशन पर पानी दिया जाता है। लेकिन इसके लिए पांच टंकियां नाकाफी साबित हो रही हैं। अक्सर ट्रेनें बगैर पानी दिए आगे के स्टेशनों को रवाना कर दी जाती हैं।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार पिछली गर्मी में पानी का लोड सिर्फ 60 लाख लीटर प्रतिदिन था। यह जरूरत आसानी से पूरी हो जाती थी। अब पानी की खपत बढ़कर एक करोड़ लीटर प्रतिदिन पहुंच गई है। पहले कुछ निर्धारित ट्रेनें थीं, जिन्हें पानी देना पड़ता था। अब हर रूट की ट्रेन जब सेंट्रल पहुंचती है तो पानी की डिमांड होती है। मौजूदा समय में एसएसएलएस ग्रुप के पास ट्रेनों में पानी देने का जिम्मा है। कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि ट्रेनों को डिमांड के हिसाब से पानी दिया जा रहा है। जब नहीं होता है तो ट्रेन बगैर पानी के चली जाती है। पानी की खपत बढ़ी है। इस समय 37-40 ट्रेनों की रोज सफाई होती है, 250 ट्रेनों को पानी दिया जाता है।

कोच के हिसाब से देखें तो प्रतिदिन 27 से 28 सौ कोचों में पानी दिया जा रहा है। कई बार सभी ट्रेनों को पर्याप्त पानी नहीं दे पाते हैं। पांच टंकियों से जो पानी आता है, उसी से प्लेटफार्मों को भी आपूर्ति है। कार्यालय और आवासीय कालोनी को भी पानी जाता है। यही कारण है कभी ट्रेनों को पूरा पानी तो कभी आधा ही दिया जाता है। पानी न होने पर अक्सर ट्रेन बगैर पानी के चली जाती हैं।

सेंट्रल पर लगा टंकियों का मीटर। अमृत विचार

छठी टंकी तैयार, कनेक्शन का इंतजार

सेंट्रल स्टेशन पर अभी तक पांच टंकियों से पानी की आपूर्ति होती है। अब छठी टंकी तैयार है, उसके लिए नई लाइन डाली जानी है। जिस पर काम चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार नई लाइन पड़ने पर पानी की दिक्कत पूरी तरह खत्म हो जाएगी। जरूरत के अनुसार पानी की आपूर्ति होने लगेगी।

> सेंट्रल पर पानी की मांग बढ़ी है। गर्मी के कारण पानी की जरूरत बढ़ना स्वाभाविक है। इसे देखते हुए एक टंकी से और कनेक्शन कराया जा रहा है। जिस पर काम चालू है। एक करोड़ लीटर की मांग तो नहीं है, मगर ट्रेनों की संख्या बढ़ने पर पानी की खपत ज्यादा हो रही है।
>
> **-संतोष त्रिपाठी, एसीएम, कानपुर सेंट्रल स्टेशन।**

किस टंकी से कितने लीटर पानी

4,54,000
ओल्ड जीआरपी टैंक

13,00000
हॉस्पिटल टैंक

2,27,000
ईस्ट केविन टैंक

2,27,000
आरसीसी टैंक

13,00000
न्यू सीपीसी टैंक

- 250 ट्रेनों और 2700 कोचों को बमुश्किल मिल पाता पानी
- स्टेशन की 5 टंकियों से पूरी नहीं पड़ रही पानी की जरूरत

सुबह-शाम 5 से 9 बजे तक ज्यादा खपत

रेलवे अधिकारियों के अनुसार सुबह और शाम को 5 से 9 बजे तक ट्रेनों में सबसे ज्यादा पानी की खपत होती है। इस समय यात्री नित्यक्रिया में पानी ज्यादा इस्तेमाल करते हैं और इसी बीच ट्रेनों में पानी भरा जाता है। दिन में सुबह और शाम की तुलना में खपत कम है।

निर्माणाधीन मकान में करंट से दो युवक झुलसे, एक की मौत

पुखरायां। पुखरायां कस्बा के मंडी समिति में निर्माणाधीन मकान में चल रहे कार्य के दौरान दो युवक करंट की चपेट में आ गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि दूसरे को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा के मंडी समिति निवासी ईश्वरचंद्र का मकान मंडी में बन रहा है। रविवार को मकान में कार्य चल रहा था। ईश्वरचंद्र का पुत्र सुमेर सिंह (22) व मंडी निवासी युवराज सचान कार्य देख रहे थे। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने सुमेर सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं दूसरे झुलसे युवक युवराज को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। भोगनीपुर कोतवाल अंजन कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है। जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

इंजन में गमछा फंस जाने से किसान की हुई मौत

संवाददाता पुखरायां

- मकान की अल्टरनेट इंजन से तराई करते समय हादसा

अमृत विचार। अंगदपुर गांव में एक किसान का अल्टरनेट इंजन में गमछा फंस जाने के कारण गला कस गया। जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने जांच-पड़ताल की है।

बरौर थाना क्षेत्र के अंगदपुर गांव निवासी रामजी उर्फ विनय कुमार शुक्ला ने बताया कि उनका मकान बरौर रोड पर बन रहा है। मकान की तराई करने के लिये अल्टरनेट इंजन चलाकर सबमर्सिबल से तराई की जा रही थी। उसके पिता सिद्धार्थनाथ (70) वहां आकर काम देख रहे थे। इसी दौरान उनकी तंबाकू रखने वाली डिबिया गिर गई। जिसे वह उठाने लगे। तभी उनका गमछा इंजन की बेल्ट में फंस गया। जिससे उनका गला कस गया और मौके पर ही मौत हो गई। बरौर थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की।

सिद्धार्थ नाथ।

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

रूरा। थाना क्षेत्र के शिवली-रूरा मार्ग पर स्थित गुटैहा गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने छानबीन की है।

रूरा थाना क्षेत्र के बुझवा गांव के रहने वाले सुरेंद्र पाल (40) रविवार को बच्चों के साथ साइकिल से रूरा से अपने गांव बुझवा जा रहे थे। गुटैहा गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक के बड़े भाई अमर सिंह ने बताया कि मृतक की दो छोटी बेटियां आरुषी व नित्या हैं। अब उनका पालन पोषण कैसे होगा।

नाला निर्माण में घटिया सामग्री, हंगामा

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। नगर पंचायत द्वारा सड़क के दोनों ओर नाला निर्माण कार्य हो रहा है। मुखर्जी नगर में सड़क किनारे नाले में स्लैब डाला जा रहा है। तभी कुछ लोगों ने निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप लगाकर हंगामा करते हुए ईओ को सूचना दी। ईओ ने ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्ण नाला निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

राजपुर नगर पंचायत द्वारा बारिश में जलभराव से निजात के लिए मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत करीब 39 लाख रुपये से मुगल सड़क किनारे बैलाही बाजार रोड से सिलहरा मार्ग तक 340 मीटर नाला निर्माण हो रहा है। शनिवार को नाले में स्लैब डालने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान नगर के लोग इकठ्ठा हो गए। उन्होंने नाला निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने पर हंगामा शुरू कर दिया। मोहल्ले के विनोद कुमार, सुरेश, रामप्रकश, विष्णु, महेश, दिवाकर ने बताया कि कार्यदाई संस्था द्वारा नाला निर्माण में मिटटीयुक्त मौरंग के अलावा सीमेंट बेहद कम उपयोग की जा रही है। लोगों के विरोध करने की सूचना पर ईओ नीति त्रिपाठी ने निर्माण कार्य बंद करा दिया। बताया कि गुणवत्ता विहीन मैटेरियल के इस्तेमाल पर ठेकेदार को चेतावनी दी गई है।

राजपुर में नाला निर्माण में मिटटी युक्त मौरंग लगाने पर हंगामा करते लोग।

परिषदीय स्कूलों में 25 जून से पहुंचेंगे शिक्षक, होगी सफाई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 28 जून से बच्चों की स्कूलों में फिर से शुरू होगी धमाचौकड़ी

अमृत विचार। परिषदीय स्कूल 25 जून से खुल जाएंगे। हालांकि बच्चों को 28 जून से विद्यालय जाना है। बीएसए ने पहले दिन विद्यालयों में बच्चों का तिलक करते हुए स्वागत कराए जाने का निर्देश जारी किए है।

ग्रीष्मावकाश समाप्त होने पर एक बार फिर परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की धमाचौकड़ी शुरू हो जाएगी। गर्मियों की छुट्टियों के बाद जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में 28 जून से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। वहीं 28 से 29 जून तक परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुझावात्मक गतिविधियां होंगी। 25 जून से अध्यापकों को विद्यालय आना अनिवार्य होगा। शिक्षकों द्वारा 25 से 27 जून तक सफाई कराते हुए विद्यालय को सुंदर बनाना होगा।

कसेगा शिकंजा | शिक्षा विभाग की ओर से अब तक भेजी जा चुकीं चार नोटिस, अब जांच

फीस वापसी की 88 स्कूलों ने नहीं दी सूचना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोरोना काल का शुल्क वापस करने या समायोजित करने का है मामला

अमृत विचार। शहर के निजी स्कूलों की ओर से कोरोना काल की फीस वापसी पर मनमानी का खुलासा हुआ है। 88 स्कूलों ने अब तक फीस वापसी की कोई सूचना शिक्षा विभाग को नहीं दी है। अब शिक्षा विभाग इन स्कूलों पर शिकंजा कस रहा है। इन स्कूलों की जांच कर फीस वापस करने या समायोजित किए जाने को लेकर नकेल कसी जाएगी।

कोरोनाकाल में निजी स्कूलों को अभिभावकों को फीस वापस करने या समायोजन का आदेश दिया गया था। कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश का पालन शिक्षा विभाग को कराना था। अप्रैल माह से शिक्षा विभाग निजी स्कूलों को फीस वापसी की सूचना दिए जाने के लिए नोटिस भेज रहा था। विभाग की ओर से अब तक चार नोटिस निजी स्कलों को भेजी जा चुकी हैं। इसके बाद भी शहर के 88 ऐसे स्कूल सामने आए हैं जिन्होंने शिक्षा विभाग के नोटिस की नाफरमानी की है। इन स्कूलों ने शिक्षा विभाग से अब तक इस मुद्दे पर कोई सूचना नहीं दी है। शिक्षा विभाग की ओर से इन स्कूलों की सूची बनाकर अब उनके खिलाफ अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत विभाग की ओर से गठित कमेटी इन स्कूलों में जाकर फीस वापसी या समायोजन की जांच करेगी। इस कमेटी में एक प्रशासनिक अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी व जीआईसी के प्रधानाचार्यों को शामिल किया गया है। पूरे मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि विभाग को फीस वापसी की सूचना न देने वाले निजी स्कूलों को चयनित कर लिया गया है। इन स्कूलों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

नामचीन स्कूल भी नहीं दे रहे सूचना

शहर के कई नामचीन स्कूलों ने भी अब तक विभाग को फीस वापसी या समायोजन की सूचना नहीं दी है। इन स्कूलों में फातिमा कॉन्वेंट, वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर सिविल लाइंस, वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर कैंट, सेंट एलाइसेस स्कूल कैंट, मदर टेरेसा हायर सेकेंड्री स्कूल, यूपी किराना सेवा समिति, जेडी एजुकेशन सेंटर, द चिंटल्स स्कूल, मैरी जीजस स्कूल बर्रा, कानपुर पब्लिक स्कूल चकेरी, सुघर सिंह एकेडमी व जेडी एजुकेशन सेंटर के नाम शामिल हैं।

दो कमेटियां करेंगी प्रकरण की जांच

फीस वापसी व समायोजन न करने वाले निजी स्कूलों की दो कमेटियां जांच करेंगी। पहली कमेटी की ओर से स्कूल जाकर इस प्रकरण के अभिलेखों को परखा जाएगा। इसके बाद इस कमेटी की रिपोर्ट मुख्य कमेटी के सामने प्रस्तुत की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की मुख्य कमेटी अंतिम रूप से अभिलेखों की जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी।

लखनऊ में बैठक के बाद रफ्तार पकड़ेगा मुशावरत का अभियान

- मजलिस-ए-मुशावरत ने मुस्लिम क्षेत्रों में घूम कर लोगों की सबसे बड़ी समस्या जानने की कोशिश शुरू की

कानपुर। आल इंडिया मुस्लिम मजलिस-ए-मुशावरत ने मुस्लिम क्षेत्रों में भ्रमण करके लोगों की सबसे बड़ी समस्या क्या है, यह जानने की कोशिश शुरू कर दी है। 25 जून को लखनऊ में मुशावरत की बैठक के बाद लोगों को एक प्लेटफार्म पर लाने का अभियान तेज होगा।

रविवार को मुशावरत के प्रमुख एवं फैज-ए-आम इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि रविवार को चमनगंज, बेकनगंज, नाला रोड, अजमेरी चौराहा, मोहम्मद अली पार्क, हलीम कालेज चौराहा, फहीमाबाद समेत विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से संपर्क किया और उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने लोगों को समझाया कि मसलकों में बंटने के बजाए एक प्लेटफार्म पर आओ ताकि आपकी ताकत बढ़े। बताया कि लखनऊ की मीटिंग में 25 जून को एजेंडा तय हो जाएगा, उसके बाद मुशावरत का अभियान तेज होगा। उन्होंने कहा कि आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड समेत कई ऐसे मुस्लिम संगठन के प्रमुख हैं जिन्हें 25 जून को लखनऊ में प्रस्तावित मीटिंग में दावत दी गई है। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों की समस्याओं को गंभीरता से कोई हल नहीं करा रहा है, ऐसे में मुशावरत इस कार्य को करेगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 2364795 वर्ष 2018 है और इंटरमीडिएट का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 2235006 वर्ष 2020 है। जिसकी मूल प्रति वास्तव में कही खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। तृषा सिंह पुत्री सुरेश सिंह निवासी ग्राम चिरैया भिटौरा,तहसील व थाना मनकापुर जनपद गोण्डा –271302

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अंजली कश्यप पत्नी रमेश निवासी मकान नं– 470 सिविल लाइन पुरवा हरदोई जनपद हरदोई की निवासी हूँ मेरी जीवन बीमा पालिसी नं0 224434957 व 224434958 पर सुमन पत्नी रमेश दर्ज है तथा आधार कार्ड पर अंजली कश्यप दर्ज है मै हमेशा से अंजली कश्यप व सुमन दोनों नामों से जानी व पहचानी जा रही हूँ मुझे अंजली कश्यप के नाम से जाना व पहचाना जाए ⊢ अंजली कश्यप पत्नी रमेश निवासी मकान नं– 470 सिविल लाइन पुरवा हरदोई जनपद हरदोई।

आवश्यकता है
अमृत विचार को
- एचआर /एडमिन
- मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की

अनुभवः– किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

55 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 55 वाहनों का चालान एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 14 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

बाइकों की टक्कर में दो घायल

बिन्दकी। जाफरगंज थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी अच्छेलाल का पुत्र आनंद और उसी बाइक में सवार धर्मेंद्र का पुत्र अनुराग सिंह बिन्दकी आ रहे थे। तभी बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के मंडराव नहर पुल के सामने से रही दूसरी बाइक सवार की आमने सामने की जोरदार की टक्कर हो गयी। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

युवती को सर्प ने डसा

बिन्दकी। कोतवाली क्षेत्र के डीघ गांव निवासी राजेश रैदास की पुत्री रंजना देवी भोर पहर खेतों में काम करने जा रही थी तभी रास्ते में उसे एक सर्प ने डस लिया। परिजनों उसे सीएचसी ले गए, जहां उपचार किया गया।

उमड़ते-घुमड़ते रहे बादल, नहीं हुई बारिश

उमस भरी गर्मी ने लोगों को किया बेहाल, दोपहर बाद निकली तेज धूप ने भी बढ़ाई परेशानी

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी का दौर जारी है। रविवार को बादल उमड़ते-घुमड़ते रहे, जिससे लोगों को बारिश होने की उम्मीद रही। लेकिन बारिश की एक बूंद भी जमीन पर नहीं गिरी, जिससे लोग निराश हुए। वहीं दोपहर बाद चिलचिलाती धूप और उमस ने लोगों की कड़ी परीक्षा ली।

गर्मी से दिन और रात दोनों परेशानी में बीत रहे हैं। रविवार को मौसम के लिहाज से कुछ आरामदायक रहा। सुबह जब लोग उठे तो आसमान में कुछ बादल नजर आए। सुबह से दोपहर का वक्त आते-आते आसमान में बादलों का झमघट लग गया। हवाओं ने भी तेजी पकड़ी। लोगों को अहसास हुआ कि बारिश हो जाएगी पर दोपहर तक छाए बादल दोपहर बाद में अचानक से गायब हो गए, जिससे उमस का दंश झेल रहे लोगों को बारिश न होने से निराशा हाथ लगी। पूरे जून के महीने तेज धूप और लू के थपेड़े सहने वाले लोगों को बेसब्री से बारिश का इन्तजार है, मौसम अच्छा हो सके। मौसम विभाग की माने तो 24 जून को बारिश की उम्मीद हैं।

बोतल में पानी भरने के लिए इंतजार करते बच्चे। अमृत विचार

तापमान में आई गिरावट

तापमान में फिर आई गिरावट रविवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को अधिकतम तापमान 38 व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। न्यूनतम तापमान में गिरावट न आने से लोग रात के वक्त उमस से परेशान हैं।

सुबह बाजार में दिखी रौनक

रविवार को आसमान में सुबह छाए बादलों की वजह से गर्मी की कम रही। बाजारों में भी रौनक दिखाई पड़ती रही। दिन भर सन्नाटे में बैठे रहने वाले दुकानदार भी ग्राहकों की आमद के बाद कुछ राहत पातें नजर आए। इस वर्ष माह जून में पड़ी रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने हर किसी के पसीने छुड़ा दिए। सीएचसी और प्राइवेट अस्पतालों में पेट की समस्याओं से जुड़े मरीजों की तादाद बहुत बढ़-चढ़कर सामने आई। अब गर्मी से तंग आ चुके लोग बारिश का बहुत बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उधर बाजार में आम ने दस्तक दे दी है। बागबान अपनी फसलों को तोड़कर बाजार पहुंचाने लगे हैं।

जून में गर्मी ने किया खूब परेशान

जून के महीने में इस साल गर्मी में खूब परेशान किया आमतौर पर जून के दूसरे हफ्ते से बरसात होने लगती थी लेकिन इस बार जून के 23 दिन बीत जाने के बाद भी बारिश का आता पता नहीं है। इस बीच गर्मी ने खूब परेशान किया है इस बार जून के महीने में ज्यादातर दिनों में तापमान 45 और 46 डिग्री रहा। इससे पहले 26 मई से नौतपा शुरू होने के चलते तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई थी और करीब एक महीने तक गर्मी ने खूब झुलसाया है।

बिजली भी ले रही परीक्षा

भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली ने भी लोगों के धैर्य की खूब परीक्षा ली और खूब परेशान भी किया। भीषण गर्मी और ओवरलोडिंग के चलते बार-बार फाल्ट होते रही जिससे बत्ती गुल होती रही। ऐसे में लोग गर्मी में दोपहर में और रात में परेशान होते रहे। हालांकि बिजली विभाग के कर्मचारी भी 45 और 46 डिग्री के तापमान में मरम्मत के कार्य में जुटे रहे। अब ऐसा लग रहा है कि भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

सार-संक्षेप

रक्तदान के बाद प्रमाण पत्र प्राप्त करते निशांत शुक्ला। अमृत विचार

जन्मदिन पर पुलिस जवान ने किया रक्तदान

फतेहपुर। जन्मदिन के अवसर में निशांत शुक्ला जो कि उत्तर प्रदेश पुलिस प्रयागराज में कार्यरत और सर्व फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्य है। उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर देर शाम ड्यूटी कर लौटे निशांत शुक्ला ने रक्तदान करने की इच्छा जाहिर की और तुरंत श्याम रक्तकेन्द्र में पहुंचकर अपना 12वां स्वेच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान करते समय युवाओ को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती। अगर हमें या किसी आस-पास के लोगों को रक्त की अवश्यकता पड़ती है तो हम सब को रक्तदान के लिए तैयार रहना चहिये और आगे आके मदद करनी चहिये। मदद के लिए शुरुआत हमें ही करनी पड़ेगी। इस मौके पर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह व रक्तकेन्द्र से प्रवीण प्रसून श्रीवास्तव मौजूद रहे।

4 लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

औंग। थाना क्षेत्र के अभयपुर के मजरे जाड़े का पुरवा निवासी बैजनाथ पुत्र सौनी ने परिवार के दिनेश व भोला पुत्र सौनी ओर नन्दू व परमानन्द पुत्रगण भोला के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उपरोक्त लोगों ने शिकायत कर्ता तथा उसकी पत्नी लक्ष्मी व लड़की मालती के साथ अकारण गाली गलौज तथा मारपीट की है।

बालिकाओं को किया जागरूक

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया है।

नहर की पटरी से हुआ मिट्टी का अवैध खनन

- रात को पुलिस करती रही गश्त नहीं लगी भनक
- लोगों ने सभी पर मिलीभगत का लगाया आरोप

संवाददाता औंग

अमृत विचार। लेखपाल, सींचपाल और गश्त करती पुलिस शनिवार की रात सोती रह गई और सरकारी जमीन से माफियाओं ने शनिवार की रात खनन कर लिया। सुबह हुई जानकारी पर लोगों ने सभी की मिलीभगत का आरोप लगाया है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के रेवाड़ी स्थित रामगंगा नहर की दाईं पटरी से शनिवार रात भारी मात्रा में अवैध रूप से मिट्टी का खनन हो गया और जिम्मेदार लोग सोते रह गए। लोगों ने कल्यानपुर पुलिस बीट पर फिर सवाल उठाए हैं कि रात में नाक के नीचे से माफिया गैंग नहर विभाग की मिट्टी को खनन करके ले गया और मुरादीपुर चौराहे पर बीट के सिपाही गश्त करते रहे। ग्रामीणों ने बताया है कि रात भर जेसीबी और ट्रैक्टर चलते रहे और जिम्मेदार बेखबर रहे। अब नहर विभाग के अधिकारी भी जान बूझकर अनजान बने हुए हैं। सूत्रों की मानें तो यह अवैध खनन किसी साधारण व्यक्ति का खेल नहीं है।

चूंकि राजकीय विभाग (नहर) की पटरी से मिट्टी का खनन हुआ है और सरकारी भूमि की सुरक्षा का प्रथम दायित्व राजस्व विभाग का है। जिसके लिए सरकार ने प्रत्येक गांव में लेखपाल तैनात किए हैं, लेकिन लेखपाल, नहर विभाग के सींचपाल और रात में गश्त कर रही पुलिस की संदिग्ध भूमिका से अपने आप लोगों की समझ में आ गया है कि यह खनन माफिया बहुत ही पावरफुल है।

रामगंगा नहर की पटरी से किया गया खनन। अमृत विचार

डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा सवार महिला समेत दो घायल

- राधानगर थाना क्षेत्र के बड़नपुर के पास हुआ हादसा

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। ई-रिक्शा में तेज रफ्तार डंपर चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा पलट गया। इसमें चालक और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए एम्बुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

राधा नगर थाना क्षेत्र के बड़नपुर पुलिस चौकी के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास एक डंपर चालक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दिया। जिससे ई-रिक्शा पर सवार महिला और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मलवां थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी स्वर्गीय सजन की पत्नी देवराती ई-रिक्शा से रामस्वरूप द्विवेदी के घर से शहर आ रही थी। उनका ई रिक्शा राधा नगर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी के पास पेट्रोल पंप के पास पहुंचा। तभी पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर से ई रिक्शा चालक उत्तम द्विवेदी और देवराती दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी। समय रहते मौके पर पहुंचे 108 एम्बुलेंस कर्मचारी शेखर द्विवेदी ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के साथ जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया है।

चाकूबाजी में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

किशनपुर। थाना क्षेत्र के रारी गांव में 25 मई को चुनावी चर्चा के दौरान विवाद हो गया था। गांव में हुए दो पक्षों के विवाद में तीन लोग घायल हो गए थे। इसमें शनिवार की रात को हमले में गम्भीर रूप से घायल अमरजीत ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी गांव में 25 मई को एक कार्यक्रम के दौरान दो पक्षो में चुनावी चर्चा को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया था कि उपद्रवियों ने लाठी और चाकूबाजी से हमले करना शुरू कर दिया। जिसमें अमरजीत गौतम और शुभम तिवारी गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें अमरजीत की हालत गम्भीर होने पर उन्हें मध्यप्रदेश के ग्वालियर के एक निजी अस्पताल में उनको रेफर कर दिया गया था। जहां करीब एक माह तक इलाज चलने के बाद अमरजीत ने दम तोड़ दिया। दिवंगत के भाई राजेंद्र सिंह ने उनकी मौत की सूचना रारी गांव में परिजनों को दी। मौत की खबर सुनते ही पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बता दें कि चुनाव खत्म होने के बाद रारी गांव में एक कार्यक्रम था। कार्यक्रम के दौरान ही दो पक्षों के बीच हारजीत को लेकर विवाद हुआ था।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एसडीएम बोले, व्यक्तिगत लाभ के लिए वायरल किया वीडियो

- एसडीएम खागा ने जांच के बाद दर्ज कराया मामला

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। हथगाम थाना क्षेत्र के कुड़ा करनई निवासी वेद प्रकाश पुत्र राजाराम द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किया गया है। वीडियो में कहा गया है कि उप जिलाधिकारी खागा द्वारा उनके पिता द्वारा शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। उसकी जांच की गयी है। उप जिलाधिकारी खागा द्वारा इनके प्रार्थना पत्र में उल्लिखित तथ्यों की जांच न करके बल्कि इनके मकान को गिराने की बात कही गयी है। जिससे क्षुब्ध होकर वह आत्महत्या कर लेंगे। यह बात उप जिलाधिकारी खागा अतुल कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताई है।

कहा कि प्रकरण का निस्तारण ग्रामवासियों की उपस्थिति में पढ़कर सुनाया गया था। बताया कि मेरे द्वारा राजाराम पुत्र मोतीलाल के मकान जो कि गाटा संख्या 108 में निर्मित है, उसको गिराने के सम्बन्ध में कोई बात नहीं की गयी थी। फिर भी इनके द्वारा इनका मकान गिराने एवं आत्महत्या की धमकी देने एवं अपने निजी एवं गलत स्वार्थ की पूर्ति के लिए राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों पर अनावश्यक दवाव बनाने एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास है। जो कि आपत्तिजनक है। जिससे कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने वाले वेदप्रकाश पुत्र राजाराम निवासी कुडा करनई के खिलाफ ममला दर्ज किया जा रहा है।

मुखर्जी को याद कर अर्पित की पुष्पांजलि

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सहित सभी मंडलों व बूथों पर पार्टी के प्रमुख कार्यक्रमों में एक बलिदान दिवस को पार्टीजनों द्वारा बड़े ही आस्था भाव से मनाया गया। जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा बलिदानी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई।

जिलाध्यक्ष पाल द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा अखंड भारत की परिकल्पना की सिद्धि को सदैव ही संघर्ष किया गया। एक देश एक विधान, एक निशान को लेकर वह अन्तिम सांसों तक संघर्ष करते रहे। हम सभी श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को सदैव उनके बताए मार्ग पर चलते हुए याद करते रहेंगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी, अभिषेक श्रीवास्तव, दीपक दुबे सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं असोथर मंडल में जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पावन बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय बलिदानी श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा कश्मीर से धारा-370 को हटाने के लिए व्यापक आंदोलन किये गये और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उन्हें अपने प्राण भी त्यागने पड़े। इस मौके पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमित अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष गौरव गौतम, महामंत्री राघवेन्द्र सिंह, निर्मल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल व कार्यकर्ता।

प्रवेशप्रारंभ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

अव्यवस्था | मनमानी पर शिकंजा कसने से पंचायतें नहीं करा पा रहीं रीबोर

'ठूंठ' हो गए हैंडपंप, पानी के लिए हाहाकार

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी में शहर से लेकर गांवों तक पेयजल संकट से लोग जूझ रहे है। ग्रामीण अंचलों में भूगर्भ जलस्तर नीचे खिसकने से हैंडपंपों ने जवाब दे दिया है। ग्राम पंचायतें मरम्मत के साथ ही हैंडपंपों का रीबोर भी अपेक्षाकृत नहीं करा पा रही हैं।

जनपद में पिछले एक माह से गंदे पानी की आपूर्ति किए जाने की शिकायतें कई स्थानों से हैं। बात करें धाता ब्लाक की तो यहां के गांवों की स्थिति दयनीय है। ब्लाक के ओरहा ग्राम पंचायक के मजरे शाह नगर में इन दिनों पीने के पानी को लेकर संकट गहराया हुआ है। यहां के हैंडपंप ठूंठ बने खड़े हैं। कई हैंडपंप रिबोर की राह ताक रहे हैं तो कई के हैंडल तक खुल गए और मवेशी बांधने के खूंटे बन कर रह गए हैं हैंडपंप। इसी तरह ब्लाक क्षेत्र के नसीरपुर, डढ़िया और मनमई गांव एक ही ग्राम सभा में आते हैं। इन तीनों गांवों को मिला कर एक भी तालाब नहीं है। जहां पानी उपलब्ध हो और मवेशियों के लिए राहत मिल सके। ग्रामीण नदी से पानी ढो रहे हैं और मवेशियों को पिला रहे हैं।

धाता ब्लाक के शाह नगर में खूंटा बना हैंडपंप।

गंभीर समस्या है

गांव की समस्याओं को सुनना वाला कोई नहीं हैं। तालाब तो सिर्फ कागज में बना हैं। लोगों को पशुओं के लिए पानी नहीं मिल रहा है। प्रधान भी समस्या की सुनवाई नहीं करते।
-रामसुमेर, नसीरपुर

गर्मियों में पानी किल्लत से झूझना पड़ता हैं। यहा सबसे बड़ी समस्या पशुओं के लिए हैं। सरकार तो तालाबों के सुंदरीकरण के लिए अरबों रुपये खर्च करती हैं पर हमारा गांव इससे अछूता है।
-धर्मनारायण, नसीरपुर

1.5 हजार हैंडपंप मरम्मत योग्य

- ग्रामीण अंचलों में मौजूदा समय पर करीब डेढ़ हजार हैंडपंप सामान्य मरम्मत योग्य बताए जा रहे है। इसके अलावा करीब 350 हैंडपंपों का रीबोर होना है। जिसमें अब तक 140 रीबोर ही हो पाए है। हैंडपंपों की मरम्मत और रीबोर में बरती जाने वाली मनमानी को रोकने के लिए शिकंजा कसा था लेकिन फर्क कुछ भी नहीं पड़ा।

शहरी इलाकों में बढ़ी आरओ के पानी की मांग

- पेयजल किल्लत के साथ ही शहर में गंदे आपूर्ति की वजह से अब आरओ के पानी की डिमांड बढ़ गई है। ज्यादातर लोग घरों में पीने के लिए अलग से पानी की केन मंगवा रहे है। मुख्यालय में करीब दो दर्जन आरओ प्लांट संचालित है। जिनकी भीषण गर्मी में अच्छी सप्लाई हो रही है। दिन भर घर-घर सप्लाई के लिए गाड़ियां दौड़ती नजर आती है। साथ ही कस्बों में भी लोग मजबूरीवश आरओ का पानी खरीद रहे है।

सड़क पर कार खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद

फतेहपुर। सड़क पर कार खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों कार सवार लोगों में मारपीट शुरू हो गई। बीच बचाव करने आई एक युवती को भी युवकों ने पीट दिया। बाद में इसका वीडियो वायरल हो गया। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के पुरानी तहसील के पास का है। ऐसे किसी वीडियो की पुष्टी अमृत विचार नहीं करता।

शनिवार रात को करीब साढ़े 11 बजे के आसपास एक होटल के पास कार खड़ी करने को लेकर दोनों कार सवार के बीच विवाद शुरू हो गया। एक कार चालक ने शराब के नशे में गाली गलौज देने शुरू किया तो दूसरे कार सवार लोगों ने मारपीट शुरू दी। नशेबाज युवक के साथ आयी युवती ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

एक नजर

पीड़ित परिवार से मिले सपाइयों ने बंधाया ढांढस

असोथर। समाजवादी पार्टी के आयाह शाह विधान सभा अध्यक्ष मनोज यादव ने रविवार को असोथर थाना क्षेत्र के बेसडी गांव में स्कूली वैन से हुए एक्सीडेंट में मृतका रुखसाना के परिजनों से मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सपा विधानसभा अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व पर असोथर पहुंचे सपाइयों ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात के बाद हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष मनोज यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष इब्राहिम खान, सेक्टर प्रभारी सोनू वर्मा, बूथ अध्यक्ष अनीश अहमद, राकेश चौहान, समसुल कुरैशी आदि लोग रहे।

जुड़वां नाबालिग बहने हुईं लापता

हथगाम। थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी दो जुड़वां बेटियां हैं। दोनों मौजूदा समय में नाबलिग हैं। दोनों बहने 18 जून की रात एक साथ अचानक लापता हो गईं। वह खुद मुंबई में रहता है। मामले की जानकारी पर वह घर आया है। थाना प्रभारी अभिलाष त्रिपाठी ने बताया की सूचना मिली है। दोनों बहनों की तलाश की जा रही है।

पिपरमेंट का टैंक फटने से युवक झुलसा

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के गौरी गांव निवासी राम कुमार का पुत्र रिंकू का गांव से एक किलोमीटर दूर पिपरमेंट बनाने का प्लांट लगा है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह वह टैंक का ढक्कन खोल रहा था तभी अचानक टैंक फट गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने झुलसे युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में बताया कि व्यक्ति ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया है। इसके बाद से वह उसे ब्लैकमेल कर रहा है। महिला ने बताया कि आरोपी उसको धमकी दे रहा है की वह अपना धर्म परिवर्तन करके उसके साथ रहे। मना करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पहली बार संचारी रोगों के खिलाफ जंग में उतरेगा खाद्य विभाग

आशाएं घर-घर जाकर 20 दिन में बीमारों का डाटा तैयार कर बचाव के तरीके भी बताएंगी

संवाददाता फतेहपुर

- संचारी रोग अभियान में 12 विभागों को दी गई जिम्मेदारी

अमृत विचार। जिले में संचारी रोगों से निपटने के लिए एक जुलाई से जंग शुरू होगी। शासन के निर्देश पर पहली बार इस अभियान में खाद्य सुरक्षा विभाग भी हिस्सेदारी करेगा। एक माह चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान में शुद्ध पेयजल साफ-सफाई के साथ ही कटे फल, रंगी हुई सब्जियों व खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री पर नियंत्रण पर जोर रहेगा। जबकि आशाएं घर-घर जाकर 20 दिन में बीमारी पीड़ितों का डाटा तैयार करने के साथ उनको बचाव के उपाय भी बताएंगी।

बीमारी प्रभावित रहे जिले में संक्रमित बीमारियों की रोकथाम के लिए हर साल तीन बार संचारी रोग अभियान चलाया जाता है, लेकिन इसकी महज खानापूरी होने से हर साल बड़ी संख्या में लोग डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों की चपेट में आकर दम तोड़ते हैं। पिछले साल जिले में सरकारी आंकड़ों में ही 102 मलेरिया व 89 डेंगू के केस पाए गए थे। जांच व उपचार का समुचित इंतजाम नहीं होने से डेंगू के लक्षण वाले बुखार की चपेट में आकर बड़ी संख्या में लोगों को असमय मौत के मुंह में जाना पड़ा था। इसके बाद भी मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण की कागजी खानापूरी होने से इस साल भी बीमारियों का कहर बढ़ने की संभावना बनी हुई है। शासन के निर्देश के बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने एक से 31 जुलाई तक संचारी रोग अभियान चलाने की तैयारी की है। इसमें पूरे माह जहां साफ-सफाई जल निकासी व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी। वहीं 11 से 31 तक आशाएं घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने के साथ बीमारी पीड़ित मरीजों का चिह्नांकन करेंगी। अभियान की कमान आशाएं व पर्यवेक्षक संभालेंगे।

कटे-सड़े फल, रंगी सब्जियों पर रखेंगे नजर

मिलावटी खाद्य पदार्थों व कटे सड़े फलों के साथ ही रंगी हुई सब्जियां भी बीमारी की वजह बनती है। इसके चलते शासन ने पहली बार खाद्य सुरक्षा विभाग को भी संचारी रोग अभियान में शामिल किया है। इसके साथ ही अभियान में कटे सड़े फलों, रंगी हुई हरी सब्जियों के अलावा मिलावटी व खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री पर नियंत्रण के लिए कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

पशुपालन और नगर निकाय की भी रहेगी अहम भूमिका

शासन के निर्देश पर एक जुलाई से शुरू होने वाले संचारी रोग अभियान की कमान 12 विभागों को सौंपी गई है। इसमें स्वास्थ्य महकमें के साथ ही ग्राम विकास,पंचायती राज, नगर निकाय, पशु पालन, बेसिक शिक्षा, स्वच्छ भारत मिशन, सिंचाई, जल निगम व कार्यक्रम आदि विभागों को बीमारी नियंत्रण के प्रयास व लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है।

1 जुलाई से चलेगा अभियान

संचारी रोग नियंत्रण के लिए जुलाई माह में चलने वाले अभियान की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। आशा, एएनएम व आंगनबाड़ी कर्मियों को अभियान की सफलता की कमान सौंपी गई है। इसके साथ ही शासन के निर्देश पर अभियान में लगाए गए विभागों से समन्वय बनाकर संवेदनशील श्रेणी के गांवों में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता व संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

-डॉ. इस्तियाक अहमद, सीएमओ

फेसबुक आईडी हैक कर पैसा मांग रहे साइबर अपराधी

खागा। इस समय लगभग 80 से 90 प्रतिशत लोग सोशल मीडिया से जुड़े हैं। इसमें फेसबुक भी शामिल है। लेकिन जिले में अचानक से लोगों की फेसबुक आइडी हैक कर उसी नाम से दूसरी आइडी बनाने का खेल खेला जा रहा। हैकर दूसरी आइडी बनाकर या तो आपत्ति जनक फोटो अपलोड कर रहे हैं या फिर फेसबुक से जुड़े उनके मिलने वालों से रुपये मांग रहे हैं। जिले में बीते कई दिनों से अचानक ही किसी की फेसबुक आइडी उसी नाम फोटो से दूसरा चलाने लगता है। कई की फेसबुक आइडी तो दूसरे उसी नाम और फोटो से बना ली गई है इससे लोग परेशान है। लोगों का कहना है कि उनकी फेसबुक आइडी एक और बना ली गई जिसके माध्यम से जिसने फेसबुक आइडी बनाई है वह उनके मिलने वालों से बीमारी आदि का बहाना कर रुपये मांग रहे हैं। ऐसे में लोगों की चिंता बढ़ रही है जब फेसबुक की उनकी आइडी कोई और उसी नाम और फोटो के बना सकता है तो वह फेसबुक आइडी से कोई और गलत काम कर सकता है कोई भी फेसबुक आइडी से अफवाह फैला सकता है।

रविवार को ध्वस्त रहती ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं

संवाददाता फतेहपुर

- ज्यादातर सीएचसी-पीएचसी में नहीं रहते डाक्टर व स्टाफ
- छुट्टी वाले दिन मरीज प्राइवेट अस्पतालों की ले रहे शरण

अमृत विचार। स्वास्थ्य विभाग की ग्रामीण चिकित्सा व्यवस्था रविवार के दिन ध्वस्त रहती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोई हाल पूछने वाला भी नहीं मिलता। ऐसे में मरीजों को नजदीक को सरकारी चिकित्सा सुविधा मिलना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था के लिए दस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। इनमें हसवा, बहुआ, असोथर, विजयीपुर, देवमई, मलवां, कोराईं, भिटौरा, खजुहा, अमौली हैं। इनमें स्थिति यह है कि अवकाश के दिन में चौकीदार या वार्ड ब्वाय के अलावा कोई नहीं मिलता। कार्यदिवस को भी डाक्टरों के आने और जाने का कोई समय तय नहीं है। ऐसे में मरीजों का प्राइवेट अस्पतालों की शरण लेना मजबूरी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय में रात में डॉक्टरों के न रुकने कारण यहां पर मरीज भर्ती भी नहीं किए जाते। अवकाश के दिन बहुआ पीएचसी में इमरजेंसी चिकित्सा सेवा बंद रहती है। डॉक्टर समेत सभी कर्मचारी गायब रहते हैं। मरीज बिना इलाज के ही लौट जाते हैं। अस्पताल में तीन डाक्टर, एक फार्मासिस्ट की नियुक्ति है। इसी तरह अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में साढ़े दस बजे के बाद तक ओपीडी कक्षों में डाक्टर नहीं पहुंचे। केंद्र में सन्नाटे के बीच मरीज घूम रहे थे। चिकित्सा अधीक्षक समेत कोई डाक्टर नहीं मौजूद थे। शासन के निर्देश पर रविवार को सीएचसी व पीएचसी पर लगने वाले आयुष्मान मेले पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हालांकि दूसरी ओर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जजमोईया में आयुष्मान मेला लगा मिला। जहां डॉ. संदीप गुप्ता, फार्मासिस्ट नागेंद्र उत्तम व शैलेंद्र मरीज देखते नजर आए।

> सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आपातकालीन चिकित्सा सेवा व्यवस्था है। कोई न कोई डाक्टर अस्पताल परिसर में मौजूद रहता है, जो जरूरत के समय रोगियों का उपचार करता है। गंभीर रोगियों को रेफर करने की व्यवस्था है। अगर कहीं समस्या है तो दिखवाएंगे।
>
> -डॉ. इस्तियाक अहमद, सीएमओ

पंजिकाओं का होगा डिजिटलाइजेशन

संवाददाता फतेहपुर

- विभाग ने 12 पंजिकाओं का किया पंजीकरण
- डिजिटलाइजेशन से होगा रियल टाइम उपयोग

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन किया जाएगा। ऐसी 12 पंजीकरण चिह्नित की गई हैं जिनका डिजिटाइजेशन किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षकों व छात्रों की हाजिरी भी डिजिटली लगाई जाएगी। इसका समय भी निर्धारित कर दिया गया है।

इस संबंध में विभाग की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए है और इस पूरी प्रक्रिया का किस तरह पालन किया जाएगा तथा शिक्षकों व छात्रों के स्कूलों में आने जाने का समय क्या होगा यह भी निर्धारित कर दिया गया है। इसका कार्यक्रम भी जारी किया है। कार्यक्रम के अनुसार डिजिटाइजेशन का कार्य किया जाना है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने बताया कि उपस्थिति पंजिका, प्रवेश पंजिका, कक्षा बार छात्र उपस्थिति पंजिका, एमडीएम पंजिका, समेकित सामग्री वितरण पंजिका, स्टॉक पंजिका, आय व्यय पंजिका, बैठक पंजिका, निरीक्षण पंजिका, पत्र व्यवहार पंजिका, बाल गणना पंजिका तथा पुस्तकालय और खेलकूद पंजिका का डिजिटाइजेशन किया जाएगा। इससे इनका रियल टाइम उपयोग किया जा सकेगा।

बताया कि यह व्यवस्था भी की गई है कि अध्यापकों द्वारा विद्यालय में प्रवेश और प्रस्थान के समय डिजिटल उपस्थिति पंजिका में नियमित रूप से अंकित की जाएगी। 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक आगमन 7:45 बजे से 8:00 बजे तक तथा प्रस्थान 2.15 बजे से 2:30 बजे तक होगा लेकिन अग्रिम आदेश तक उपस्थित 7.15 से 7:30 बजे तक और प्रस्थान 1.30 बजे से 1:45 बजे तक होगा। इसके अतिरिक्त 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक आगमन 8:45 से 9:00 बजे तक और प्रस्थान 3.15 से 3:30 बजे तक होगा। इसी तरह से छात्रों की उपस्थिति भी डिजिटल आधार पर दर्ज की जाएगी उसका समय भी और एमडीएम की व्यवस्था भी इसी तरह होगी।

जंगल में फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता अमौली

अमृत विचार। अज्ञात कारणों से एक युवक ने रविवार को फांसी के फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। जंगल गए ग्रामीणों ने शव लटका देख परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

चांदपुर थाना क्षेत्र के सरहन बुजुर्ग मजरे भगलापुर गांव निवासी अर्जुन पुत्र स्व भूरा गांव में खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि वह सुबह घर से निकल गया था। दोपहर तब वापस न लौटने पर तलाश की गई लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। दोपहर बाद जंगल गए ग्रामीणों ने देखा तो जंगल में एक पेड़ के सहारे उसका शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। यह देख घटना की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में शव देख चीख पुकार मच गई।

किशोर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

असोथर। असोथर थाना क्षेत्र के पासिन डेरा मजरे सरकंडी निवासी सर्वेश कुमार (15) पुत्र रामप्रतीत रविवार को नीम के पेड़ में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पिता रामप्रतीत ने बताया सर्वेश मानसिक रूप से कमजोर था। कल शाम के घर से खाना खा पीकर चला गया था। शाम के बहुत पता करने पर कहीं पता नहीं चला। सुबह घर से कुछ दूर की नीम के पेड़ में सर्वेश की लाश साड़ी के फंदे के सहारे लटकती हुई दिखाई दी।

सार-संक्षेप

भीम आर्मी द्वारा निकाली गई बाइक रैली। अमृत विचार

भीम आर्मी ने निकाली रैली

बिंदकी। भीम आर्मी के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण के सांसद बनने के खुशी के मौके पर भीम आर्मी के लोगों ने एक जोरदार बाइक रैली निकाली। नगीना लोकसभा क्षेत्र से अंबेडकर विचारधारा के भीम आर्मी के संस्थापक तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण सांसदी का चुनाव जीते हैं। इसी खुशी के मौके पर रविवार को भीम आर्मी के लोगों ने नगर के रविदास मंदिर के पास एक्ट होकर एक बड़ी बाइक रैली निकाली। यह बाइक रैली नगर के गांधी चौराहा तहसील रोड होते ललौली चौराहा पहुंची जहां पर बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। भीम आर्मी के पदाधिकारी ने कहा कि भीम आर्मी के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं और निश्चित रूप से यह बहुत बड़ी जीत है। इस मौके पर भीम आर्मी के जिला संयोजक शिवकुमार के अलावा रानू प्रताप, दिनेश कुमार, नरेंद्र गौतम उर्फ़ टाइगर, चंदन सूर्यवंशी, विकास गौतम, विपिन गौतम, पियूष गौतम, प्रियांशु गौतम, राहुल, अमित आनंद, रंजीत समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर को जब्त किया

किशनपुर। थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मडैयन मजरे गढ़ा गांव में देर रात हो रहे अवैध खनन की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बालू से भरे एक ट्रैक्टर को पकड़ा है। थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मडैय़न गांव में देर रात यमुना नदी से बालू निकाली जा रही थी। जिसकी सूचना पुलिस को मुखबिर के जरिए मिली थी। सूचना के पुलिस ने देर रात छापेमारी की उस दौरान पुलिस को नरौली गांव निवासी राजेंद्र निषाद का बालू से भरा एक ट्रैक्टर मिला। जिसे पुलिस ने पकड़ कर थाने में खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि काफी दिनों से यमुना नदी से अवैध तरीके से बालू निकाल व्यापार किया जा रहा था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की है। उस दौरान पुलिस को बालू से भरा ट्रैक्टर मिला है। मामले में किशनपुर प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी की।

संदिग्ध हालातों में बुजुर्ग महिला की हुई मौत

बिंदकी। संदिग्ध अवस्था में रविवार को एक बुजुर्ग महिला की मौत हो ई। महिला की मौत के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। मृतक महिला के नाती की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के सेलावन गांव निवासी फूला रानी देवी (69) पत्नी स्व राम आसरे की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुजुर्ग महिला की मौत के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर कोतवाली बिंदकी के क्राइम इंस्पेक्टर श्याम प्रकाश पांडे व सब इंस्पेक्टर अमरनाथ मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने मृतक महिला के नाती अभिषेक की तहरीर पर कार्रवाई हुई है।

क्षय रोगी बंदियों को वितरित की गई पोषण सामग्री

संवाददाता फतेहपुर

- रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष ने किया वितरण

अमृत विचार। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर चेयरमैन द्वारा जिला कारागार में प्रधानमंत्री क्षयरोग मुक्त अभियान के तहत चार बंदी क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरण व महिला बंदियों के साथ रहने वाले सात बच्चों को खाद्य सामग्री वितरण किया गया।

डॉ अनुराग द्वारा चार नए बंदी क्षय रोगियों को पोषण सामग्री (मूंगफली के दाने, सत्तू, चना, गुड़, प्रोटीन पाउडर) प्रदान किया गया। यह सामग्री रोगियों के चिकित्सकीय कोर्स पूर्ण होने तक दी जाएगी। साथ ही महिला बंदियों के बच्चों को खाद्य सामग्री चॉकलेट ,चिप्स, बिस्किट इत्यादि प्रदान की गई, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे।

जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान द्वारा इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। इस मौके पर जेल हेडवार्डर संक्रान्त यादव, महिला सिपाही अंशू सिंह, फ़ार्मासिस्ट संजीव कुमार वर्मा व प्रमुख सहयोगी सुरेश श्रीवास्तव सदस्यता प्रमुख इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के साथ ही अन्य लोग मौजूद रहे।

विषखापर के काटने से महिला की मौत

फतेहपुर। सुबह घरेलू काम कर रही एक महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिसे उपचार के लिए परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान सांसें थम गईं।

मलवां थाना क्षेत्र के बेहटी गांव निवासी अजयपाल की पत्नी कलावती रविवार की सुबह छह बजे घर की साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान अचानक बाहर से अंदर आए विषखापर ने उसे काट लिया। महिला के शोर मचाने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। परिजनों ने महिला को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। लेकिन कुछ ही देर बाद इलाज दौरान उसकी मौत हो गई।

वैश्य महासमिति नगर इकाई का होगा विस्तार

संवाददाता फतेहपुर

बैठक में प्रभारी को पटका पहनाते पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति नगर इकाई के विस्तार के लिए नगर क्षेत्र को चार भागों में बांटकर इकाइयों का गठन किया गया। इसका शुभारंभ आबूनगर क्षेत्र से हुआ और सोनू गुप्ता को आबूनगर क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया। जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ पटका पहनाकर स्वागत किया।

भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की एक बैठक आबूनगर के सत्संग भवन में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता महासमिति के जिलाध्यक्ष नरायण बाबू गुप्ता ने की। अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष नारायण बाबू ने कहा कि समय समय पर संगठन का विस्तार होना आवश्यक है। जिससे संगठन में नये नये लोग जुड़ते हैं और संगठन मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में दोसर वैश्य परिवारों की संख्या लगभग छह सौ है और लगभग शहर के प्रत्येक क्षेत्र में दोसर वैश्य परिवार निवास करता है। इसलिये नगर क्षेत्र का संगठन चार भागों में प्रभारियों को नियुक्ति की जायेगी।

इसी क्रम में आबूनगर क्षेत्र से प्रारंभ किया गया है और इसके प्रभारी आबूनगर निवासी सोनू गुप्ता को बनाया गया है। उनके कुशल नेतृत्व में आबूनगर क्षेत्र में संगठन मजबूत होगा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्त ने कहा कि संगठन में जितने अधिक कार्यकर्ता होंगे संगठन उतना ही अधिक मजबूत होगा। संगठन में निष्ठा के साथ कार्य करते हुये सम्मान से अपना स्थान बनाएं, जिससे संगठन का भी विस्तार होगा।

बैठक 11 दिन अनशन के बाद निर्माण का मिला था आश्वासन, नहीं हुई कोई कार्रवाई

गर्माया विजयीपुर-गाजीपुर की सड़क का मुद्दा

संवाददाता किशनपुर

बैठक करते सड़क संघर्ष समिति के लोग। अमृत विचार

- नरैनी गांव में बैठक कर फिर भरी हुंकार, कहा भ्रष्टाचार की जांच हो

अमृत विचार। विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग पर एक बार फिर सियासत तेज होती हुई दिखाई दे रही है। लोकसभा चुनाव के पहले इस मार्ग को लेकर सड़क संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित व बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के अध्यक्ष प्रवीण पांडे धरने पर बैठे थे। 11 दिन चले अनशन के बाद सड़क का निर्माण कार्य करने का आश्वासन मिला था।

विजयीपुर से गाजीपुर मार्ग पूरी तरीके से ध्वस्त हो गया है। सड़क पर लोगों का चलना दूभर हो रहा है। आएदिन लोग सड़क पर बने जानलेवा गड्ढों का शिकार हो रहे हैं। इसी जर्जर सड़क को लेकर गांधी जयंती के दिन नरैनी चौराहे पर अनशन की शुरुआत हुई थी। सड़क संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित व बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय लोक पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ अनशन पर बैठे थे। लगातार 11 दिन तक चले अनशन के बाद विभाग ने जल्द ही सड़क बनवाने का आश्वासन दिया था। एक महीने के अंदर सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराने की बात पर अनशन खत्म कराया गया था। लेकिन विभागीय हीलाहवाली के चलते आज भी सड़क पर काम शुरू नहीं हुआ। जिसको लेकर एक बार फिर इस सड़क का मुद्दा सुर्खियों में है। सड़क संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित व बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के अध्यक्ष प्रवीण पांडे ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े इस मार्ग पर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ मुहिम तेज कर दी है और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जांच की मांग की है। रविवार को नरैनी गांव में बैठक कर दोनों ने एक बार फिर हुंकार भरी है।

इसी सड़क से गर्माया था 'रोड नहीं तो वोट' नहीं का मुद्दा

लोकसभा चुनाव के पहले इसी मार्ग के बनवाने को लेकर हुए अनशन पर रोड़ नहीं तो वोट का मुद्दा गर्माया था। वहीं मुद्दा लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिला। जिसमें जगह जगह दस साल से जिले की पूर्व सांसद साध्वी निरंजन ज्योति को विरोध का सामना करना पड़ा था। नतीजा यह हुआ कि लोकसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा और वह चुनाव हार गई।

भाकियू की पंचायत में उठाई किसानों की समस्याएं

फतेहपुर। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर और किसान के आत्महत्या के मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। भाकियू टिकैट गुट के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पंचायत हुई। शहर के नहर कालोनी परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार उत्तम के नेतृत्व में पंचायत हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे। पंचायत में किसान के विभिन्न समस्याओं को लेकर सात सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को भेजा गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने कहा कि खागा कोतवाली क्षेत्र के पाई गांव के रहने वाले सेवानिवृत्त संग्रह सेवा किसान रवि करन सिंह उर्फ मक्खन सिंह ने जमीनी मामले में अधिकारियों से न्याय मांगा तो उसे अपमानित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में मस्तिष्क विकास और संवेदनशील परवरिश पर दिया जोर

संवाददाता फतेहपुर

प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। निदेशक नीति आयोग भारत सरकार के निर्देश पर संचालित परियोजना जीवन के प्रथम 1000 दिवस की चार दिवसीय तकनिकी प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन मुख्य चिकित्साधिकारी स्वास्थ्य डा. इस्तियाक अहमद एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पुष्टाहार विभाग साहब यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

19 जून से शुरू इस कार्यशाला में प्रारंभिक बाल्यावस्था के दौरान संवेदनशील परवरिश एवं मस्तिष्क विकास के लिए सीखने के अवसरों को बढ़ाने से सम्बंधित विषयों पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। मानव संसाधन विकास की रणनीतियों अंतर्गत जिले के पांच ब्लॉक तेलियानी, भिटौरा, मलवां, हसवा और आकांक्षात्मक ब्लॉक हथगाम से आए प्रतिभागियों को वैन लीर फाउंडेशन एवं विक्रमशिला एज्युकेशन रिसोर्स सोसाइटी के संयुक्त प्रयास से कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस पहल का उद्देश्य गर्भवती, स्तनपान कराने वाली महिलाओं एवं साथ ही 0-2 वर्ष के बच्चों के देखभालकर्ताओं को प्रारंभिक बाल्यावस्था में संवेदनशील देखभाल सीखने के अवसरों को बढ़ाने के बारे में उन्नत जानकारी प्रदान करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा इस्तियाक अहमद ने बताया तीन बैचों में करीब 185 मुख्य प्रशिक्षकों को तैयार किया जा रहा है जो इस प्रशिक्षण के बाद पूरे ज़िले के करीब छह हजार से अधिक जमीनी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, पोषण पुनर्वास केंद्र से डॉ. रघुनाथ सिंह, मेडिकल कालेज में सह आचार्य डा प्रज्ञाश्री मौजूद रहीं।

मॉनसून की दस्तक, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले में और आस-पास के क्षेत्रों में कई सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद रविवार को हुई बारिश से लोगों को काफी राहत मिली है लेकिन बारिश कम होने के कारण गर्मी के साथ उमस से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग ने 26 जून तक भारी वर्षा की संभावना व्यक्त करते हुए जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि मॉनसून दस्तक दे चुका है, जिसके कारण आने वाले दिन में भारी वर्षा हो सकती है।

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के मौसम विज्ञान विभाग ने जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जनपद में रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार को आंधी भी चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने मंगलवार व बुधवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी कर तापमान तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरने का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार, 26 जून को भारी वर्षा हो सकती है। इससे 27 जून से तापमान और भी कम होगा। अभी बादलों की आवाजाही बने होने के साथ मौसम सामान्य बना हुआ है। रविवार को कन्नौज व आसपास के जिलों में हल्की वर्षा हुई। जिले में मानसून जल्द ही दस्तीक देने वाला है लेकिन इससे पहले भीषण उमस से लोग परेशान हैं। बारिश के बाद कई निचले स्थानों पर जलभराव हो गया।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

सड़क पर भरे पानी से गुजरता साइकिल सवार। अमृत विचार

- जिले में कई हिस्सों में हुई बारिश से बढ़ी उमस, चलीं तेज गति से हवाएं
- 26 जून तक भारी वर्षा होने की संभावना, फसल बचाने में जुटे किसान

मक्का की फसल काटने में जुटा किसान

मॉनसून आने से पहले किसान ग्रीष्मकालीन मक्का को समेटने में जुटा है। कई किसान फसल काटकर बिक्री कर चुके हैं, जबकि कई खेतों में अभी मक्का की फसल पकी खड़ी हे। कुछ किसानों ने भुट्टे तोड़कर खेत में एकत्र कर दिए हैं। ऐसे में यदि भीषण बारिश हो जाएगी तो निश्चित रूप से फसल खराब हो जाएगी। किसानों का कहना है कि भींग जाने के बाद मक्का जल्द खराब हो जाती है, जिससे उसका अच्छा भाव नहीं मिल पाता है।

> प्रदेश में मॉनसून दस्तक दे चुका है और जिला समेत आसपास क्षेत्र में यह प्री-मॉनसून बारिश हो रही है। हवा में नमी की मात्रा अधिक होने से उमस बढ़ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 26 जून तक भारी बर्षा की संभावना जताई है। इसी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।
>
> -डॉ. अमरेंद्र कुमार, मौसम वैज्ञानिक

बारिश से भीगी आढ़तियों की मक्का

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मंडी में दुकान तो मिली पर नहीं है टीन शेड
- हर बारिश में भीग जाता है आढ़तियों का अनाज

अमृत विचार। मंडी में आढ़तियों के अनाज को रखने की व्यवस्थाएं नहीं हैं इससे बारिश होने पर खरीदा गया। अनाज हर बार भींग जाता है। आढ़त चलाने के लिये दुकान तो आवंटित की गई। खरीदे गये अनाज को कुछ दिन रखने के लिये टीन शेड की व्यवस्था नहीं है, इससे हर बारिश में अनाज भींग जाता है।

जिले में गर्मी के मौसम में सबसे अधिक उत्पादन मक्का का होता है। किसान मक्का तैयार होने के बाद सीधे मंडी समिति में पहुंच कर आढ़ती को बेंचते हैं। मंडी समिति में आढ़तियों को दुकानें तो आवंटित हैं, पर उनके पास खरीदा गया अनाज चंद दिन रखने की जगह नहीं होती है। इस सीजन पर आढ़तियों के पास दो से चार ट्रक मक्का आ जाती है। खरीद करने के बाद आढ़ती को अपनी दुकान के सामने ही मक्का को लगाना पड़ता है। कई आढ़तियों के पास दुकान तो हैं पर दुकान के आगे न तो बरामदा है न ही टीन शेड लगा है। इससे उनका खरीदा गया अनाज खुले में पड़ा रहता है। दो दिन से हो रही बारिश से मंडी के कई आढ़तियों की मक्का भीग गई है। इससे उनको लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। नाम न छापने की शर्तपर आढ़तियों ने कहा कि उनकी दुकानों के आगे या निकट में खाली जगह पड़ी है। यदि इन में टीन शेड डालने की इजाजत मिल जाये तो उनकी अनाज सुरक्षित रखा जा सकता है। इस संबंध में मंडी के प्रभारी सचिव रघुराज प्रताप सिंह का कहना है कि मंडी में दुकान ही आवंटित करने के निर्देश हैं। आढ़ती खरीद करने के बाद अनाज को सुरक्षित रखें, जिससे वह बारिश में न भीगे।

मंडी में आढ़ती की दुकान के आगे लगी बारिश से भीगी मक्का। अमृत विचार

वर और वधू पक्ष को शादी में मिले उपहारों की देनी होगी पूरी सूची

दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 का किया जाएगा अब जोरशोर से प्रचार-प्रसार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- न्यायालय व विधायन समिति की सख्ती के बाद जारी हुई चिट्ठी
- शादी के एक महीने के अंदर जिला प्रोबेशन कार्यालय में देनी होगी सूची

अमृत विचार। दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 का प्रचार-प्रसार अब जोरशोर से कराया जाएगा। न्यायालय व विधायन समिति की सख्ती के बाद महिला कल्याण निदेशक ने चिट्ठी जारी कर दी है। साथ ही कहा गया है कि वर-वधू को मिलने वाले उपहारों की सूची शादी के एक महीने के अंदर जिला प्रोबेशन कार्यालय में देनी होगी।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने जारी किए पत्र में कहा है कि लोगों के दहेज प्रतिषेध से संबंधित प्रकरणों की जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय को समय से मिल जाएगी। साथ ही कार्यालय स्तर से प्रकरणों पर तुरंत कार्रवाई भी हो सकेगी। नए नियम के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी को ही जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। निदेशक ने कहा है कि दहेज प्रतिषेध नियमावली, 1999 की धारा 10 में जिक्र है कि विवाह में पक्षकारों की ओर से उपहारों की सूची को प्रस्तुत किया जाएगा। माता-पिता या इसमें से कोई एक व्यक्ति दहेज प्रतिषेध अधिकारी को विवाह की तारीख से एक महीने के अंदर वर-वधू भेंट सूची नियम, 1985 नियम के तहत प्रस्तुत की जाएगी। शादियों का पंजीकरण हुआ हो या नहीं लेकिन सूची दोनों को देनी ही होगी। इसमें दोनों पक्ष के हस्ताक्षर भी होंगे। कहा जा रहा है कि 26 जून और 16 जुलाई को मामले की सुनवाई व बैठक भी शीर्ष स्तर पर होनी है।

यह है सजा का प्रावधान

जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या ने बताया कि दहेज प्रथा को मिटाने के लिए सरकार प्रयासरत है। लोगों को कानून की जानकारी देने व सुधार लाने के लिए नई पहल शुरू हुई है। दहेज लेना व उसके लिए उकसाने में पांच साल तक की कैद या 15 हजार रुपये या दहेज की रकम जो भी अधिक हो का जुर्माने का प्रावधान है। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दहेज की मांग पर छह महीने से दो साल तक की जेल व 10 हजार रुपये जुर्माना का प्रावधान है। वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक विनीता ने बताया कि सरकारी भवनों व भीड़भाड़ वाली जगहों पर भी पेंटिंग कराई जाएगी।

मैरिज व गेस्ट हाउस में लगेंगे बोर्ड

पत्र के मुताबिक जिले के मैरिज हाल व गेस्ट हाउस के बाहर एक बोर्ड लगाया जाएगा। इसमें दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी का नाम, पदनाम व मोबाइल नंबर लिखा जाएगा। साथ ही वन स्टॉप सेंटर का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। इससे पीड़िताएं सेंटर में संपर्क कर सकेंगी। डायल नंबर 181 वूमेन हेल्पलाइन पर भी दहेज से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी/ जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी के कार्यालय के बाहर भी बोर्ड भी लगाया जाएगा। उसमें मोबाइल नंबर लिखा होगा।

यहां भी कर सकते हैं शिकायत

- जिला दहेज प्रतिषेध के सीयूजी नंबर 7518024055 पर शिकायत की जा सकती है।
- शिकायत पीड़िता के अलावा परिजन, रिश्तेदार या स्वयं सेवी संस्था कर सकती है।
- न्यायालय स्वयं भी संज्ञान ले सकता है। या जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी या किसी पुलिस की रिपोर्ट पर भी कोर्ट संज्ञान ले सकता है।
- वन स्टॉप सेंटर के सीयूजी नंबर 7380313061 पर संपर्क किया जा सकता है।
- पीड़िताएं पुलिस के 112 और 181 नंबर पर भी समस्या बता सकतीं हैं।

मानव जन्म में ही परमात्मा की भक्ति संभव

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें महात्मा राजकुमार गुप्ता ने कहा कि जिस परमात्मा के बारे में ये कहा जाता है कि तेरी सत्ता के बिना हे प्रभु मंगल मूरि, पत्ता तक हिलता नहीं खिले न एको फूल। वह परमात्मा हमारे अंग संग है। बस हमको इसकी जानकारी नहीं होती है।

कहा कि इसकी जानकारी सिर्फ सदगुरु ही करा सकता है। सबकुछ करने कराने वाला परमात्मा होता है। इंसान के अंदर जो मैं का भाव होता है, वही अहंकार होता है। सारे फसाद की यही जड़ होता है। परमात्मा की भक्ति सिर्फ मानव जन्म में ही संभव है। इसीलिए परमात्मा ने कहा है कि मुझे सारे जीवों में इंसान प्रिय है और इंसानों में मुझे वो बहुत प्रिय है जो गुरु के चरणों में बैठ कर मेरा दीदार करता है।सत्संग में मुखी महात्मा विपिन कुमार, शिवा, देवेन्द्र कुमार, विश्राम सागर, सुशील कुमार, अशोक, ईश्वर दयाल, सुरेंद्र, आकाश, आरती, सुनीता, सेजल, पूनम मौजूद रहे।

सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में महात्मा राजकुमार। अमृत विचार

- संत निरंकारी सत्संग में उमड़ी सत्संगियों की भीड़

खस्ताहाल सड़क के कारण आवागमन हो रहा बाधित

गुरसहायगंज। मोहल्ला सीमांत नगर स्थित सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है। मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इससे राहगीर आए दिन गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। जबकि इसी मार्ग से छात्र-छात्राओं का भी आवागमन रहता है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष तारिक़ बशीर ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की है, जिससे राहगीर निर्बाध आवागमन कर सकें। उन्होने मार्ग का निर्माण न कराए जाने की दशा में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

17 शिक्षकों को आठ साल बाद मिलेंगे विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 27 जून से 12,460 शिक्षक भर्ती के स्कूलों के आवंटन की शुरू होगी प्रक्रिया
- डीएम गठित करेंगे कमेटी बीएसए कार्यालय के सभागार में बुलाए जाएंगे अभ्यर्थी

अमृत विचार। करीब आठ साल के लंबे इंतजार के बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं को परिषदीय स्कूलों का आवंटन होगा। 12,460 अध्यापकों की भर्ती के तहत जनपद में 17 अभ्यर्थियों को तैनाती दी जानी है। दिसंबर 2023 व जनवरी 2024 में इन शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए गए थे।

दरअसल, वर्ष 2016-17 में सूबे में 12,460 शिक्षकों की भर्ती हुई थी। उसके बाद मामला कोर्ट में चला गया। इससे कई अध्यापकों को तैनाती नहीं मिल सकी। न्यायालय के निर्णय पर ही फिर से प्रक्रिया शुरू हुई बाद में स्थगित हो गई। छह महीने पहले चयनितों को बीएसए उपासना रानी वर्मा ने कार्यालय में नियुक्ति पत्र दिए थे, उसके बाद अभ्यर्थियों में उत्साह देखा गया। बीएसए का कहना है कि जिन अध्यापकों को नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं, उनको 27 जून की दोपहर से 29 जून तक विद्यालय का आवंटन किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। कार्यालय में अभ्यर्थियों को 22 विद्यालयों के विकल्प दिए जाएंगे, उनमें से ही एक-एक कर लॉक करना होगा। शासन से आवंटन पत्र ऑनलाइन जारी होगा, उसका प्रिंट निकालकर बीएसए उसमें हस्ताक्षर करेंगी। उसके बाद संबंधित शिक्षक को सौंपा जाएगा। पहली जुलाई तक विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करना जरूरी है।

सफाई कर्मचारियों ने ईओ को दिया ज्ञापन

गुरसहायगंज। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के तत्वावधान में ठेका कर्मियों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंप समस्याओं के निस्तारण की मांग की है।

इसमें 14 माह का ईपीएफ जमा कराने, हर माह ईपीएफ देने, 395 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दिए जाने और सफाई के लिए सभी संयंत्र उपलब्ध कराने की मांग की है। सफाई कर्मियों ने माह की पांच तारीख तक खातों में सैलरी भेजने व बिना नोटिस सफाई कर्मियों को न हटाने की मांग की है। हटाए गए सफाई कर्मियों को काम पर वापस लेने, बिना कारण कर्मियों को कार्यमुक्त न करने की मांग की। आउट सोर्सिंग कर्मचारी को मृतक आश्रित के स्थान पर काम पर रखा जाए। आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को एसआई कार्ड व इसका लाभ दिलवाए जाने की मांग भी की गई है। ठेका सफाई कर्मियों ने समस्याओं का निस्तारण 26 जून तक न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजा बाल्मीकि, शिवा बाल्मीकि, धर्मेन्द्र, विजय, अमन, अरूण, दिलीप, मुन्ना, सूरजभान, लक्ष्मी, राजवती, सुमित, संजीव, सूरज, नीरज, रोहित, विशाल, विनोद, शैलेश, राहुल रहे।

अरुण चक्रवर्ती को साहित्य श्री सम्मान

गुरसहायगंज। रूबरू फाउंडेशन की ओर से साहित्य उत्सव कवि सम्मेलन सम्मान समारोह का आयोजन हिंदी भवन निराला सभागार लखनऊ में किया गया। इसमें रुबरू फाउंडेशन के अध्यक्ष इरशाद राही, संयोजिका सुधा राज चौधरी, सचिव मो. अज़हर हुसैन, संचालक प्रदीप शुक्ला ने नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी युवा कवि अरुण चक्रवर्ती को साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में युवा कवि ने अपनी कविताओं से सभी को प्रभावित किया।

युवा कवि अरूण चक्रवर्ती।

एक जुलाई से आईपीसी हो जाएगी भारतीय न्याय संहिता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कानून के नए प्रावधानों को लेकर कलेक्ट्रेट में कार्यशाला का आयोजन
- मजिस्ट्रेटों व शासकीय अधिवक्ताओं को दी गई नए कानूनों की जानकारी

अमृत विचार। एक जुलाई से आईपीसी अब भारतीय न्याय संहिता हो जाएगी और सभी न्यायालयों में कानून के नए प्रावधानों के अनुसार कार्य किया जाएगा। कलेक्ट्रेट में एक कार्यशाला में कानून के नए प्रावधानों के बारे में मजिस्ट्रेटों व शासकीय अधिवक्ताओं को जानकारी दी गई।

रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कार्यकारी मजिस्ट्रेटों व उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के कार्य, साक्ष्य एवं प्रक्रिया के संबंध में गहन समीक्षा की गई। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में बताते हुए प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण चंद्रा ने कहा कि एक जुलाई 2024 से नए कानून के प्रावधानों को लागू किया जाएगा। अब नए कानून-दंड प्रक्रिया संहिता-1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय दंड संहिता-1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता-2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-1872 की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लागू किया जायेगा। उन्होने बताया कि नए कानून लागू होने पर कई धाराओं में बदलाव किया गया है। जिसमें धारा 144 सीआरपीसी की जगह धारा-163 बीएनएसएस लगाई जायेगी। इस दौरान एडीएम आशीष कुमार सिंह, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सुवाष कुमार, एडीजीसी नवीन दुबे, सहायक अभियोजन अधिकारी रणजीत बहादुर सिंह, एडीजीसी संत कुमार दुबे रहे।

कार्यशाला में जानकारी देते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल व एडीएम आशीष सिंह।

इस तरह बदलीं धाराएं

पुरानी धारा	नई धारा
धारा 144 सीआरपीसी	धारा 163 बीएनएसएस
107/116 सीआरपीसी	धारा 126/135 बीएनएसएस
धारा 133 सीआरपीसी	धारा 152 बीएनएसएस
धारा 145 सीआरपीसी	धारा 164 बीएनएसएस
धारा 146 सीआरपीसी	धारा 165 बीएनएसएस

पड़ताल | जिले की प्रभारी मंत्री के पास है उच्च शिक्षा विभाग, उसके बाद भी दिक्कत

राजकीय महाविद्यालय बांगर में है शिक्षकों की कमी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्राचार्य का पद रिक्त, इतिहास की शिक्षक कानपुर से संबद्ध

अमृत विचार। जिला मुख्यालय पर छात्राओं के लिए सरकारी इकलौता राजकीय महिला महाविद्यालय है। इसमें प्राचार्य का पद रिक्त चल रहा है। इतिहास पढ़ाने वाली सहायक आचार्य कई महीनों से कानपुर जिले के एक डिग्री कॉलेज में संबद्ध हैं। कई पद खाली होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यह स्थिति तब है जब इस जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी के पास उच्च शिक्षा विभाग है।

शहर के बांगर में चल रहे राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह सचान 31 मई को रिटायर हो गईं थीं। उसके बाद से पद खाली है। समाजशास्त्र की सहायक आचार्य व महाविद्यालय में सबसे पहले से तैनात डॉ. सोनू पुरी को प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इतिहास पढ़ाने के लिए डॉ. सुमन शुक्ल की तैनाती महाविद्यालय में है, लेकिन करीब 10 महीने से वह कानपुर के शिवराजपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में संबद्ध हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि छात्राओं को वह ऑनलाइन तरीके से पढ़ातीं हैं, इससे शिक्षण कार्य प्रभावित नहीं होता है।

छात्राओं को हिंदी पढ़ाने के लिए शैलेंद्र कुमार, अंग्रेजी के लिए रीतू सिंह, शिक्षाशास्त्र के लिए डॉ. सुनील कुमार, गृह विज्ञान के लिए अंबरीन फातिमा की तैनाती यहां है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए कुल 360 सीटें स्वीकृत हैं।

राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर का भवन।

कभी लगती थीं सिफारिशें, अब रिक्त रहतीं सीटें

महिला महाविद्यालय में छह-सात साल पहले तक प्रवेश के लिए मारामारी होती थी। इंटर के प्राप्तांकों के हिसाब से मेरिट बनाई जाती थी। अच्छे अंकों वाली छात्राओं का ही दाखिला संभव होता था। उस दौरान अधिकारियों व नेताओं से सिफारिशें की जाती थीं कि अमुक छात्रा का प्रवेश कर लिया जाए। वर्तमान में ज्यादातर सीटें रिक्त ही रहतीं हैं। एक सैकड़ा छात्राओं का प्रवेश बमुश्किल हो पाता है। इसका कारण महज छात्राओं का ही प्रवेश होना और अधिक संख्या में वित्तविहीन महाविद्यालयों का खुलना माना जा रहा है।

कई लोग करा चुके हैं पहले तबादला

महाविद्यालय में कई लोग पूर्व में तबादला करा चुके हैं। कुछ लोगों का खुद से ही स्थानांतरण हो चुका है। इसमें प्राचार्य व सहायक आचार्य शामिल हैं। दूसरी ओर बाबू व कर्मचारियों की भी समस्या यहां महीनों से बनी है।

सपाइयों का धरना आया काम ईशन नदी में छोड़ा गया पानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। महीनों से सूखी पड़ी ईशन नदी में सपाइयों के धरना प्रदर्शन के बाद सिंचाई विभाग ने पानी छोड़ा है। इससे पशु पक्षियों के अलावा आम लोगों को राहत मिली है। जिले से होकर गुजने वाली ईशन नदी बीते तीन माह से सूखी पड़ी थी। उस में पक्षियों के भी पीने का पानी नहीं था। इधर उधर विचरण कर रहे जंगली जानवर भी पानी के अभाव में भटक रहे थे। इसी को देखते हुए सपा नेता नवाब सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ तीन दिन पहले सिचाई विभाग के दफ्तर पर धरना प्रदर्शन किया था। उस समय सपाइयों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंप कर ईशन नदी में पानी छोड़े जाने की मांग की थी। सपाइयों ने कड़े लहजे में चेतावनी दी थी कि यदि ईशन नदी में जल्द पानी न छोड़ा गया तो सपाई सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेंगे। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सूर्यमणि सिंह ने आश्वासन दिया था कि समस्या का समाधान करा दिया जायेगा। शनिवार की रात सिंचाई विभाग ने ईशन नदी में पानी छोड़ा है। रविवार को पानी जिले में पहुंचने पर सपाइयों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों की तारीफ की है।

सूखी पड़ी ईशन नदी में छोड़ा गया पानी।

सार-संक्षेप

सड़क निर्माण को लेकर भाकियू ने डीएम से लगाई गुहार

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन बलराज गुट के पदाधिकारियों ने तालग्राम रोड से संत निरंकारी भवन तक सड़क बनाने को लेकर जिलाधिकारी से गुहार लगाई। सड़क न बनने पर दो जुलाई से धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। तालग्राम बहवलपुर रोड से संत निरंकारी रोड तक एक आम रास्ता जीटी रोड में जाकर मिलता है। तालग्राम रोड से करीब 100 मीटर कच्चा रास्ता पड़ा हुआ है, जिसको बनवाने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को सारे दस्तावेज उपलब्ध कराए और नगरपालिका ने बनवाने का आश्वासन दिया। लगातार शिकायतों के बाबजूद भी रास्ता नहीं बना। इससे बरसात में आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। भारतीय किसान यूनियन बलराज ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर सड़क बनवाने की मांग की।सड़क का निर्माण न होने पर दो जुलाई से नगरपालिका के खिलाफ धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

स्वास्थ्य शिविर में 249 मरीजों ने कराया परीक्षण

छिबरामऊ। मोहल्ला बिरतिया वार्ड नंबर आठ मालवीय नगर स्थित नगर पालिका के बारात घर के पास आज फ़ातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 5 तक किया जाएगा। कैम्प में कानपुर से एमबीबीएस डॉक्टर वसीम खान पेट व छाती (क्षय रोग) चरम रोग रक्तचाप विशेषज्ञ, डॉक्टर शायना परवीन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के अलावा बरेली से मशहूर हकीम अब्दुल हक, व मोहम्मद शोएब रजा के मरीजों की उपचार दिया जायेगा। इस दौरान शोएब, महमूद मंसूरी, शोएब कादरी, आमिर, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद हुसैन, महफूज उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को देखते डॉक्टर।

एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस नीचे गिरी

40 लोग घायल, जौनपुर से दिल्ली जाते समय आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सुबह हुआ हादसा

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- बस चालक को झपकी लगने से डिवाइडर को तोड़ते हुए कई पलटी खाकर नीचे गिरी
- 12 यात्रियों को गंभीर हालत में सीएचसी से तिर्वा मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर

अमृत विचार। जौनपुर से 110 यात्रियों लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर बस थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार की सुबह चालक को झपकी आने से डिवाइडर को तोड़ते हुए कई पलटे खाकर नीचे खाई में जा गिरी। हादसे से बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना में करीब 40 यात्री घायल हो गये। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर 12 यात्रियों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। सूचना मिलते ही यूपीडा समेत कई थानों की पुलिस के अलावा एंबुलेंस व पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये, जिन्होंने राहत व बचाव कार्य में मदद की।

थाना ठठिया क्षेत्र के गांव गढ़ापुरवा निवासी सौरभ कुमार (25) पुत्र छोटेलाल आरएस यादव की डबल डेकर बस जौनपुर से 110 यात्रियों को बैठा कर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से दिल्ली जा रहा था। बस सौरिख थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह 3:50 पर ग्राम नगला वीरभान के सामने किलोमीटर संख्या 159 पर पहुंची। उसी समय बस चालक सौरभ को झपकी आ गई। इससे बस एक्सप्रेस- वे की डिवाइडर व जाली को तोड़ते हुए कई पलटे खाते हुए नीचे खाई में जा गिरी। हादसे में बस में चीख पुकार मच गई। इस दुर्घटना में 35 से 40 यात्री घायल हो गये। घटना की जानकारी होते ही सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह मौके पर पहुंचे। उनकी सूचना पर थाना सौरिख, छिबरामऊ, हसेरन, तालग्राम, तथा यूपीडा की लगभग 12 एंबुलेंस व सौरिख, सकरावा, छिबरामऊ समेत कई थाने की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को राहत व बचाव कार्य में जुट गये। करीब 30 सवारियों को उपचार के लिए सीएससी में भर्ती कराया गया, जहां से 12 लोगों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। 10 से 12 यात्रियों को मामूली चोटें आई थी, जिनका एंबुलेंस में ही प्राथमिक उपचार कर दिया गया। घटना की जानकारी होते ही एक्सप्रेस वे पर एएसपी डॉ. संसार सिंह, एसडीएम उमाकांत तिवारी, एवं क्षेत्राधिकारी ओमकार नाथ शर्मा समेत कई थाने के प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। दुर्घटनाग्रस्त बस को क्रेन से हटकर टोल प्लाजा पर खड़ा कराया गया।

दुर्घटना के बाद बस को उठाती क्रेन। अमृत विचार

ये हैं मेडिकल कॉलेज में भर्ती

- विशाल, सूरज गिरि, कल्पना शर्मा, ऐजाद, पंकज पाण्डेय, अभिनव ओझा, संगीता राय, प्रदीप पाण्डेय, अनुज यादव, चालक सौरभ, पंकज कुमार, अतुल को मेडिकल कालेज में उपचार दिया जा रहा है।

यात्रियों ने लगाया लूटपाट का आरोप

- एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस दुर्घटना में घायल हुए यात्रियों ने बचाव कार्य कर रहे स्थानीय लोगों पर लूटपाट के आरोप लगाये। घायलों ने अस्पताल में बताया कि घटना के बाद आसपास गांव के ग्रामीणों ने बचाव न करते हुए कई सवारियों के मोबाइल व नगदी पार कर दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह का कहना है मामले की छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

हादसे में यह लोग हुए घायल

- जंग बहादुर निवासी ग्राम मुलनापुर थाना बदलापुर जिला जौनपुर, लकी बिंद निवासी ग्राम व पोस्ट रसड़ा थाना बरदह जिला आजमगढ़, इशिका निवासी शिशवा रामपुर थाना बेताना जिला अंबेडकरनगर, सत्यम निवासी शिशवापुर रामपुर बेताना अम्बेडकरनगर, आराधना निवासी पार्वती कॉलोनी फरीदाबाद थाना फरीदाबाद जिला फरीदाबाद हरियाणा, फरहान पुत्र निवासी कायामुद्दीनपुर शेखपुरा थाना अकबरपुर अम्बेडकर नगर, काजल तिवारी तिवारीपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर, राहुल तिवारी निवासी तिवारीपुर रामपुर जौनपुर, राघव तिवारी निवासी तिवारीपुर रामपुर जौनपुर, इला द्विवेदी निवासी अजियाउर देवी निवासी ऊंचगांव थाना धमोर जिला सुल्तानपुर, विकास मौर्य निवासी रामदासपुर निवादा थाना लाइन बाजार जिला जौनपुर, पूर्णिमा मौर्य निवासी बरसठी थाना बरसठी जिला जौनपुर, शिवम निवासी पार्वती कॉलोनी फरीदाबाद थाना फरीदाबाद जिला फरीदाबाद हरियाणा, अनीता सिंह पुत्री निवासी जलालपुर थाना जलालपुर जिला जौनपुर, अभिषेक कुमार करावल दिल्ली,विशाल विश्वकर्मा निजामपुर ऐरूला आजमगढ़, सूरज कुमार पूरे गुसाइपुरवा जगदीशपुर अमेठी, कल्पना शर्मा दयालपुर दिल्ली, ऐजाद धर्म मुण्डेरा दरूलिया आजमगढ़, पंकज पाण्डेय सुल्तानपुर मालीपुर अम्बेडकरनगर, अभिनव ओझा जयसिंह पुर सुल्तानपुर, चिन्मय राय साईं नगर दिल्ली, संगीता राय साईं नगर दिल्ली, शांतनु राय साई नगर दिल्ली, प्रांजल पाण्डेय अकबरपुर एरौली अम्बेडकरनगर, प्रदीप पाण्डेय अकबरपुर एरौली अम्बेडकरनगर, अनुज यादव मखमलपुर सरायकुआं जौनपुर,चालक सौरभ गड़ापुरवा ठठिया कन्नौज, विजय कुमार टांडा बिराहिमपुर अम्बेडकरनगर, अनिल कुमार खासपुर अलीगंज अम्बेडकरनगर, अखिलेश बेनीपुर सरैया जौनपुर, अनन्या खेता सराय जौनपुर, अजय मदराह शाहगंज जौनपुर, आदर्श सैनी जैनापुर जलालपुर अम्बेडकरनगर, अनीस मदराह शाहगंज जौनपुर, पवन गिरि बिलव ई महाबपुर सुल्तानपुर, नीलकमल जमुरावां मोहनगंज अमेठी, पंकज शिशवा बबाना अम्बेडकरनगर, रूचि सिंह जमुरावां मोहनगंज अमेठी, बेबी जमराह मोहनगंज अमेठी, अतुल शाहगंज बकुची जौनपुर घायल हुए।

परिजनों से पूछताछ कर रही पुलिस

गुरसहायगंज। स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान कुछ लोगों ने विवाद के बाद तीन लोगों के साथ जमकर मारपीट की थी। इसमें अरबाज की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने आठ लोगों को चिन्हित कर लिया है जबकि अन्य पांच की पहचान की जा रही है।

कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने बताया कि गुरुवार की दोपहर लगभग 4:30 बजे पश्चिमी बाईपास स्थित स्विमिंग पूल पर नहाने के दौरान नगर निवासी युवकों ने शबेआलम, शाहिबेआलम और उसके भतीजे अरबाज के साथ मारपीट की थी। इसमें अरबाज की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में नितिन जाटव व संदीप बाथम सहित 15 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज है। इसमें पुलिस ने आठ लोगों की पहचान कर ली है जबकि पांच अज्ञात लोगों की पहचान की जा रही है। बताया कि आरोपियों की तलाश में सर्विलांस, एसओजी सहित पुलिस की पांच टीमें आरोपियों की तलाश में खोजबीन कर रही है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

युवक से मारपीट

गुरसहायगंज। ग्राम ऊंचा निवासी रामखिलावन ने बताया कि पानी भरने के विवाद में गांव के मूलचंद, गटुआ, सुदामा व रोहित ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी।

जहरखुरानों ने बस यात्री को बेहोश कर लूटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दिल्ली से मैनपुरी का टिकट लेकर बस में बैठा था युवक
- चालक, परिचालक ने सरायमीरा स्टैंड पर लावारिस छोड़ा

अमृत विचार। रोडवेज बस चालक, परिचालक की लापरवाही का शिकार युवक हो गया। दिल्ली से मैनपुरी का टिकट लेकर बैठे युवक को जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने जहरीला पदार्थ खिलाकर लूट लिया। बस चालक, परिचालक ने उसे बेहोशी की हालत में रोडवेज बस स्टैंड पर लावारिस छोड़ दिया। अज्ञात व्यक्ति की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

मैनपुरी जनपद के थाना बिछवां के गांव मानपुर पोस्ट नौरंगपुर निवासी पंकज कुमार(28)पुत्र सुरेश चंद्र दिल्ली में किसी फैक्ट्री में काम करता था। शनिवार की शाम वह रोडवेज की बस में घर जाने के लिये बैठा। उसने मैनपुरी जाने की टिकट ली। रास्ते में जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने उसे बातों में उलझा कर जहरीला बिस्किट खिला दिया। इससे वह बेहोश हो गया। चालक- परिचालक ने कोई ध्यान नहीं दिया। न ही मैनपुरी से बस चलने के बाद टिकट के अनुसार यात्रियों की गिनती की।

सुबह के समय जब बस कन्नौज पहुंची तो इस दौरान परिचालक को एक यात्री अधिक मिला तो उसने खोज की। इस दौरान पंकज कुमार बेहोशी की हालत में बस की सीट पर पड़ा दिखा तो उसे किसी तरह जगा कर उसे जिला अस्पताल में भर्ती न करा कर रोडवेज बस स्टैंड सरायमीरा में लावारिस अवस्था में छोड़ दिया। हालत ठीक न होने से वह इधर-उधर गिर रहा था। यह देख किसी अज्ञात व्यक्ति ने 108 एंबुलेंस को फोन कर इस की जानकारी दी। इसके बाद पहुंची एंबुलेंस के कर्मचारी ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद उस की हालत में सुधार आया है। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी ने इमरजेंसी में पहुंच कर जहर खुरानी के शिकार युवक से जानकारी ली। सबसे खास बात तो यह है कि सरायमीरा चौकी होने के बाद भी एक भी सिपाही रोडवेज बस स्टैंड के निकट मुस्तैद नहीं रहता है, जिससे किसी तरह की घटना होने पर पुलिस का कोई सहयोग नहीं मिलता है।

जिला अस्पताल में भर्ती जहर खुरानी का शिकार युवक। अमृत विचार

मझपुर्वा में आयोजित शिविर में मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

ग्रामीणों को दी कानून की जानकारी

गुरसहायगंज। रविवार को ग्राम मझपुर्वा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार व सचिव अपर जिला जज लवली जायसवाल के निर्देशन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधिक सहायता की जानकारी दी गई। इसमें पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो ने मौजूद ग्रामीणों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। बताया कि इसमें जरूरतमंदों को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वैवाहिक विवाद, नालसा हेल्पलाइन नंबर, घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी भी ग्रामीणों को दी। वरासत एवं कृषि दुर्घटना योजना के बारे में बताया और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीण महिलाओं को जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि हारून सिद्दीकी, प्रधान बिलाल अहमद, जावेद सिद्दीकी, कलीम, उवैद, सूरज मौजूद रहे।

मवेशी बांधने पर दो पक्ष भिड़े, 11 घायल

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट
- घायलों को मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती

अमृत विचार। जानवर बांधने को लेकर हुए विवाद ने दबंगों ने जमकर मारपीट की। मारपीट मे एक ही पक्ष के 11 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिये मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली के बिनौरा गांव निवासी असरफ अली पुत्र असगर अली की गांव में ही खाली जमीन पड़ी है, जिस पर वह अपने जानवर बांधने लगा। उसी जमीन पर गांव के ही अरमान अली भी जानवर बांधने लगा। जब विरोध किया तो कहासुनी होने लगी। जमीन पर कब्जा की नियत से अरमान अली, आमिर अली, नबाबअली, दिलसाद ने जानवर बांधने जा रहे असरफ को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। शोरगुल को सुनकर जब परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में एक ही पक्ष के असरफ अली पुत्र असगर अली, फारूक अली पुत्र असगर अली, इदरीश अली पुत्र असगर अली, पिंकी पत्नी सोनू, शमशाद अली पुत्र असगर अली, राशिद अली पुत्र अशरफ अली, सोयल अली पुत्र शमशाद अली, निशा फारून पत्नी फारूख अली, नसरीना पत्नी असगर अली, शायदा पत्नी शमशाद अली, अब्दुल कलाम पुत्र असरफ अली घायल हो गए। घायलों को देखकर ग्रामीणों ने उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। पीडित अशरफ अली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना में घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

मेडिकल कॉलेज में बैठे घायल। अमृत विचार

शादी का झांसा देकर चार माह तक किया दुष्कर्म

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। थाना ठठिया के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि वह कक्षा दस तक पढ़ी है। पांच वर्ष से वह थाना क्षेत्र के गंगापुर्वा गांव निवासी रामनिवास पुत्र रामबाबू के संपर्क में आ गई। धीरे-धीरे जान पहचान दोस्ती में बदलने लगी। वह उससे शादी करने की बात कहने लगा। शादी का झांसा देकर वह चार माह से उसके साथ शारीरिक संबध बनाने लगा। 11 जून को वह अन्नपूर्णा मंदिर में शादी करने का झांसा देकर उसे तिर्वा ले आया। जहां पर उसे छोड़कर वह चला गया और वह इंतजार करती रही। अब वह उसके साथ शादी करने से मना कर रहा है। युवती ने पुलिस को बताया कि अब उसके घर के लोग भी उसे घर पर नही रहने दे रहे हैं। वह इधर-उधर भटक रही है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है, उसे पकडकर जेल भेजा जाएगा।

मासूम से दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

तिर्वा। थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी छह वर्ष की मासूम शनिवार की शाम को अपने घर पर अकेली खेल रही थी। उसी दौरान वहां से गुजर रहा नान्हेपुर गांव निवासी जसकरन (50) ने मासूम को बहला फुसलाकर अंदर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसके परिजन आए तो मासूम ने घटना बताई। पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने बाद आरोपी को फकड़ कर जेल भेजने के साथ मासूम को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी को जेल भेजा गया। मासूम को डाक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

चोरों ने लाखों के जेवरात किए पार

छिबरामऊ। ग्राम भगवंतपुर में कुछ देर के लिए खाली हुए घर में चोरों ने लाखों के सोने चांदी के आभूषण सहित हजारों की नगदी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर निवासी प्रमोद कुमार बाथम पुत्र छेदालाल बाथम ने बताया कि शनिवार को उनकी पत्नी कानपुर गई थी तथा घर के अन्य परिजन बाहर थे। शाम करीब पांच बजे वह भी किसी कार्य के लिए घर बंद करके बाहर निकल गए और जब वापस आकर देखा तो दरवाजा खुला तथा अंदर सामान बिखरा पड़ा था। खोजबीन करने पर पता चला घर के अंदर दिनदहाड़े घुसे चोरों द्वारा एक सोने की जंजीर, एक अंगूठी, एक नाक की कील, चांदी की कंगनी, एक जोड़ी पायल सहित 50 हजार की नगदी चोरी कर ले गए। मकान स्वामी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

युवक को लाठी-डंडों से पीटा

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। मोहल्ला सराफान स्थित एक दुकानदार पर कुछ दबंगों ने लाठी डंडों से हमला करके घायल कर दिया। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

मोहल्ला सराफान निवासी आकाश मिश्रा पुत्र धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि शनिवार की रात लगभग 10 बजे वह तहसील रोड स्थित अपनी दुकान पर था, तभी कुछ दबंग व्यक्ति हाथों में लाठी-डंडे लेकर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। किसी प्रकार युवक ने खुद को बचाकर घर तक पहुंच गया, लेकिन दबंग व्यक्तियों ने घर में घुसकर उसे बुरी तरह लाठी-डंडों से मारा पीटा, जिससे युवक का सिर फट गया। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले वासियों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

मां को मारपीट कर किया घायल

तालग्राम, कन्नौज। गांव निवासी युवक ने बताया कि उसके पुत्र व पुत्रवधू ने मामूली बात को लेकर उसकी पत्नी से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुत्र व पुत्रवधू के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ट्रक ने पिकअप में मारी टक्कर, चार घायल

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। उन्नाव जिला के शाहपुर औरास निवासी चालक रामकृष्ण पुत्र सोनेलाल प्रजापति साथी हेल्पर रामू पुत्र रामचरण के साथ पिकअप में आम लादकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से आगरा जा रहा था। किलोमीटर 148 पर करीब रात तीन बजे चालक पिकअप को पीली पट्टी पर खड़ी कर लघुशंका कर रहा था। इसी दौरान पीछे से मक्का लादकर भीलवाड़ा राजस्थान जा रहे ट्रक चालक यादराम ने पिकअप में टक्कर मार दी। घटना में ट्रक चालक यादराम, क्लीनर राकेश पिकअप चालक रामकृष्ण हेल्पर रामू घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे यूपीडा सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने यूपीडा की एम्बुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को क्रेन की मदद से टोल प्लाजा पर खड़ा कराया गया।

नकदी-जेवरात के साथ किशोरी लापता

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। कोतवाली के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि 21 जून को उसकी पुत्री अपने कमरे में सो रही थी।

रात के समय सदर कोतवाली के अलाउद्दीनपुर निवासी साजिद पुत्र अब्दुल सलाम उसे घर से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। उसकी पुत्री भगाने मे आरोपी के चाचा मोमीन,भाई आसिफ ने सहयोग किया। जाते समय घर में रखे 16 हजार रुपये व जेवरात और ले गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

परिजनों के सहयोग से किशोरी को भगाया

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम निवासी पीड़ित महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 जून की शाम गांव का विकास चौहान परिजनों गेंदालाल, शेर सिंह व राकेश के सहयोग से उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी होने पर उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

याद किया भारतीय जनता पार्टी ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस

'जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है' के लगे नारे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। अखंड भारत की संकल्पना को लेकर कश्मीर से धारा 370 को हटाने की मांग करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन किया और उनके सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि 'जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है' इस नारे को भाजपा ने जीवंत रखा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर से धारा 370 को हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपने को साकार किया है।

आज पार्टी उन्हीं के सिद्धांतों पर चल रही है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्र ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना संपूर्ण जीवन देश सेवा के लिए समर्पित कर दिया और कश्मीर के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। वह जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उन्होंने ही एक देश, एक विधान और एक संविधान का नारा दिया था। आज जब केंद्र में भाजपा की सरकार है तो कश्मीर के लाल चौक पर शान से तिरंगा फहर रहा है। इस मौके पर जिला महामंत्री राम वीर कठेरिया, महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, हरिबख्श सिंह, संतोष चतुर्वेदी, विशाल शुक्ला, शिवेंद्र कुमार, शरद मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, पंकज राजपूत, सर्वेश राजपूत, पुष्कर मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा नेता। अमृत विचार

- अखंड भारत के प्रयासों के लिए किया याद, दी श्रद्धांजलि

भाजपाइयों ने पुष्प अर्पित कर किया पौधरोपण

गुरसहायगंज। पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर नगर पालिका परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस के बाद पौधरोपण किया गया। रविवार को आयोजित गोष्ठी में भाजपा ओबीसी क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा ने कहा कि पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने कश्मीर को लेकर "नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान" का नारा दिया था। इसके बाद पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, विनय वर्मा, राकेश कौशल सब्लू, नवीन द्विवेदी, नीरज मिश्रा, विकास गुप्ता, हीरो गुप्ता आदि ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पअर्पित कर नमन किया और पौधरोपण कर धरती को हरा भरा रखने का संदेश दिया।

पौधरोपण करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

सार-संक्षेप

चौकीदार की खड़ी फसल में दबंगों ने लगाई आग

छिबरामऊ। पुलिस चौकीदार के खेत में खड़ी मक्का की फसल में दबंगों ने आग लगा दी। विरोध करने पर दबंगों ने पीड़ित को लाठी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया। ग्राम अतिराजपुर निवासी प्रेम प्रकाश कठेरिया कोतवाली में चौकीदार है। वह खेती-बाड़ी भी करता है। उसने बताया कि उसके खेत में मक्का की सूखी फसल खड़ी थी, जिसमें रविवार की सुबह गांव के ही निवासी दबंग किस्म के लोगों ने खेत में आग लगा दी जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित चौकीदार ने दो नामजद लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

अवैध खनन कर रही जेसीबी सीज

तालग्राम, कन्नौज। जिला खनन अधिकारी संदेश कुमार पटेल ने शनिवार रात थाना क्षेत्र के खिरिया पुल के पास छापेमारी की। उन्होंने खनन कर रही जेसीबी को पकड़ लिया। खनन संबंधित कोई कागजात न दिखा पाने पर उन्होंने जेसीबी मशीन को सीज कर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दी। अंधेरे का फायदा उठाकर चालक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित फरार हो गया। पुलिस ने जेसीबी सीज कर कार्रवाई की है।

जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत

तालग्राम। ग्राम मायापुर्वा निवासी सुनीता देवी ने बताया कि उसके पति रतीराम की बीमारी से मौत हो चुकी है। वह अपने बच्चों के साथ गांव में रहती है। गांव के लोगों ने उसकी भूमि पर कब्जा कर लिया है। शिकायत के बाद भी उसे न्याय नहीं मिल रहा है। जबकि कब्जेदार भूमि पर निर्माण कार्य कर रहे है। रोकने पर जानमाल की धमकी दे रहे है। पीड़िता ने थाना पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पिता पुत्र को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

तिर्वा। कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गांव निवासी शिवम पुत्र राधेश्याम ने बताया कि उसके पिता दरवाजे पर खड़े थे। उसी दौरान गांव के निवासी दीपक,विकास,अरुण आए और गाली गलौज करने लगे, जब उसके पिता ने विरोध किया तो मारपीट करने लगे। बचाव करने जब वह गया तो उसके साथ भी मारपीट की। युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

एक नजर

छत से गिरकर युवक घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी देवशरन (47) छत से गिरकर गंभीर घायल हो गया। परिजन अस्पताल लाये जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जहरीला पदार्थ पीने से दो लोग बीमार

कायमगंज फर्रुखाबाद। अलग-अलग जगह दो लोगों ने जहरीला पदार्थ पी लिया। नगर के मोहल्ला छपट्टी निवासी मिथुन (24) व क्षेत्र के गांव पचरौली महादेवपुर निवासी दफेदार की 18 वर्षीय पुत्री नेहा ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में दोनों के परिजन अस्पताल लाये जहां प्राथमिक उपचार के बाद मिथुन को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मारपीट में प्रधान संघ अध्यक्ष सहित 4 पर रिपोर्ट

फर्रुखाबाद। ग्रामीण से मारपीट करने के मामले में प्रधान संघ अध्यक्ष सहित 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव रामपुर जोगराजपुर निवासी धर्मपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह अपने घर जा रहा था। इमादपुर सोमवंशी के निकट प्रधान संघ के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, रोनू उर्फ संजय, पिंटू, सुधीर का भाई पता अज्ञात नें उसके साथ मारपीट व गाली गलौज का मोबाइल तोड़ दिया। थानाध्यक्ष रणविजय सिंह नें बताया रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मृतक को भर्ती कर लगा दिया ऑक्सीजन, हंगामा

नाक से खून निकलता देखकर परिजन भड़के, चिकित्सक गायब

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कायमगंज क्षेत्र में एक नर्सिंग होम में डाक्टर ने बिजली करंट से मरे युवक को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। मृतक को ऑक्सीजन लगा दिया। परिजनों ने जब मृतक की नाक से खून निकला देखा तो नर्सिंग होम में जम कर हंगामा किया। तो डाक्टर अस्पताल से खिसक गया।

संतोष कुमार।

रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

इनवर्टर का प्लग लगाते समय युवक को करंट लग गया था। इससे वह अचेत होकर गिर पड़ा। अचेत अवस्था में परिजन सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक अमित ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन उसे लेकर जब निजी नर्सिंग होम पहुंचे तो मृतक को नर्सिंग होम के डाक्टर ने भर्ती कर लिया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नई बस्ती रोड सधबाड़ा निवासी संतोष कुमार उर्फ लालू बाथम (40) पुत्र झम्मन लाल बाथम रविवार सुबह अपने घर पर वाशिंग मशीन का प्लग लगाने के लिए इनवर्टर का प्लग निकाल कर लगाने जा रहा था। उसी समय इनवर्टर के प्लग से उसे करंट लग गया। जब तक परिजन कुछ समझ पाते संतोष कुमार अचेत अवस्था में जमीन पर गिर गया। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर सीएससी पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक अमित कुमार ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उसे लेकर एक निजी नर्सिंग होम पहुंचे।

जहां के संवेदनहीन हुए डाक्टर ने मृत शरीर को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। जब मृतक की नाक से खून बहने लगा तो परिजनों ने हंगामा कर दिया। मौके की नजाकत भांपते हुए डाक्टर वहां से खिसक गया। समाचार लिखे जाने तक परिजनों का अस्पताल में हंगामा जारी था।

पुलिस अभिरक्षा से भागा आरोपी

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में चोरी के आरोप में पकड़ा गया आरोपी पुलिस अभिरक्षा से लोहिया अस्पताल से भाग निकला। पुलिस ने उसे दौड़ कर फिर गिरफ्तार कर लिया। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर कला निवासी भंवर कुमार ने तीन जुलाई 2023 को कादरीगेट थाना क्षेत्र के गांव लकूला निवासी सजन व पिनिया उर्फ कुंदन के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे की विवेचना कर्नलगंज चौकी इंचार्ज नरसिंह कर रहे थे। शनिवार को कादरीगेट थाना पुलिस ने पिनिया उर्फ कुंदन को पकड़ लिया। फतेहगढ़ पुलिस कादरीगेट थाने से पिनिया को ले आई। रविवार को एक सिपाही पिनिया का लोहिया अस्पताल में मेडिकल कराने गया। उसी दौरान पिनिया ने ब्लेड से हथकड़ी काट ली और भागने का प्रयास कर रहा था। यह देख सिपाही ने उसको दबोच लिया। सूचना पर कोतवाली से फोर्स मौके पर पहुंचा और पिनिया को कोर्ट में पेश किया। इसके बाद पुलिस ने उसको जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर हरिश्याम सिंह ने बताया कि चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक ने लोहिया अस्पताल से हथकड़ी काटकर भागने का प्रयास किया, लेकिन सिपाही की सक्रियता से वह भाग नहीं सका।

लोहिया अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिला अस्पताल लोहिया में स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं। इसकी बानगी रविवार को देखने को मिली। जब आईटीआई चौराहे निवासी इकरार को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत पर जिला अस्पताल लोहिया में इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। वार्ड में शिफ्ट के समय भाई रेहान काफी देर तक ड्रिप पकड़े खड़े रहे।कोई सुध लेने वाला नजर नहीं आया।इसी तरह से दूसरी मंजिल तक मरीज ले जाया गया।

ड्रिप पकड़े खड़ा तीमारदार। अमृत विचार

दवा मिली न डाक्टर, मायूस लौटे मरीज : शमसाबाद सीएचसी में रविवार को कम भीड़भाड़ में आसानी से इलाज मिलने की उम्मीद जताए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) चिलसरा आए ग्रामीणों को मायूसी हाथ लगी। अस्पताल में न तो डॉक्टर पहुंचे और न ही एलटी। अस्पताल में मौजूद फार्मासिस्ट नरेंद्र कुमार ने 45 मरीजों को देखा। अधिकांश मरीज दर्द, खुजली व बुखार के थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में डॉ. कल्पना ने 42 मरीजों को इलाज किया। फार्मासिस्ट वीरेंद्र राजपूत ने दवा वितरण की। लैब टेक्निशियन अलका ने नौ मरीजों का बीपी व शुगर की जांच की। इससे दूरदराज से आए ग्रामीण मरीजों ने राहत की सांस ली।

भतीजे को लगा करंट, बचाने आए चाचा की मौत

फर्रुखाबाद। थाना अमृतपुर क्षेत्र में खेत में शौच के लिए गए बच्चे को करंट लग गया। उसके साथ बड़ी बहन थी। उसकी चीख पुकार सुन चाचा मौके पर आ गए। चाचा ने भतीजे और भतीजी को खेत से बाहर निकाल लिया। लेकिन खुद बिजली करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। जिला अस्पताल लोहिया में मौत हो गई।

थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम गुडेरा निवासी किसान अवनीश 35 पुत्र शिशुपाल यादव के छोटे भाई योगेंद्र के तीन साल का बेटा अंश अपनी बड़ी बहन यशोदा के साथ शौच को गया। इस दौरान पड़ोस के नरवीर वर्मा के खेत में लगे बिजली करंट के तार की चपेट में आ गया। अंश को बिजली का करंट लगता देख भतीजी यशोदा चिल्लाई। अवनीश यादव ने मौके पर आकर दोनों बच्चों को खेत से बाहर निकाल लिया। खेत में पानी होने की वजह से वह करंट की चपेट में आ गया। इससे गंभीर झुलस गया। परिजन आनन फानन में लेकर राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां से जिला अस्पताल लोहिया भेज दिया गया। जिला अस्पताल में सवा आठ बजे ईएमओ डॉक्टर ध्रुव राज ने अवनीश को मृत घोषित कर दिया।

दो सगे भाइयों की हत्या में पुलिस के हाथ लगे सुराग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- पुलिस ने तीन लोगों को लिया हिरासत में

अमृत विचार। जहानगंज थाना क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसओ भोलेन्द्र चतुर्वेदी ने घटना का शीघ्र खुलासा करने का दावा किया है। थाना क्षेत्र के गांव बंथलशाहपुर निवासी गुलाब सिंह व भाई अजीत उर्फ दारा सिंह 19 जून को घर से मक्का की फसल काटने के लिए शाम चार बजे गए थे। देर रात तक दोनों भाई वापस नहीं आए।

परिजनों ने खोजबीन की तो खेत के पास कुएं के अंदर दोनों भाई मृत अवस्था में पड़े मिले थे। दोनों भाइयों के जाहिरा चोट नहीं पाई गई। पुलिस ने पिता छविनाथ सिंह की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पोस्टमार्टम में दोनों भाइयों की मौत सिर में आई गंभीर चोट के कारण होना बताई गई। पुलिस ने परिजनों से कई घंटे पूछताछ की, लेकिन परिजन गांव में किसी से रंजिश नहीं होने की बात कहते रहे। पुलिस ने जनपद कन्नौज थाना तालग्राम के तीन भाइयों को हिरासत में लिया। उनसे भी पूछताछ की गई।

पुलिस व फोरेसिंक टीम ने कुएं के अंदर जांच की तो वहां खून के निशान पाए गए थे। सर्विलांस से पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं। रविवार को एसओजी सहित दो टीमें हमलावरों की धरपकड़ के लिए रवाना हो गई हैं। एसओ भोलेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस की टीमें लगातार खुलासे का प्रयास कर रही हैं। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

रजनेश अध्यक्ष, पिंटू महामंत्री चुने गए

कायमगंज, फर्रुखाबाद। नवीन मंडी समिति अनाज खंड कायमगंज का चुनाव सम्पन्न हुआ। ब्रजकिशोर दुबे को मंत्री नियुक्त किया गया। अध्यक्ष पद पर सर्व समिति से रजनेष यादव को चुना गया। पिंटू राठौर को महामंत्री चुना गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष रजनेश यादव ने कहा कि हम सबको साथ लेकर चलेंगे और जो भी मंडी की समस्याएं हैं उनको अवगत कराएं, जैसे शीतल जल की व्यवस्था मंडी में साफ सफाई विद्युत व्यवस्था हम उनको आप सब के सहयोग से समाधान कराने का पूरा प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री सत्यनारायण वर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश बाथम, नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, युवा तहसील महामंत्री प्रवीण यादव, आलोक गुप्ता, अनिल शाक्य ,बालक राम यादव, गौरव गुप्ता ,पवन राठौड़ कैलाश राठौड़, सनी शाक्य सहित सभी अनाज व्यापारी उपस्थित रहे।

पक गई मक्का की फसल, सुखाने को लेकर परेशान हो रहे किसान

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। खेतों मे मक्का की फसल तैयार खड़ी है। ज्यादातर खेतों मे मक्के की कटाई एवं मढ़ाई का काम चल रहा है। किसान मक्के को घर पर लाकर सूखाने में लगे हैं। आज बारिश की बूंदों ने दयानंद इंटर कॉलेज के मैदान पर मक्का सुखा रहे किसानों की धुक धुकी बढ़ा दी। किसान पानी की बूंदे पड़ते ही मक्का को त्रिपाल से ढकते नजर आ रहे थे। अन्नदाता कड़ी मेहनत कर फसल को तैयार करता है। सूखाने के लिए डाली गई मक्का की फसल पर पड़ती बूंदों ने किसान को किसान परेशान कर दिया। किसानों ने बताया तैयार मक्के की फसल सूखाने में हम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कल और आज हुई बारिश ने मक्का को सुखाने की बजाय और नमी बढ़ा दी है। जिससे किसान काफी परेशान नजर आ रहा है।किसान राजीव , प्रताप, शेखर, बबलू आदि ने बताया इस बार मक्के की फसल की औसत पैदावार रही है। पानी न बरसने से सिंचाई ज्यादा करनी पड़ी जिससे लागत ज्यादा आई है। और अब तैयार फसल न सूख पाई तो फफूंदी लगने का डर है। जिससे हम लोगों को वाजिब रेट नहीं मिल पाएंगे। अपनी फसल का सही दाम पाने के लिए किसान खुद भीगकर फसल सूखाने का प्रयास कर रहा है।

स्कूल में सूखने के लिए डाली गई मक्का। अमृत विचार

- सता रहा फफूंदी लगने का खतरा
- बारिश की बूंदे गिरते ही बढ़ जाती है समस्या

सार-संक्षेप

तय हुए प्राचार्य व प्रधानाचार्यों के तबादलों के मानक

फर्रुखाबाद। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों के सामान्य तबादले के लिए शनिवार को शासन ने नीति जारी कर दी। इसके तहत 200 नंबर के गुणांक पर तबादले की वरीयता तय होगी। वहीं तबादले के इच्छुक प्रधानाचार्य व शिक्षक आदि वरीयता पर पांच विद्यालयों का विकल्प देंगे। शासन के अनुसार ऑनलाइन तबादले में वरीयता क्रम तय किया जाएगा। इसमें खुद को कैंसर आदि गंभीर रोग और जिनके पति-पत्नी, बच्चे किसी दुर्घटना में शारीरिक रूप से दिव्यांग या कैंसर से ग्रस्त हैं के लिए 50-50 गुणांक निर्धारित किए गए हैं। इसी तरह यदि पति-पत्नी कार्मिक हैं, तो एक ही जिले में तबादले पर वरीयता दी जाएगी। इसमें एडेड विद्यालय, बेसिक के कार्मिकों को भी 30 नंबर का भारांक दिया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा के विशेष सचिव उमेश चंद्र ने कहा है कि एक ही पद पर एक से अधिक आवेदकों का गुणांक समान होने पर अधिकतम आयु वाले आवेदक को वरीयता दी जाएगी। हर हाईस्कूल में कम से कम दो सहायक शिक्षक, इंटर कॉलेज में दो प्रवक्ता और तीन सहायक अध्यापकों का होना अनिवार्य है। उन्होंने महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा को पत्र भेजकर इसके अनुसार नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

क्रिकेट खेलते समय युवक घायल

फर्रुखाबाद। शहर कोतवाली क्षेत्र में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में युवक खेल रहा था। फील्डिंग के दौरान गेंद पकड़ते समय युवक दूसरे खिलाड़ी से टकरा गया। जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आ गई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया निवासी आदेश पास के मोहल्ले में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में खेल रहा था। जब फील्डिंग कर रहा था, तभी उसके पैर में गंभीर चोट लग गई। परिजन आनन फानन में एंबुलेस से जिला अस्पताल लोहिया लेकर आए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

ठेकेदार भाइयों को पीटने में 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

फर्रुखाबाद। रोडवेज बस स्टेशन पर निगम की ओर से अनुबंधित फल स्टाल की दुकान बनवाने के दौरान ठेकेदार भाइयों पर हमले में 7 नामजद समेत 10 के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना कादरीगेट क्षेत्र में रोडवेज बस स्टेशन पर शुक्रवार को मारपीट में घायल ठेकेदार रानू शर्मा ने थाना कादरीगेट में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार को तन्नू राठौर, सुरजीत सिंह, अजीतसिंह, मनी दुबे, हीरालाल, गौरव सिंह, अन्नू सिंह और 3 अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

समर कैंप में कोच ने सिखाए ऊंचा कैच पकड़ने के गुर

फर्रुखाबाद। डीके स्पोर्ट्स कांप्लेक्स याकूतगंज में चल रहे क्रिकेट समर कैंप में खिलाड़ी मैदान में क्षेत्ररक्षण का अभ्यास कर रहे हैं। कोच खिलाड़ियों को प्वाइंट और स्लिप पर कैच कराने का अभ्यास करा रहे है। इसके साथ ही उन्होंने हाई कैच (ऊंचा कैच) और गली व मिड विकेट पर फील्डिंग करने के गुर बताए। उन्होंने बताया कि बल्लेबाजों को तेजी से एक रन लेने से रोकने के लिए क्षेत्ररक्षक को विकेट से सामान्यत: 15 से -20 गज की दूरी पर होना चाहिए। बल्लेबाजों को दो रन से बचाने के लिए क्षेत्ररक्षक विकेट से सामान्यत: 50-60 गज पर तैनात रहें। कैचिंग के बारे में बताया कि जैसे ही गेंद गिरने लगे तो खिलाड़ी सुनिश्चित करें कि वह अपना सिर यथासंभव स्थिर रखें। जब आप स्थिति में आ जाएं तो अपने घुटनों को थोड़ा मोड़कर रखें और आराम से रहें। तनावग्रस्त न हों। इस अवसर पर दानिश खान, राशिद खान, कासिम खान, राज वर्मा आदि मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन पर बंदरों का आतंक, आरपीएफ जवान को काटा

फर्रुखाबाद। नगर पालिका क्षेत्र में बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। आए दिन बच्चे, बुजुर्ग महिलाओं को बंदर काट लेते हैं। वहीं अब रेलवे स्टेशन पर बंदरों के आतंक से सुरक्षा कर्मी भी बच नहीं पा रहे हैं। आरपीएफ जवान को बंदर ने काट लिया। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लोहिया में उपचार कराना पड़ा। ईएमओ डॉ अंकित मिश्रा ने उपचार दिया।

इस्लामिया स्कूल में पंजा लड़ाओ प्रतियोगिता हुई

फर्रुखाबाद। इस्लामिया स्कूल फतेहगढ़ में आर्म रेसलिंग (पंजा लड़ाने) की प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रम विभाग के नोडल अधिकारी सैय्यद रिज़वान अली ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में 23 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। 50 किलोग्राम में मुहाफिज़, 55 किलोग्राम में मयंक और 65 किलोग्राम में सत्यम प्रथम स्थान पर रहे। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। श्रम विभाग के नोडल अधिकारी ने कहा कि हमें इन पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देकर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। इस अवसर पर आयोजक मुहाफिज सिद्दीकी, फरदीन, नसर खालिक, शमीम खान, सोहेल अहमद फारूकी, खुर्शीद आलम, तौसीफ़ अली, हाफिज सलमान, मोहम्मद तैयब, शकील अहमद व फराज तारिक आदि मौजूद रहे।

सत्संग और संत दर्शन ईश्वर कृपा से सुलभ : पंडित सुनील

फर्रुखाबाद। श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा प्रवचन समारोह में गमा देवी मंदिर फतेहगढ़ में चल रही कथा में रविवार को प्रवचन करते हुए पंडित सुनील महाराज ने कहा कि सत्संग और संत दर्शन ईश्वर कृपा से ही मनुष्य को सुलभ होते हैं। सत्संग में उपस्थिति मनुष्य की ईश्वर तक सीधी पहुंच होती है। उन्होंने भक्त प्रहलाद की भक्ति व राजा बलि का प्रसंग सुनाया तो श्रोता भाव-विभोर हो गए। कहा कि भक्ति के लिए जरूरी नहीं कि युवा और प्रौढ़ अवस्था में ही उसे किया जाए। भक्ति बचपन से भी की जा सकती है। उन्होंने इसके लिए प्रहलाद का उदाहरण दिया। इस अवसर पर रमला राठौर, सभासद अनिल तिवारी, निशीत सक्सेना, सुनीला तिवारी व नीरज सक्सेना आदि मौजूद रहे कथा श्रवण करने दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। इसीतरह अमृतपुर-कस्बा स्थित भारत दास बाबा के स्थान पर भागवत कथा के बाद यजमानों द्वारा हवन पूजन किया गया। उसके बाद जन सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कन्याभोज कराया गया। उसके बाद आम आदमी ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद पाने के लिए भीड़ जुट गई। भारतदास बाबा के स्थान पर कई वर्षों से रह रहे संत रविदास जी महाराज ने बताया है कि यह एक पवित्र तीर्थ स्थान है। यहां पर सभी की मन्नते पूरी होती है। यहां पर 500 वर्ष पुराने पीपल व बरगद के वृक्ष आज भी विद्यमान है।

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, 3 लोग हुए घायल

मारपीट में घायल अधेड़ का अस्पताल में होता उपचार। अमृत विचार

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना अमृतपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के खेत में पड़ोसियों ने मवेशी घुसाकर मक्का की फसल बर्बाद करवा दी। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडे से हमला कर मारपीट की। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। थाना अमृतपुर के कुम्हरौर निवासी जोधन ने गांव में ही दो बीघा खेत में मक्के की फसल कर रखी है। रविवार को जब खेत पर गए तो गांव के ही लोग मक्के की फसल में भैंसो को घुसाए थे। जिसका विरोध किया तो दबगों ने मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह से भाग पीड़ित थाने पहुंचे। पुलिस सीएचसी राजेपुर लेकर आई। चिकित्सक नहीं होने के चलते मेडिकल परीक्षण नहीं हो सका। जिसके बाद जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया। ईएमओ डॉ अंकित मिश्रा ने उपचार हेतु घायल जोधन को भर्ती कर लिया। दूसरे पक्ष से घायल घनश्याम भी थाने पहुंचा और घटना की शिकायत की है।

कुल्हाड़ी के हमले से वृद्ध घायल

- **फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर क्षेत्र निवासी वृद्ध ने शनिवार को अपने खेत में लगा पेड़ जेसीबी से उखड़वा दिया। पड़ोसियों ने पेड़ अपने खेत में होने की बात कह विरोध किया। रविवार को वृद्ध धान का बीज लेने जा रहा था। तभी पड़ोसियों ने खेत पर घेर कर वृद्ध को कुल्हाड़ी मार दी। थाना व ग्राम मेरापुर निवासी बसंत खां के खेत में एक काफी पुराना बकेना का पेड़ था। शनिवार शाम को जेसीबी बुलाकर पेड़ को उखड़वा दिया। रविवार को जब बसंत खां सरहाय जा रहे थे। तभी पड़ोसी खेत वालों ने साथियों के साथ घेर कर मारपीट की।

घायल वृद्ध।

श्मशान घाट पर अवैध वसूली रोकने को बनाई रणनीति

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। श्मशान घाट पर शवों के अंतिम संस्कार करने वालों से की जा रही अवैध वसूली को रोकने पर विकास भवन स्थित कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र ने पीडी कपिल कुमार, बीडीओ बढ़पुर रामसिंह, एडीओ सत्यनारायण सिंह आदि के साथ रणनीति बनाई। श्मशान घाट पर शवों के अंतिम संस्कार के बाद लोगों से अवैध वसूली की जा रही है। ग्राम पंचायत सोता बहादुर द्वारा कर निर्धारित कर गंगा तटों की बेहतर सफाई की व्यवस्था की जाए। गंगा तट स्वच्छ रखने के लिए गंदगी फैलाने वालों पर सख्ती से जुर्माना वसूला जाए। स्नानार्थियों के वाहनों की सुरक्षा की दृष्टि से वाहन स्टैंड बनाने और दुकानदारों से सफाई के लिए प्रति माह शुल्क निर्धारित कर उसकी रसीद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए गहराई वाले स्थानों पर वेरीकेडिंग कराने के साथ बैनर, साइन बोर्ड व पेंटिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। नहाने वालों के लिए लोहे की जंजीरें डलवाने की सलाह दी। मुख्य विकास अधिकारी ने सोता बहादुरपुर के प्रधान व सचिव से पूरी कार्ययोजना बनाने को कहा।

कार्यक्रम फर्रुखाबाद को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जोड़ने का करेंगे प्रयास, बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में हुआ सांसद का सम्मान

सपा की बुनियाद ही झूठ और फरेब से बनी : मुकेश राजपूत

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में सांसद मुकेश राजपूत का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। विपक्ष के निरंतर लगाए जा रहे लोकसभा चुनाव में धांधली के आरोप पर सांसद मुकेश राजपूत ने कहा की सपा सिर्फ झूठ और फरेब करना जानती है। उसकी बुनियाद में ही गुंडा गर्दी है। सपा का जब गठन हुआ था, तब नारा दिया गया था की अब हल्ला बोल। क्या ऐसे नारे लोकतंत्र बुनियाद के लिए खतरा नहीं है।

सपा के लोग कहते हैं की मतगणना के दौरान बिजली चली गई। लेकिन मतगणना स्थल पर सुबह से रात तक एक मिनट के लिए लाइट नहीं गई। जनरेटर चलते रहे। बाहर जहां पुलिस उन्हें उपद्रव करने पर रोकने के लिए खड़े रही थी। वहां के वीडियो बनाकर वह आरोप लगाते हैं। जो कि सरासर गलत हैं। उनकी इच्छा है आने वाले दिनों में फर्रुखाबाद बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जुड़े और फर्रुखाबाद विकास प्राधिकरण पर बने। जिले में 2000 बीघा वन विभाग की जमीन खाली है उस पर चिड़ियाघर बनवाने का काम हो। इसके लिए प्रयास करेंगे।

शहर के बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में रविवार को पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी के सयोजन में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें भाजपा के सहयोगी दल के नेता भी शामिल हुए। रालोद जिला अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने कहा की लोग कहते है की सांसद मुकेश राजपूत कुछ करते क्यूं नहीं है। इससे पहले हमें देखना चाहिए कि हमने उनके लिए क्या किया है। चुनाव में कितने लोगों ने सहयोग किया। जब पूरा विपक्ष एक था, तब लोग घरों से नहीं निकले। अगर सांसद मुकेश राजपूत चार लाख वोटों से जीतते तो अवश्य मंत्री बनकर आते। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक जितेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि इस बार वोटों का मार्जिन कम होने का कारण लोगों का जातियों में बंटना रहा। कार्यक्रम संयोजक राजीव चतुर्वेदी ने कहा कि इस बार विषम परिस्थितियों में चुनाव लड़ा गया। इस दौरान सौरभ मिश्रा, सुशील चौहान, दिलीप भारद्वाज, चित्रा त्रिपाठी, भप्पू सोनी आदि मौजूद रहे।

सांसद मुकेश राजपूत का सम्मान करते भाजपा नेता। अमृत विचार

फर्जी बैनामा कराने की रिपोर्ट दर्ज

फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद थाने के गांव मरहाला निवासी लौंगश्री की तहरीर पर मऊदरवाजा थाने में मदनपुर की सीमा देवी, उसके पुत्र आकाश, जमीन का सौदा कराने वाला कमालपुर निवासी लाखन और खरीददार मैनपुरी जिले के थाना बेवर के गांव किशनपुर गढिय़ा निवासी श्याम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें कहा कि गांव में लौंगश्री की जमीन का आरोपित साठगांठ कर 21 जून को रजिस्ट्रार के यहां बैनामा करवा रहे थे। जानकारी होने पर वह सदर तहसील पहुंची। वहां यह लोग दिखाई दिए। सीमा देवी ने लौंगश्री के नाम का आधार कार्ड बनवा लिया। पीड़िता लौंगश्री ने इसकी सूचना अपने अधिवक्ता और पुलिस को दे दी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

संपादकीय

नक्सलवाद की समस्या

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद एक बड़ी समस्या है। राज्य में नक्सलवादियों की सक्रियता सरकार के नक्सल-विरोधी अभियान से संबंधित नीतियों पर प्रश्नचिह्न है। सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को आईईडी से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई के दो जवान शहीद हो गए। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया। साफ है,नक्सली घात लगाकर आधुनिकतम घातक हथियारों से हमला बोलने में सक्षम व समर्थ हैं। साथ ही नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों ने अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। संगठन के बड़े कैडरों ने अपने लड़ाकों को नकली नोट छापने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया है। पुलिस ने रविवार को तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाने की मशीन, नकली नोटों के सैंपल, विस्फोटक और हथियार बरामद किए। तीन दशकों से अधिक समय से इस समस्या से जूझ रहे राज्य में पहली बार नक्सलियों के नकली नोट बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों के दबाव में और धन की कमी के कारण, नक्सली क्षेत्र के आंतरिक इलाकों के साप्ताहिक बाजारों में विभिन्न वस्तुओं की खरीद के लिए नकली नोटों का उपयोग करने और स्थानीय आदिवासी विक्रेताओं को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। आश्चर्य है कि बस्तर में नक्सलियों द्वारा जाली नोट छापे जाने को लेकर एनआईए को भनक तक नहीं है। नक्सली इस कदम से भारतीय अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की भी कोशिश कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्र-राज्य की संवैधानिक व्यवस्था को यह गंभीर चुनौती है। जाहिर है, इनसे न केवल सख्ती से निपटने की जरूरत है, बल्कि खुफिया एजेंसियों को भी सतर्क करने की जरूरत है। क्योंकि राज्य सरकार की जासूसी संस्थाएं असफल रही हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समस्या वर्ष 2000 के आसपास सामने आई। यहां स्थिति गंभीर व चुनौतीपूर्ण थी। हालांकि खबरें तो यहां तक हैं कि पाकिस्तान और चीन माओवाद को बढ़ावा देने की दृष्टि से हथियार पंहुचाने की पूरी एक श्रृंखला बनाए हुए हैं। नक्सली समस्या को लेकर ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहले के मुकाबले कमी आई है। शुक्रवार को सुकमा में चार नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इसके बावजूद अपने वर्तमान रूप में नक्सल आंदोलन ने अपनी प्रकृति और उद्देश्य दोनों में बदलाव किया है। इसलिए इन्हें नेस्तनाबूद करने की जिम्मेदारी अब सेना व सुरक्षा बलों को संयुक्त रूप से सौंप देनी चाहिए।

बढ़ते तापमान का कारण और स्थायी समाधान

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिन: का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके।

भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है।

विकास के नाम पर कृत्रिम धन को संचित करने के लिए , जो मानव जीवन के लिए जरूरी वास्तविक धन है, उसको लूटने की होड़ मची हुई है। हम सहअस्तित्व के सिद्धांत को नकार कर जिस तरह से प्रकृति के संसाधनों को निचोड़ रहे है, इसके कारण ही आज धरती हीट वेव जैसी समस्याओं का सामना कर रही है। अब तो तापमान बढ़ने की बात सिर्फ दिन के समय की नहीं रही, बल्कि अब रातें भी गर्म होने लगी है, भूमिगत जल का तापमान भी बढ़ने लगा है। इससे स्पष्ट है कि हमने पृथ्वी पर जीवन को संकटमय बना दिया है। आज अधिकांश शहरों का तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 6.4 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो चुका है। इतना तापमान भारत में हीट वेव की रेड कैटगरी के अंतर्गत आता है। जो कि मानव के स्वास्थ्य के हिसाब से बहुत अधिक है या नुकसानदायक है। इतना ही नहीं इससे भविष्य में गर्मी के कारण होने वाली मृत्यु में छह गुना इजाफा हो सकता है। अगर तापमान बढ़ने के कारणों पर ध्यान दिया जाए तो वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रीन हाउस गैसों (कार्बन डाई ऑक्साइड, मीथेन आदि) के अलावा इन निम्न पहलुओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

शहरीकरण के चलते हीट इंडेक्स जैसे कारणों को अनदेखा किया जाना, भूमिगत जल, पेट्रोलियम पदार्थों व कोयला आदि का मनमाना दोहन, नदियों, तालाबों, कुंओं, बावड़ियों में जल स्तर घाट जाना यानी पृथ्वी की सतह पर पानी का कम हो जाना, घरों में एसी के उपयोग होने के कारण स्थानीय तापमान में वृद्धि होना, जंगल कटान के कारण पशु पक्षियों का कम होना, पृथ्वी की चुंबकीय क्षमता में कमी होना एवं पृथ्वी की अंदर की सतह के घूर्णन की गति कम होना व सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी का घटना बढ़ना इत्यादि । भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है। इसमें सबसे पहला तो यही काम है जो कॉप -28 में निर्णय जीवाश्म ईंधन के उपयोग को लेकर लिए गए उनका पालन व क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो तभी हम इस परेशानी को एक अवसर के रूप में बदल सकते है। स्पष्ट है कि हमको धरती की स्थानीय वहन क्षमता के अनुसार खनिजों का खनन करना होगा। इससे कम समय में काफी सार्थक और उपयोगी परिणाम प्राप्त हो पाएंगे। दूसरा दुनिया में 'सहअस्तित्व के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए पूरे विश्व में एक सामान पर्यावरणीय कानून और नियम लागू किए जाएं। इसके अलावा भारत में पर्यावरणीय सूचकांक की स्थिति को देखते हुए देश में प्राकृतिक वसीयत के लिए एक अध्यादेश लागू हो। तभी हम खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके। बढ़ती हुई आर्थिक, सामाजिक असमानता को संतुलित रखने के लिए एक आयोग की स्थापना हो जिसमे सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जाए एवं अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत वसुधैव कुटुंबकम का सिद्धांत पूरी दुनिया में लागू हो। इसके लिए हमको कुछ बदलाव अपने में करने होंगे तभी हम इन प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति पा सकेंगे। इसीलिए पैसे के मूल्य और चक्र को देखते हुए, विश्व में वस्तु विनिमय प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाए। सर्कुलर इकोनॉमी का सबसे बड़ा फायदा ये है, कि ये स्थानीय स्तर पर काम और कुशल कारीगर तैयार करेगी । यानि भारत सरकार को चाहिए कि जो कौशल विकास के नाम पर जो केंद्र चलाए जा रहे है वो स्थानीय संसाधनों के आधार पर चलाए। जिससे कि प्रशिक्षित लड़के - लड़कियों को स्थानीय स्तर पर काम मिल सके। इससे परोक्ष व अपरोक्ष रोजगार मिलने के साथ साथ उस क्षेत्र की जैव विविधता भी समृद्ध बनी रहेगी एवं पलायन, शहरीकरण, पर्यावरण, झुग्गी झोपड़ी का विस्तार, भी नहीं होगा व कुटीर उद्योग बढ़ने के साथ सामाजिक समरसता बनी रहेगी । इस तरह के प्रयास से किसानों को भी लाभ मिल सकेगा। तभी हम भारत के संविधान व पर्यावरणीय कानूनों के अनुसार एक मजबूत इको साइड कानून की व्यवस्था कर सकेंगे। इसके लिए हमको कुछ नियम बैंको या ऋण देने वाली राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में मजबूत और प्रकृति के नियमों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं व परियोजनाओं को ऋण उपलब्ध हो। इसके लिए प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए सर्वोच्च कार्य का दर्जा प्राप्त हो। इसके बाद अंत में बात जीवन शैली की आती है। इसमें हमको ऋतू के अनुसार अपने खान पान और पहनावे पर भी ध्यान देना होगा ताकि मानव शरीर का इम्म्यून पावर भी ताप को सहन करने योग्य हो सके।

उपरोक्त उपायों के साथ साथ हमको स्थायी समाधान तलाशना होगा। क्योंकि वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम कर देना जलवायु परिवर्तन या रूपांतरण का स्थायी हल नहीं है। न ही इसका स्थायी समाधान देश और दुनिया की किसी सरकार व टेक्नोलॉजी के पास है। इसका स्थायी समाधान सिर्फ दुनिया के किसानों के पास है। क्योंकि किसान ही है जिसका सीधा संबंध मिटटी से होने के कारण, जैव विविधता, जल, पशु-पक्षी आदि से भी होता है। किसान ही है जो जल की नदियों का पुनः धरती से आकाश यानि जल का लंबवत बहाव सुनिश्चित कर सकता है। जिस दिन ये लंबवत जल का प्रवाह फिर से सही मात्रा में होने लगेगा, हम प्रकृति को व्यवस्थित कर संतुलन में ला सकेंगे । यानि बारिश, ताप, दाब, आर्द्रता आदि मानकों को सही अनुपात में ला सकेंगे। कुल मिलाकर हम प्रकृति के चक्रण को व्यवस्थित कर लेंगे । ये जो एकल कहानी ग्रीन हाउस गैसों के बारे में जलवायु परिवर्तन को लेकर बताई जा रही है, ये दुनिया को अव्यवस्थित कर देने लिए काफी है। अगर हम जलवायु परिवर्तन को सुधारने के चक्कर में सिर्फ इन गैसों को कम करने के प्रयास करते रहे तो निश्चित मान कर चलो कि ये प्रक्रिया दुनिया के लिए विनाशकारी सिद्ध होगी। धरती पर दो तरह की नदियों का प्रवाह होता है एक क्षितिज के समानान्तर दिशा में दूसरा क्षितिज के लंबवत दिशा में। हमने पेड़ पौधे व मिटटी में कार्बन की मात्रा कम करके इस लंबवत प्रवाह को प्रभावित किया है जिसके कारण ये तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अगर प्रकृति की दृष्टि से सोचें तब शायद हमको अच्छे परिणाम विज्ञान के माध्यम से मिल सकेंगे।

प्रसंगवश

स्मार्ट वर्क के युग में हार्ड वर्क की उपादेयता

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

डिजिटल उपकरणों से लैस आधुनिकीकरण, शहरीकरण और पाश्चात्यकरण के इस दौर में स्मार्ट वर्क की संकल्पना का जोर है। अब यह संकल्पना केवल भौतिक जीवन शैली को समृद्ध करने तक सीमित नहीं रह गई है, वरन यह मानवीय संबंधों, व्यवहार तथा भावनाओं पर भी बड़ी तेजी से पकड़ बनाती जा रही है। दूसरे शब्दों में मानवीय मनोविज्ञान तथा व्यवहार को भी बहुत गहरे तक प्रभावित कर रही है। मनुष्य स्वचालित यंत्र की भांति व्यवहार कर रहा है, अपने स्वार्थ व महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने हेतु मशीनों की भांति व्यवहार करने लगा है।

एक और विवेक प्रधान, भावना प्रधान मनुष्यों में मशीनी प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही है दूसरी ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आधार पर ह्यूमनॉइड रोबोट तैयार किया जा रहे हैं, जिससे जीवन शैली में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सके। कदाचित मानव की जीवन को आसान बनाने की प्रवृत्ति उसमें कठोर श्रम के प्रति अलगाव उत्पन्न कर रही है। वह केवल मस्तिष्क की गणनाओं व बुद्धिमत्ता का प्रयोग कर जीवन को संचालित करना चाहता है।

केवल मस्तिष्क के अनुसार जीवन को संचालित करने की प्रवृत्ति वास्तविक संबंधों में भी प्रवेश करती जा रही है। यही कारण है आज चौतरफा हिंसा, तनाव, अलगाव विद्वेष आदि की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। भौगोलिक दूरिया जितनी तेजी से घट रही है, मानसिक दूरियां बढ़ती जा रही हैं । सुख सुविधाओं के पालने में पलने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी अवसाद ग्रस्त हैं। प्रश्न यह है कि क्या कोरा स्मार्ट वर्क हार्ड वर्क का स्थान ले सकता है ? बेशक डिजिटल क्रांति के विस्तार और विकास के साथ जीवन सरल होता चला जाएगा लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त मशीनें कभी भी मानवीय भावनाओं, प्रेम , करुणा , दया और मौलिक सृजन का स्थान नहीं ले सकते।

उदाहरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक से निर्मित भगवान राम का चित्र ही लीजिए । यह चित्र भावनाओं के स्तर पर अधूरा सा लगता है क्योंकि इसमें कलाकार का समर्पण, भक्ति और भावना नहीं है जो उसके स्पर्श से चित्र में नैसर्गिक सौंदर्य एवं उत्कृष्टता लाती है , जिससे चित्र अतीत के परिपेक्ष्य में जीवंत हो उठते है। जिस प्रकार चैटजीपीटी माध्यमों से विभिन्न क्षेत्रो मे लेखन और काव्य सृजन की बात प्रचारित की जा रही है, उसमें भी भावनाओं और मौलिकता का अभाव होगा जिससे तमाम शब्दों से अलंकृत और व्याकरण की सटीकता के बावजूद अधूरापन रहेगा। व्यक्ति द्वारा हृदय की कोमल भावनाओं की गहराइयों में डूबकर और मस्तिष्क की पूर्ण स्मृतियों और वर्तमान परिदृश्य के आधार पर जो दृश्य खिंचा जाता है वह अनुपम , अतुल्यनीय होता है , मशीनों से ऐसी उम्मीद बेमानी है ।

उदाहरण के लिए हस्तशिल्प को ही लीजिए। आज मशीनों से निर्मित तमाम प्रकार के परिधान बाजार में सस्ती कीमतों में उपलब्ध है , लेकिन क्या यह हाथ की कारीगरी की खूबसूरती व कला सौंदर्य को उकेर सकते हैं । यही कारण है संभ्रांत वर्ग में आज भी इसकी उच्च स्तरीय मांग बनी हुई है।

डिजिटल क्रांति से पेपरलेस का दावा किया गया लेकिन किताबों का विकल्प ई-बुक नहीं हो सकता। जो आनंद पुस्तकों के शब्द सागर में डूबने में है , वह ई-बुक्स में कहां? यह तो पाठक ही भली भांति जानता है । अतः डिजिटल क्रांति समय और श्रम को बचाने का कार्य तीव्रता और सटीकता से करने के मामले में मानवीय श्रम से कहीं बेहतर है, लेकिन भावनात्मक , मौलिक सृजन मानवीय श्रम का स्थान कभी नहीं ले सकती।

इसलिए आवश्यक है मनुष्य मशीनों पर पूर्ण रूप से निर्भर न रहकर अपनी भावनाओं को नव आयाम दे, मौलिकता को बनाए रखते हुए उत्पादकता बढ़ायी जाए। यही मानव जीवन की उपादेयता और सुंदरता है, प्रकृति के साथ समरसता का प्रतीक है । प्रकृति के अंश को प्रकृति के अनुरूप ही व्यवहार करना चाहिए जो मानवीय प्रकृति व संस्कृति को सही दिशा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है।

बाजार बनी दुनिया में क्या है जिसकी बोली न लगे

डॉ . हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें?

प्रतियोगिता परीक्षाओं के क्वेश्चन आउट होकर बिकना हमारे बाजार का हिस्सा बन चुका है। वही बाजार, जिसे हम अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की भाषा में ' बाजारवादी व्यवस्था का सिरमौर' कहते हैं। बाजार खरीदार बनाता है और खरीदार भी अक्सर नए बाजार को खड़ा करते हैं।

फिल्मों में देखते हैं कि जिलों में हाकिमों की पोस्टिंग बिकती है, अखबारों में पढ़ते हैं कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों, कुलसचिवों के पद बिकने के आरोप लग रहे हैं, टीवी में देखते हैं कि एमपी और एमएलए कभी खुदरा तो कभी थोक के भाव में बिक जाया करते हैं, सुनते आए हैं कि मालदार थानों में दारोगा जी की पोस्टिंग की बोलियां लगती हैं, मनचाहा शहर और कॉलेज में पोस्टिंग पाने के लिए प्रोफेसर साहेबानों को अक्सर मोटा माल डाउन करना पड़ता है तो फिर परीक्षाओं के पहले उसके क्वेश्चन पेपर्स क्यों न बिकें?

जब दुनिया बाजार बनने लगती है तो ऐसा क्या है जिसकी बोलियां न लगें? बाजार की अपनी कोई नैतिकता नहीं होती। उसे नियमों और कानूनों से नियंत्रित किया जाता है। लेकिन, जब रेगुलेटर्स ही बिकने के लिए तैयार हों तो नियम और कानून गया भाड़ में। उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें? बचपन से बाप के वैध-अवैध पैसों के बल पर फर्राटे से एसयूवी उड़ाते दोस्तों के साथ पिज्जा खाने जाने की आदत है। तो, उसे भी कमाई वाली नौकरी चाहिए। हर पैसे वाले का बेटा मेधावी ही हो जरूरी नहीं। चाहे जितना कोटा में कोचिंग करवा लो, नीट या जेईई कठिन एक्जाम हैं, नेट में अच्छा स्कोर लाना कठिन है। सीटें सीमित हैं, अभ्यर्थी अपरम्पार हैं। लेकिन पैसा भी एक चीज है जो बहुत कुछ खरीद सकता है। किसी भी कीमत पर अपनी संतान के लिए करियर खरीद लेने की उत्कंठा पाले लोगों का एक अलग, नव धनाढ्य वर्ग डेवलप हुआ है। वैसे भी, इस देश में अब रीति नीति भी यही बनती जा रही है कि अच्छे संस्थानों में और अच्छे कोर्सों में पैसे वालों के ही बेटे पढ़ सकें।

अब, शॉर्ट कट का तकाजा है कि क्वेश्चन पेपर ही आउट करवा लिया जाए। आवश्यकता आविष्कार की जननी है। लो जी, इसका भी मार्केट तैयार हो गया। एक से एक टैलेंटेड लोग लग गए क्वेश्चन आउट कर बेचने के धंधे में। पता नहीं, ये हुनर सीखी कहां से। कोई प्रिंटिंग प्रेस से ही क्वेश्चन उड़ा ले रहा है कोई रास्ते में हथौड़ा मार कर सील तोड़ ले रहा है। लाखों, करोड़ों के वारे न्यारे हो रहे हैं, जोड़ कर देखो तो अरबों का बाजार है यह। दुनिया जब बाजार बन जाती है तो हर शै का अपना बाजार सजता है। क्वेश्चन पेपर्स का भी अपना मार्केट है। सिपाही बहाली के सवालों का इतना रेट, दारोगा बहाली का इतना, मास्टर बहाली का ये रेट, इंजीनियर डॉक्टर का रेट इतना। फिर, रेट इस पर भी निर्भर करता है कि कहीं किसी सेफ जगह में किसी रिसार्ट में या होटल में मटन चिकन पनीर की प्लेटें सामने सजवा कर एक एक क्वेश्चन का आंसर भी रटवा दिया जाएं। फिर, एयरकंडीशंड गाड़ियों में अहले सुबह एक्जाम सेंटर तक पहुंचा देने का जिम्मा भी। बोले तो कंप्लीट पैकेज।

आजकल बाजार में कंप्लीट पैकेज का जमाना है। तो, पैसे वालों को अधिक आराम है। पैसा ही तो लगना है। वह तो देश को लूट कर, सरकार को लूट कर, पब्लिक को लूट कर है ही इतना कि कुछ भी खरीद लें। अब, जब बाजार सजते हैं तो कुछ सीमित आमदनी वाले मिडिल क्लास के होशियार लोग भी लपकते हैं उधर। जमीनें बेच कर, गहने गिरवी रख कर, लोन ले कर इस अंधेरे बाजार में पैसे लगा डालते हैं। डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर बन गया तो क्या कहने। पिछले साल यूपी में खबरें आई थी कि प्रोफेसर बनवाने का बाजार 35-40 लाख तक चला गया था। वह भी तब जब अपने मेरिट से बीए, एमए, नेट, पीएचडी किए रहो। बाजारों के बड़े बड़े खिलाड़ी बड़ी ही सफाई से बचते हैं, बचाए जाते हैं, जांच समितियों के द्वारा, मीडिया के द्वारा, ताकि वे अगली बार अगले गुर्गों के सहारे अपने अगले खेल कर सकें। बाजार बनती दुनिया में पोस्टिंग बिकती है, सेलेक्ट होना बिकता है, एक्जाम सेंटर बिकता है, क्वेश्चन पेपर बिकता है, बहुत कुछ बिकता है। जब खरीदने वाले झोली भर कर मुंह बाए खड़े हैं तो बेचने वाला तो धरती फोड़ के निकल कर आ जाएगा। बाजार का यही नियम है।

सोशल फोरम

कृषि विज्ञान के जनक

आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

दुनिया के अन्य महाद्वीपों के लोग जब वर्षा, बादलों की गड़गड़ाहट के होने पर भयभीत होकर गुफाओं में छुप जाते थे... जब उन्हें एग्रीकल्चर का ककहरा भी मालूम नहीं था.. उससे भी हजारों वर्ष पूर्व ऋषि पाराशर मौसम व कृषि विज्ञान पर आधारित भारतवर्ष के किसानों के मार्गदर्शन के लिए" कृषि पाराशर" नामक ग्रंथ की रचना कर चुके थे।

ऋषि पाराशर ग्रंथ में लिखते हैं जीवन का आधार कृषि है कृषि का आधार वृष्टि अर्थात बारिश है । हर किसान को बारिश के विषय में जरूर जानना चाहिए।

ऋषि पाराशर ने अपने ग्रंथ के द्वितीय खंड वृष्टि खंड में बादलों को 4 भागों में वर्गीकृत किया है। आवरत मेघ,) सम्रत मेघ , पुष्कर मेघ और द्रोण मेघ । पहले वाला मेघ एक निश्चित स्थान में बारिश करता है। दूसरा मेघ एक समान बारिश करता है। तीसरे मेघ से बहुत कम वर्षा होती है। चौथे मेघ से उत्तम वर्षा होती है। ऋषि पाराशर ने कृषि भूमि को तीन भागों में विभाजित किया अनूप कृषि भूमि ,जांगल कृषि भूमि विकट भूमि। पहली से दूसरी, दूसरी से तीसरी भूमि को कृषि के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया। कृषि खंड में उन्होंने बताया किस महीने में बीजों का संग्रह करना चाहिए बीजों की रक्षा कैसे करनी चाहिए बीजों का रोपण किस विधि से होना चाहिए।

सचमुच अतीत का भारत विश्व गुरु था.. जहां ज्ञान विज्ञान कला कौशल की भरमार थी.. कोई ऐसा क्षेत्र है जहां हमारे ऋषि-मुनियों ने अमूल्य ग्रंथों की रचना ना की हो..!

दुर्भाग्य से महाभारत के महायुद्ध में हजारों लाखों ऋषि महर्षि , योद्धा मारे गए.. परिणाम स्वरूप गुरुकुल शिक्षा पद्धति और शिक्षा परंपरा विद्या की वैदिक संस्थाएं लुप्त हो गईं। 90 फ़ीसदी से अधिक ज्ञान परंपरा व ग्रंथ लुप्त हो गए। आज जलवायु परिवर्तन के कारण अमेरिका ऑस्ट्रेलिया की भूमि बंजर होती जा रही है। यह भारत के ऋषि महर्षियो का ज्ञान ही था कृषि के क्षेत्र में लाखों करोड़ों वर्ष के पश्चात भी भारत भूमि बंजर नहीं हो पाई ।

-फेसबुक वॉल से

भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रतीक था नालंदा विश्वविद्यालय

प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत में शिक्षा का एक प्रसिद्ध केंद्र था, जो वर्तमान बिहार में स्थित है। इसकी स्थापना गुप्त काल के दौरान हुई थी और पाल वंश के शासनकाल के दौरान यह अपने चरम पर पहुंच गया था। विश्वविद्यालय ने दुनिया भर से विद्वानों और छात्रों को आकर्षित किया और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शिक्षाओं के लिए प्रसिद्ध था। ईसा से 1200 साल पहले। खुदाई में मिले अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में बुद्ध और महावीर के समय से पहले भी इंसानी बसाहट हुआ करती थी।

नालंदा जिसका प्रारंभिक नाम "बड़गांव"और जैन धर्म मे इसे कुण्डलपुर कहा जाता था। यह बौद्ध धर्म के साथ हिंदू और जैन धर्म का भी केंद्र रहा है। शक्रादित्य ने नालंदा में एक बौद्ध मठ का निर्माण कराया था। छठवीं शताब्दी आते-आते, ये एक बहुत बड़े शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हो गया। गुप्त काल के अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में तब हिंदू, जैन, बुद्ध, तीन धर्मों का प्रभाव था। जो यहां की निर्माण शैली, वास्तुकला और मूर्तियों में दिखाई देता है।

बौद्ध धर्म के ग्रंथ बताते हैं कि महात्मा बुद्ध ने नालंदा में एक उपदेश दिया था। उनके एक शिष्य शारिपुत्र के नाम पर नालंदा म् एक स्तूप भी बना हुआ है। नालंदा का एक संबंध जैन धर्म से भी है। जैन सूत्रों के अनुसार भगवान महावीर ने भी कुछ वर्ष नालंदा में बिताए थे। गुप्त काल के बाद कन्नौज के राजा हर्षवर्धन ने नालंदा को अनुदान दिया। उन्होंने यहां तीन मंदिरों का निर्माण कराया। आठवीं सदी के बाद बंगाल के पाल वंश ने नालंदा की देखरेख की। चीनी यात्री ह्वेनसांग लिखते हैं, "नालंदा में दाखिला लेने वालों में सिर्फ 20 प्रतिशत छात्रों को प्रवेश मिलती थी।" नालंदा के सभी छात्रों ने महायान के साथ-साथ बौद्ध धर्म के अठारह (हीनयान) संप्रदायों के ग्रंथों का अध्ययन किया। उनके पाठ्यक्रम में वेद , तर्कशास्त्र, संस्कृत व्याकरण, चिकित्सा, षटदर्शन, व्याकरण, एस्ट्रोनॉमी, गणित जैसे तमाम विषयों की पढ़ाई हुआ करती थी। पढ़ाई का तरीका भी अनूठा हुआ करता था।

ह्वेन सांग के लिखे अनुसार नालंदा में एक वक्त में दस हजार छात्र पढ़ाई करते थे। और उन्हें पढ़ाने के लिए लगभग 1500 शिक्षक हुआ करते थे। इन सबके ऊपर एक चांसलर हुआ करता था। ह्वेनसांग ने नालंदा के एक चांसलर, शिलाभद्र का जिक्र किया है। जो ह्वेन सांग के अनुसार योग शास्त्र के सबसे बड़े शिक्षक थे।

नालंदा के विद्यार्थियों के द्वारा ही एशिया में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का विस्तृत प्रचार व प्रसार हुआ था। तिब्बत के राजा के निमंत्रण पर भदंत शांतिरक्षित और पद्मसंभव तिब्बत गए थे और वहां उन्होंने संस्कृत, बौद्ध साहित्य और भारतीय संस्कृति का प्रचार करने में अप्रतिम योग्यता दिखाई थी। नालंदा में बौद्ध धर्म के अतिरिक्त हेतुविद्या, शब्दविद्या, चिकित्सा शास्त्र, अथर्ववेद तथा सांख्य से संबंधित विषय भी पढ़ाए जाते थे। युवानच्वांग ने लिखा था कि नालंदा के एक सहस्त्र विद्वान् आचार्यों में से सौ ऐसे थे जो सूत्र और शास्त्र जानते थे, पांच सौ, 3 विषयों में पारंगत थे और बीस, 50 विषयों में। केवल शीलभद्र ही ऐसे थे जिनकी सभी विषयों में समान गति थी।

धर्मस्वामिन के अनुसार बख्तियार खिलजी की मौत के कई साल बाद नालंदा पर एक और आक्रमण हुआ था। जिसके बाद नालंदा लगभग पूरा खाली हो गया। तुर्क आक्रमणों के चलते बौद्ध भिक्षुओं में डर बैठ गया था। जिसके बाद ये इलाका खाली कर दिया गया। नालंदा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया है। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की विरासत को पुनर्जीवित करने का प्रयास के रुप में देखा जाना चाहिए।

महत्वपूर्ण होगा स्पीकर का चुनाव

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अठारवीं लोकसभा में किसी दल का स्पष्ट बहुमत नहीं है। भाजपा की अगुवाई में राजग यानी एनडीए की मिली-जुली सरकार है। ऐसे में लोकसभाध्यक्ष यानी स्पीकर का पद बेहद महत्वपूर्ण होगा। भाजपा के कुल 240 सांसद ही हैं,जो पूर्ण बहुमत से 32 कम हैं। भाजपा का इतिहास दल बदल कराकर विपक्षी सरकारें गिराने और अपनी बनाने का रहा है। मध्यप्रदेश विधानसभा के 2018 वाले चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई थी और कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बन भी गई थी;किंतु तोड़ फोड़ करके भाजपा ने अपनी सरकार बना ली। इसके लिए उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिलाया था। कोशिश राजस्थान में भी की गई, हालाँकि योजना परवान नहीं चढ़ी। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की महा अघाड़ी सरकार में दल बदल कराया गया और उसे गिराकर शिवसेना के नए बने एकनाथ शिंदे गुट की राजग सरकार बनी। उत्तराखंड में बड़ी संख्या में कॉग्रेसियों को भाजपायी बनाया गया और विजय बहुगुणा को इस्तेमाल किया गया। यहां तक कि नैनीताल हाईकोर्ट के जज जोसेफ ने इसे 'पाप'करार दिया। अपने इस स्वभाव और रीति नीति के चलते यदि स्पीकर भाजपा का बन गया तो छोटे दलों की खैर नहीं,वे चाहे जिस तरफ के हों। वो तोड़े और भाजपा में विलीन किए जाएंगे। ऐसे में 26 जून को होने वाला स्पीकर चयन बहुत महत्व रखता है तथा सांसदों,विशेषकर छोटे दलों को बहुत विवेक लगाना होगा और सूझबूझ से काम करना होगा। सावधानी हटी कि दुर्घटना घटी। अभी फिलहाल भाजपा अपना ही स्पीकर बनाने पर तुली है और विपक्ष का कहना है कि यदि चंद्रबाबू नाइडू की तेदेपा का स्पीकर कैंडीडेट सामने आता है,तो वे समर्थन करेंगे; भाजपाई यदि खड़ा हुआ,तो विरोध होगा और चुनाव लड़ा जायगा। युद्ध की दुंदुभी तो बज चुकी है,प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति पर ही। कांग्रेस सांसद के.सुरेश ज्यादा सीनियर थे। उन्हें बाईपास करके भाजपाई भर्तिहरि महताब को इस पद पर बिठाया गया है। अगले कुछ दिन बेहद महत्वपूर्ण और सावधानी बरतने के हैं।

विधानसभा उपचुनाव मिलकर लड़ेगा इंडिया गठबंधन : शिवपाल यादव

सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने सभी 10 सीटों पर सपा की बहुमत से जीत का किया दावा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया कि संसदीय चुनाव की तरह ही उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों का उपचुनाव इंडिया गठबंधन मिलकर लड़ेगा। साथ ही सभी 10 सीटों को जीत कर रिकॉर्ड भी बनाएगा। वह आईटीआई चौराहे पर कृष्णा होटल में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की छोड़ी हुई मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी। सपा इस सीट पर रिकार्ड मतों से न केवल जीत हासिल करेगी बल्कि विपक्षी दलों की जमानत भी जब्त कर देगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन लोकसभा में मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा करेगा। अब संसद में भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दल अपनी मनमर्जी नहीं कर पाएंगे।

उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष से जुड़े हुए सवाल पर कहा कि नेता प्रतिपक्ष का निर्णय पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और वरिष्ठ नेता मिल कर आम सहमति से करेंगे। नीट परीक्षा को लेकर कहा कि सरकार जांच में देरी कर रही है। जब पर्चा लीक हुआ था तभी जांच करा कर दंडित किया जाना चाहिए था। सरकार आरोपियों को बचाने के चक्कर जांच में ढिलाई बरतने में जुटी हुई है। आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार में हर परीक्षा का पर्चा लीक हुआ, जब की ऐसा कतई नहीं होना चाहिए था इस खामी से देश भर के करोड़ो बच्चो का भविष्य खराब हो रहा है।

कृष्णा पैलेस होटल एंड रेस्टोरेंट का उद्घाटन

इटावा। शहर के आईटीआई चौराहा पर कृष्णा पैलेस होटल एंड रेस्टारेंट का भव्य उद्घाटन सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने किया। कहा कि यह होटल एंड रेस्टारेंट शहर के लोगों के लिए सुविधाओं का बड़ा स्थल साबित होगा। निदेशक ललित एवं अजय यादव को रेस्टारेंट में खाने की क्वालिटी में समझौता नही करने की बात कही। होटल के प्रोपराइटर ललित यादव, अजय यादव ने बताया शहर का यह इकलौता रेस्टोरेंट है। जहां इंडियन, साउथ इंडियन के लजीज व्यंजनों के साथ-साथ चाइनीज व दिल्ली स्पेशल छोले-बटुरे सहित ग्राहकों के मनपसंद चीजें उपलब्ध होंगी। साथ ही ठहरने के लिए वीआईपी रूम उपलब्ध होंगे। कृष्ण पैलेस के मालिक सदस्य जिला पंचायत डॉ अरविंद यादव ने बताया कि होटल व रेस्टारेंट में लक्जरी रूम, बेन्क्विट हॉल, कांफ्रेस हॉल के साथ-साथ सगाई समारोह, शादी समारोह, बर्थ डे पार्टी, किटी पार्टी, एनवर्सरी पार्टी के लिए पूर्ण सुविधा उपलब्ध होगी। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष चंद्र यादव, पूर्व राज्य मंत्री राम सेवक यादव, केपी सिंह, पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप सिंह, अजंट सिंह, कुमदेश चंद्र, पूर्व एमएलसी रामनरेश मिनी, गोपाल यादव, सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप बबलू शाक्य, डॉ. बृजेश यादव, रामनरेश बाबा, प्रेम सागर सदस्य, वीरू भदोरिया, सर्वेश शाक्य, पूर्व अध्यक्ष संटू गुप्ता, फुरकान अहमद, डॉ. रविंद्र यादव, डॉ. मुकेश यादव, भारत सिंह, चंदगीराम यादव, डॉ. कैलाश यादव, आशीष पटेल, रिटायर्ड सीओ रामनाथ यादव, अजेंद्र सिंह गौर, राहुल गुप्ता, महाराज सिंह, सुनील कुमार, अर्जुन सिंह यादव, नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

होटल कृष्णा पैलेस का उद्घाटन करते सपा महासिचव शिवपाल सिंह यादव।

डीबीए पदाधिकारियों को मिलेंगे प्रमाणपत्र

इटावा। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों को प्रमाणपत्रों का वितरण 24 जून को साढे 11 बजे एल्डर्स कमेटी द्वारा डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सभागार में किया जाएगा। कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता योगेंद किशोर तिवारी ने बताया कि डीबीए कार्यकारिणी के समस्त विजयी प्रत्याशियों के प्रमाणपत्र एल्डर्स कमेटी द्वारा तैयार करा लिए गए हैं। जो एल्डर्स कमेटी के चैयरमेन योगेंद्र किशोर तिवारी, सद्स्यगण शांतिस्वरूप पाठक, रविन्द्र सिंह, रमा शंकर चौधरी व प्रेमशंकर शर्मा द्वारा प्रदान किए जाएंगे। एल्डर्स कमेटी चैयरमेन योगेंद्र किशोर तिवारी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यगण से प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम में समय से उपस्थित होने की अपील की है। इसकी जानकारी एल्डर्स कमेटी के प्रवक्ता मोहसिन अली ने दी है।

व्यापारी की पिटाई मामले में थाना प्रभारियों पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चुनाव बाद इधर से उधर किए गए कई थाना प्रभारी, कई का चार्ज छिना

अमृत विचार। सहसों में व्यापारी की पुलिस द्वारा घसीटते हुए पिटाई, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर जाम और लाठी चार्ज से दोनों थाना प्रभारियों गाज गिर गई। एसएसपी संजय वर्मा ने दोनों को थानों से हटाकर शाखाओं में भेज दिया। चुनाव बाद कई थाना प्रभारी इधर से उधर किए गए इनमें कई का चार्ज छीन लिया गया।

शहर में फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में एक महीने पहले किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में प्रभावी कार्रवाई ने होने को लेकर दो दिन पहले किशोरी के परिजनों द्वारा नेशनल हाईवे जाम कर आक्रोश व्यक्त किया गया था। पुलिस को लाठी चार्ज करके जाम खुलवाना पड़ा। दूसरी ओर थाना सहसों क्षेत्र में व्यापारी को घसीटते हुए पिटाई करने का आरोप पुलिस पर लगा। एसएसपी ने थाना फ्रेंड्स कॉलोनी के प्रभारी इंस्पेक्टर दिवाकर प्रसाद सरोज को एएचटीयू प्रभारी जबकि सहसो थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रण बहादुर सिंह को साइबर थाना प्रभारी बना दिया।

इसके अलावा पछाय गांव थाना प्रभारी कृष्ण लाल पटेल को अपराध शाखा, चौबिया थाना प्रभारी मंसूर अहमद को ऊसराहार जबकि ऊसराहार थाना प्रभारी बेंचन सिंह को इनके स्थान पर भेजा। जसवंत नगर थाना प्रभारी कपिल दुबे को थाना प्रभारी सैफई, इस थाना के प्रभारी बलराम मिश्र को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी का प्रभारी बनाया।

इसके अलावा बसरेहर थाना प्रभारी कपिल चौधरी को लवेदी थाना प्रभारी जबकि इस थाना के प्रभारी सनत कुमार को वैदपुरा थाना प्रभारी, इस थाना के प्रभारी समित चौधरी को बसरेहर थाना प्रभारी, विठौली थाना प्रभारी अलमा अहिरवार को पछाय गांव थाना प्रभारी, अपराध शाखा से इंस्पेक्टर विद्यासागर सिंह को विठोली थाना प्रभारी, थाना इकदिल क्राइम इंस्पेक्टर रामप्रकाश को सहसो थाना प्रभारी, साइबर थाना प्रभारी तारिक खान को इकदिल थाना का क्राइम इंस्पेक्टर, फ्रेंड्स कॉलोनी के क्राइम इंस्पेक्टर धर्मेंद्र मिश्र को थाना बढ़पुरा का क्राइम इंस्पेक्टर जबकि यहां के क्राइम इंस्पेक्टर रजनेश चौहान को इनके स्थान पर भेजा, एएचटीयू प्रभारी राजेंद्र विक्रम सिंह को विशेष जांच प्रकोष्ठ प्रभारी तथा चुनाव सेल श्रीराम निरंजन को सम्मन सेल भेजा।

झोपड़ियों में आग से 25 क्विंटल गेहूं व भूसा जला

- दो दमकल वाहनों की मदद से आग पर पाया गया काबू

भरथना, इटावा। दो झोपड़ियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की दो दमकल तथा गांव वालों के सहयोग से घंटों कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। आग से काफी गेहूं और भूसा जलकर राख हो गया। भरथना क्षेत्र में ग्राम पंचायत सिन्हुआ के मजरा नगला दयाली में उस समय हाहाकार मच गया जब गांव किनारे खेतों से सटी दो सगे भाइयों की झोपड़ियां आग से जलने लगीं। झोपड़ियों में विकराल आग देखकर गांव वालों ने आग बुझाना शुरू कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई जिस पर फायर बिग्रेड कर्मी दमकल के साथ आए, आग पर काबू पाने ने असमर्थ होने पर एक और दमकल को मौके पर बुलाया। गांव में लगे नलकूप आदि चलाकर कई घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित दोनों भाई दर्शन सिंह व भूपाल सिंह ने बताया कि झोपड़ियों में रखा 25 क्विंटल गेहूं तथा 35 किवंटल भूसा जलकर राख हो गया। प्रधान पप्पू यादव की मौजूदगी में राजस्व विभाग की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार और महामंत्री देवेंद्र पाल का स्वागत करते अरविंद धनगर।

डीबीए अध्यक्ष, महामंत्री का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ ने जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गौर एवं महामंत्री देवेंद्र पाल सिंह का रविवार को समारोह में अभिनंदन किया। संगठन मंत्री अरविंद प्रताप सिंह धनगर उन्हें शुभकामनाएं दीं। नाथूराम धनगर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नरेंद्र धनगर, लज्जाराम बघेल, वीरेंद्र बघेल, चंदन सिंह, प्रधानाचार्य पूरन सिंह पाल, मनीष धनगर ने विचार रखे। महामंत्री देवेंद्र पाल सिंह ने आभार व्यक्त किया। संगठन के महासचिव शशांक होल्कर ने भी अपनी बात रखी। प्रबल बघेल (राजू धनगर), सर्वेश धनगर, हेमंत धनगर, आदित्य धनगर, राजेन्द्र धनगर, धर्मवीर धनगर, अनिल धनगर, गिरेंद्र धनगर प्रधानाध्यापक, रवि धनगर, विपिन धनगर, राहुल धनगर, चंद्र प्रकाश धनगर ने प्रतिभाग किया।

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ रिपोर्ट दर्ज

बकेवर। थाना क्षेत्र के गांव में युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ की। महिला के प्रार्थना पत्र पर घटना के एक सप्ताह बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। महिला ने बताया कि 15 जून की रात वह घर में अकेली थी। तभी एक युवक घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने विरोध किया तो युवक गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। लोगों को आता देख आरोपी धमकी देकर भाग गया।

पुलिस ने पीड़ित महिला के प्रार्थना पत्र पर अवनीश उर्फ गोलू निवासी नगला पुतई, थाना बकेवर के विरुद्ध छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओ में रिपोर्ट दर्ज की है। कार्य वाहक थानाध्यक्ष हेमंत सोलंकी ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है।

दावत खाने गए युवक का शव मिला

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला लाले निवासी एक युवक का शव गांव से 500 मीटर की दूरी पर ओडमपुर नाला के किनारे पड़ा मिला। युवक शनिवार की शाम को दावत खाने के लिए घर से निकला था। रविवार की सुबह संदिग्ध अवस्था में उसका शव पड़ा मिला। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

अनिल कुमार।

क्षेत्र के ग्राम नगला लाले निवासी अनिल कुमार यादव (40) पुत्र स्व. विजय सिंह शनिवार शाम को दावत खाने के लिए पड़ोस के गांव बंजराहार में गया था। रविवार की सुबह गांव के लोग खेतों की तरफ गए तो देखा कि एक युवक का शव ओडमपुर नाला के पास पड़ा हुआ था। जब पास से देखा तो उसकी पहचान अनिल कुमार के रूप में की गई। परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी थे। मोबाइल फोन पास में पड़ा हुआ था। मोटरसाइकिल भी पास मे खड़ी थी। ग्रामीणों व परिजनों ने इसकी जानकारी थाना पुलिस को दी।

- पास में ही मिली बाइक और मोबाइल, शरीर पर चोटों के मिले निशान

प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतक बटाई दार किसान था जो खेती-बाड़ी कर परिवार चलाया करता था। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है और ना ही कोई थाने में तहरीर दी। पुलिस छानबीन में जुटी है।

घटनास्थल का निरीक्षण करती पुलिस व मौके पर मौजूद लोग। अमृत विचार

सार-संक्षेप

चंबल पुल पर लगे बैरियर को पिकअप ने तोड़ा, जुर्माना

उदी। शनिवार रात चंबल पुल का बेरियर एक बार फिर तोड़ दिया गया। बड़े व ओवरलोड खनन वाहनों को जर्जर चंबल पुल से निकलने से रोकने के लिए पिछले लगभग 1 साल से प्रशासन के आदेश पर बैरियर लगाया गया है। इसकी देखरेख के लिए वहां पुलिस पिकेट भी तैनात रहती है। इसके बावजूद भी कुछ वाहन वाले कभी-कभी टक्कर मारकर बैरियर तोड़ देते हैं। बढ़पुरा थानाध्यक्ष गणेश शंकर द्विवेदी ने बताया कि बैरियर सुबह तड़के टूट जाने की सूचना मिली थी जिसे रविवार सुबह 10 बजे तक जुड़वा दिया गया। बैरियर तोड़ने वाले ओवर हाइट मैक्स पिकअप वाहन पर 6 हजार रूपये का चालान किया गया है।

साफ-सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : चेयरमैन

भरथना, इटावा। भरथना नगर पालिका के चेयरमैन अजय यादव गुल्लू ने कहा है कि बरसात से पूर्व नगर के नालों में जमा सिल्ट व कूड़ा-करकट की सफाई कर कस्बे को जलभराव की समस्या से निजात दिलायी जाएगी। रविवार को कस्बा के रेलवे फाटक के समीप मोहल्ला तिलक रोड पर चल रहे सबसे बड़े नाले की साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे चेयरमैन ने कहा है कि नाला सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के माध्यम से नगर के मोहल्ला ब्रहमनगर, बालूगंज, मोतीगंज, गिहार नगर, अनवरगंज, स्टेशन रोड, तिलक रोड सहित सभी बडे-बडे नालों की सफाई का काम चल रहा है। इसके चलते बरसात के समय नगर को जलभराव की समस्या से निजात मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान सभासद शिवराम सिंह यादव, सीटू यादव, पूर्व सभासद धर्मनारायन भारती, सफाई प्रभारी मुकेश यादव, राजेश यादव पण्डा, सिन्धी यादव, विनय यादव, अरविंद यादव आदि उपस्थिति रहे।

थाना प्रभारियों का स्वागत और विदाई करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

नवागत प्रभारी निरीक्षक राम सहाय ने संभाला चार्ज

जसवंतनगर। नगर कोतवाली में नव नियुक्त प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। कहा कि फरियादियों की समस्याएं सुनकर उचित निराकरण किया जाएगा। कानून तोड़ने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पूर्व तैनात रहे निरीक्षक कपिल दुबे का विदाई समारोह धूमधाम से किया गया। विदित हो कि नवागत प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह चुनाव पूर्व औरैया जिले से स्थानांतरित होकर इटावा जिले के फ्रेंड्स कॉलोनी थाना में क्राइम निरीक्षक के पद पर तैनात रहे। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के आदेशानुसार रविवार को यहां की कोतवाली का चार्ज संभाला।

गर्मी से युवक की मौत की आशंका

महेवा। थाना बकेवर के मजरा टिलीटिला में युवक की अकस्मात मौत हो गई। ग्राम निवासी चौकीदार रमेश नागर का युवा पुत्र पिंटू ऑटो चलाता था। सुबह अचानक तबीयत खराब हुई व दोपहर में निधन हो गया। कयास लगाए जा रहे हैं कि युवक की मौत हृदयाघात अथवा गर्मी के चलते हुई। युवक के निधन पर प्रधान हरगोविंद पाल, छुन्ना दोहरे, अंकुश यादव, राघवेंद्र आदि ने शोक व्यक्त किया हैं।

योग गुरु अभिषेक की दादी का निधन

महेवा, इटावा। ग्राम मुकुटपुर निवासी सहकारी संघ महेवा के पूर्व अध्यक्ष सतेंद्र सिंह भदौरिया की वयोवृद्ध माता एवं योग गुरू अभिषेक भदौरिया की दादी के निधन पर क्षेत्रीय लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक जताया। 90 वर्षीय चंद्रावती भदौरिया का बीमारी के चलते रविवार की सुबह निधन हो गया। पूर्व प्राचार्य डॉक्टर रामप्रकाश ओझा, सहकारी संघ महेवा के अध्यक्ष राजीव चौधरी, संचालक राजेश दुबे, सचिव रामवीर सिंह, प्रधान लाल सिंह, मृदुल कुशवाहा, प्रधान महेवा कुमुद सिंह, वीरेंद्र पोरवाल आदि ने शोक जताया है।

रिमझिम बारिश ने गर्मी में पहुंचाई राहत

महेवा। मौसम में आए बदलाव के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली। ठंडी हवाओं एवं रिमझिम बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। शनिवार की देर शाम से मौसम में बदलाव शुरू हुआ। जिसके चलते तापमान में गिरावट हुई। रविवार को सुबह से ही बादल छाए रहे तथा देर शाम चार बजे के करीब बूंदा बांदी होने से भीषण गर्मी से राहत मिली। तापमान में भी पांच से सात डिग्री की गिरावट आई। मई व जून माह में अत्यधिक गर्मी के चलते तापमान 42 से 46 डिग्री तक पहुंच गया था।

ईद-ए-गदीर पर महफिल आज

इटावा। ईद-ए-गदीर के मौके पर राहत अकील शक्कन की ओर से 24 जून को रात 8:30 बजे शरीफ़ मंज़िल सैदबाड़ा इटावा में मौलाना अनवारूल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा की अध्यक्षता में महफ़िल का आयोजन किया जाएगा। अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि ईद ए ग़दीर पर आयोजित महफ़िल में शायरे एहलेबैत मौला अली की शान में बेहतरीन कलाम पेश करेंगे।

सुभाष नगर में हाईटेंशन लाइन का तार टूटा

बकेवर। सुभाष नगर में हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर शिव प्रताप के पशु बाड़े पर गिर गया। मोहल्ला में बिजली की जर्जर हाईटेंशन लाइन और विद्युत की आपूर्ति काट देने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने नई लाइन और उसके नीचे सेफ्टी लगाने को लेकर मांग की है। एसडीओ भूप सिंह ने बताया कि नए तार मंगवाए गए हैं। जल्द ही लाइन को बदलवाकर विद्युत आपूर्ति चालू हो जाएगी।

शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार पर जोर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय में ग्रुप के प्रधानाचार्यों का शैक्षिक सेमीनार हुआ। शैक्षिणक गुणवत्ता में और अधिक सुधार लाने के लिए अपने अपने विचार रखे। ज्ञान स्थली समूह के प्रबंधक शिवप्रसाद यादव एवं उपप्रबंधक विनीत यादव ने दीप प्रज्ज्वलन किया। तत्पश्चात डा प्रमोद कुमार एवं डा मुखर्जी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

प्रबंधक शिव प्रसाद यादव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नीतियों का निर्धारण जरूरी है । उप प्रबंधक विनीत यादव ने कहा कि बच्चों को रटने से ज्यादा समझने पर जोर दिया जाना चाहिए। प्रधानाचार्यों ने भी अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किये। प्रबंधक शिवप्रसाद के निर्देशन में विचार विमर्श के बाद एक नयी पालिसी तैयार की गई। जिसको इस सत्र में लागू किया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार, रामपाल सिंह, मनोज सेंगर, विनय कुमार उपाध्याय, राजीव नयन श्रीवास्तव, सजीमोन, पंकज शर्मा, उपमा सक्सेना, मुखर्जी, अनूप चौधरी, सरिता मौजूद रहे। संचालन प्रधानाचार्य रामपाल सिंह ने किया।

सेमीनार में भाग लेते प्रबंधक शिवप्रसाद, उप प्रबंधक विनीत एवं प्रधानाचार्य।

- ज्ञान स्थली ग्रुप के प्रधानाचार्यों का शैक्षिक सेमीनार

डांस शो : जूनियर वर्ग में मिस्टी सीनियर में दिव्या ने मारी बाजी

- स्टार आइकॉन ऑफ इटावा का हुआ आयोजन
- तीन कैटेगरी में करवाई गई प्रतियोगिता

इटावा। डिफ्ट फैशन हाउस द्वारा स्टार आइकॉन ऑफ़ इटावा शो का आयोजन रविवार को शहर के माया मैरिज होम में किया गया। संयोजिका एवं व्यापार मंडल की महिला जिला महामंत्री दीपिका गुप्ता, सह संयोजक फरमान खान, दीपाली चौहान, अदनान और ज़ैद ने बताया कि प्रतियोगिता को तीन कैटेगरी में आयोजित किया गया। जिसमे डांस, मॉडलिंग और सिंगिंग थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के प्रदेश महासचिव आकाशदीप जैन, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष आकांक्षा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। डांस प्रतियोगिता जूनियर की विजेता मिस्टी, द्वितीय स्थान पर प्रथा एवं तृतीय स्थान पर अर्जुन रहे। सांत्वना पुरस्कार इशाना तिवारी, एकांशी को दिया गया। सीनियर कैटेगरी में प्रथम दिव्या, द्वितीय अर्पिता, तृतीय स्थान आयुषी तिवारी को मिला।

स्टार आइकान ऑफ इटावा के विजेता प्रतिभागी। अमृत विचार

सफारी में हर्ष | बीमार शावक इलाज से हो रहा है स्वस्थ, शेरों का कुनबा बढ़ने की बंधी उम्मीद

शेरनी नीरजा के तीनों शावक हैं मादा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। इटावा सफारी पार्क में 31मई/ 1 जून को शेरनी नीरजा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। इन शावकों ने आंखें खोल लीं है और यह भी पता चल गया है कि तीनों शावक मादा हैं। इससे सफारी में खुशी है क्योंकि इससे सफारी का कुनबा और बढ़ने की उम्मीद है। इस बीच शुक्रवार की शाम से एक शावक अस्वस्थ था जिसका सफारी के डॉक्टर इलाज कर रहे हैं और बताया गया है कि अब उसकी तबीयत में सुधार हो रहा है।

आमतौर पर यह माना जाता है कि सफारी में शेरनी जिन शावकों को दूध नहीं पिलाती है उनके बचने की संभावना कम रहती है । 3 सितंबर को शेरनी रूपा ने जिन शावकों को जन्म दिया था उनमें से एक शावक को उसने दूध नहीं पिलाया था लेकिन सफारी प्रशासन द्वारा लगातार दूध और फूड सप्लीमेंट दिए जाने से अब वह शावक लगभग 10 महीने का हो गया है और उछल कूद करने लगा है। अब नीरजा ने जिन दो शावकों को दूध नहीं पिलाया है सफारी प्रशासन उन दोनों को भी पाल-पोसकर बड़ा करने में जुटा है।

सफारी के डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल ने बताया है कि नीरजा के तीनो शावकों की बेहतर देखभाल की जा रही है। जो शावक अस्वस्थ हो गया था उसका सफारी के डाक्टर उसका इलाज कर रहे हैं और अब उस शावक के स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है।

इटावा का सफारी पार्क।

सफारी में विकसित होगा साइकिल ट्रैक

इटावा। सफारी क्षेत्र के अन्तर्गत पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में सफारी डायरेक्टर डा. अनिल पटेल के निर्देशन में नये आईडिया परा काम किया जा रहा है। इसी के तहत सफारी में नेचर ट्रेल एवं साइकिल ट्रैक विकसित किये जाने की योजना बनाई गई है। इसे अमली जामा पहनाए जाने की कवायद भी शुरु हो गई है। इसके लिए रविवार को सफारी पार्क के निदेशक अनिल पटेल व उप निदेशक डा. विनय सिंह द्वारा चिन्हांकन किया जाने का कार्य शुरु कर दिया गया है। सभांवना है कि शीघ्र ही साइकिल ट्रैक को चिन्हित कर एवं नेचर ट्रेल को बफर क्षेत्र में विकसित कर पर्यटकों को समर्पित किया जाएगा।

किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने में एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला नारायण अड्डा में एक किशोरी को आत्महत्या करने के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है।

एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने बताया कि मोहल्ला नारायण अड्डा निवासी आशा देवी पत्नी सोनू कुमार ने फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में पुत्री के द्वारा आत्महत्या करने की सूचना दी थी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि प्रेम संबंध के चलते वादिनी की पुत्री ने आत्महत्या की है। थाने में आत्महत्या को प्रेरित करने की धारा में मामला दर्ज किया गया।

प्रभारी निरीक्षक अपनी टीम के साथ भरथना चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे । मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शनि कुशवाहा पुत्र अरविंद कुमार निवासी तुलसी अड्डा बताया। छानबीन में मकान मालिक वीके टेलर उर्फ बाल किशन तथा शिवम शाक्य का नाम प्रकाश में आया है। जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है ।

पकड़े गये आरोपी के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी अभयनाथ। अमृत विचार

एक नजर

युवक के साथ मारपीट रिपोर्ट दर्ज

फफूंद। थाना क्षेत्र के गांव सिम्हारा निवासी मधु देवी पत्नी दीपक कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम को उसका पति मजदूरी करके घर आ रहा था। तभी गांव के पास गांव के ही मंगल पुत्र जगदीश सिंह ने रोक लिया और दारू के लिए रुपये मंगने लगा। जब पति ने रुपये देने से मना किया तो गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर धार दार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को डॉक्टरी परीक्षण हेतु सीएचसी दिबियापुर भेजा है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पूर्व प्रधान के निधन पर शोक

बिधूना। क्षेत्र के समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान श्यामसुंदर गुप्ता (75) का बीते दिवस उनके आवास पर निधन हो गया। रविवार को शोकाकुल माहौल में उनके पैतृक गांव सिरियांवा में उनका दाह संस्कार कर दिया गया है। श्याम सुंदर अपनी ग्राम पंचायत सिरियांवा में तीन बार प्रधान रहे जबकि एक बार उनकी पत्नी व पुत्रवधू प्रधान रहीं। उनके निधन पर पूर्व विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता, विधायक रेखा वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष आदर्श मिश्रा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदर्श ठाकुर, पूर्व चेयरमैन अमित बाथम ललतू, सतीश चन्द्र गोयल, लालजी गुप्ता, सपा नगर अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, सत्यभान सिंह, लाले सिद्दीकी, सुरेन्द्र कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख विमलेश शाक्य, रमेश सिंह चौहान प्रधान आदि ने शोक व्यक्त किया।

15 मिनट की बारिश से खुली सफाई व्यवस्था की पोल

कई जगह जलभराव से लोगों को आवागमन में परेशानी, अध्यक्ष बोले-प्राथमिकता पर होगी नालों की सफाई

संवाददाता दिबियापुर, औरैया

अमृत विचार। रविवार शाम को नगर में पहली बारिश हुई। करीब 15 मिनट की बारिश से ही नगर में कई जगह नालियां उफनाती नजर आईं। जिससे नालियों का पानी सड़क में भर गया। जलभराव से राहगीरों को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर पंचायत द्वारा बीते दो माह से सभी वार्डों में नाले नालियों की सफाई करवायी जा रही है1 इसके बाबजूद रविवार को हल्की बारिस में ही कई जगह पानी भरने से आने वाले दिनों में जल भराव की समस्या होना तय है।

आंबेडकर नगर के सभासद राहुल आंबेडकर ने बताया कि उनके वार्ड स्थित स्टेशन रोड की जल निकासी दुर्गा टाकीज चौराहा से रेलवे तालाब जाने वाले नाला से है। उन्होंने बताया कि समुचित सफाई व्यवस्था न होने से जल निकासी नहीं हो पा रही है। वहीं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं आजाद नगर के सभासद रिशी पोरवाल ने बताया कि वार्ड की नालियां गंदगी से पटी हैं। रामकृष्ण नगर के सभासद राजीव शर्मा ने बताया कि फ्लाई ओवरब्रिज के नीचे से रेलवे क्रॉसिंग तक नाले का पानी ठहरा हुआ है। इससे पहली बारिस में जगह-जगह जलभराव हुआ है।

इस सम्बध में नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने बताया कि बीते दो माह से नगर के सभी नालों की सफाई करायी जा रही है। पहली बारिस के बाद जहां से जलभराव की समस्याएं आ रही हैं वहां प्राथमिकता के आधार पर नालों की सफाई कराई जाएगी।

शहर की एक सड़क का बारिश के दौरान नजारा। अमृत विचार

स्टेशनरोड स्थित दुर्गा टाकीज चौराहा पर जलभराव। अमृत विचार

गर्मी के बीच राहत की बौछार, तापमान गिरा

- जिले के कुछ हिस्सों में बारिश तो कुछ जगह छाए रहे बादल

औरैया। भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को रविवार को राहत मिली। सुबह व दोपहर के समय जिले के कई हिस्सों में हल्की बारिश देखने को मिली। वहीं अन्य क्षेत्रों में दोपहर बाद बादल छाए रहने से मौसम सुहाना रहा।

मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों में मानसून के आने की संभावना जताई है। रविवार की सुबह से तेज धूप देखने को मिली। दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। आसमान में बादल दिखे। वहीं कुछ हिस्सों में बारिश हुई। शहर में दोपहर तक तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी से लोग जूझते दिखे। हालांकि दोपहर बाद छाए बादलों ने राहत दी। इसके चलते तापमान में गिरावट देखने को मिली। रविवार को अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमसन 27.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। हालांकि दोनों ही तापमान सामान्य से अधिक रहे।

जनपद में कुछ हिस्सों में हो रही बारिश को मौसम विशेषज्ञ इसे प्री-मानसून के रूप में देख रहे हैं। आने वाले दो दिनों में मानसून की बारिश होने की संभावना भी जताई गई है।

घरों में घुसा पानी

ग्राम पंचायत पुरवा दानशाह में साफ-सफाई न होने पर ग्रामीणों ने प्रधान व सचिव से गुहार लगाई थी। ग्रामीणों की मानें तो सुनवाई न होने से वह लोग परेशान थे और गंदगी व दुर्गंध से उनकी मुश्किलें बढ़ती जा रही थी। शनिवार की बारिश ने जहां गर्मी से राहत तो दी, लेकिन नालियां का गंदा पानी उनके घरों में पहुंच गया। सबसे अधिक परेशानी औरैया- कन्नौज मार्ग पर सहार मेन बाजार की नाली बंद होने से लोगों को उठानी पड़ी। बिधूना तिराहे के सामने तो तालाब जैसी स्थिति बन चुकी है। बारिश से नालियों का पानी इन सड़कों के किनारे बने मकानों में जा पहुंचा।

सिपाही की पिटाई से व्यापारी के कान का पर्दा फटा

संवाददाता अछल्दा, औरैया

- सीएफएल खोल रहे सिपाही को टोकना पड़ा भारी

अमृत विचार। शनिवार देर शाम एक सिपाही ने व्यापारी को अछल्दा थाने ले जाकर उसके साथ मारपीट कर दी। जानकारी होने पर थानाध्यक्ष ने मामले को रफा दफा करवाते हुये आरोपी सिपाही और पीड़ित व्यापारी के बीच लिखित समझौता कराया लेकिन जब व्यापारी के कान में तेजदर्द उठा तो डॉक्टरी जांच के बाद व्यापारी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार जनपद के कुदरकोट थाने में तैनात सिपाही अजय कुमार अछल्दा थाने में कार्यरत सिपाही पत्नी सविता यादव के साथ अछल्दा नहर बाजार में किराये पर रह रहे हैं। बीती एक अप्रैल की देर रात सिपाही अजय अपने मकान मालिक की दुकान में लगी सीएफएल लाइट खोल रहा था। रात में बल्ब खोलते देख सामने रह रहे सराफा व्यवसाई शैलेश उर्फ रामजी पोरवाल पुत्र रविन्द्र कुमार ने सिपाही को टोका। इस पर सिपाही और शैलेश में कहासुनी हुई थी।

बताया जाता है कि सिपाही ने इसी बात पर खुन्नस निकालते हुये शनिवार देर शाम शैलेश को पकड़ लिया और थानाप्रभारी की गैरमौजूदगी का फायदा उठाते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। जब थानाप्रभारी को मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने गैर थाने में तैनात आरोपी सिपाही के थाने में किये गये कृत्य पर नाराजगी जताते हुए आरोपी सिपाही से समझौता लिखवाया तथा दोनों पक्षों से हस्ताक्षर कराये।

इसी बीच पीड़ित को जब कान में पीड़ा हुई तो उसने अछल्दा सीएचसी में दिखाया जहां डॉक्टर ने उसे सैफई रेफर कर दिया। शनिवार देर रात सैंफई में जांच के दौरान पता चला कि पीड़ित के कान के परदा में काफी चोट आयी है। वहीं पीड़ित ने बताया कि आरोपी सिपाही कुदरकोट थाने में तैनात है जबकि अधिकतर समय वह अछल्दा में ही बना रहता है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

पलटे कंटेनर के पास जुटे लोग। अमृत विचार

डिवाइडर से टकराकर पलटा कंटेनर, चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- स्टेयरिंग फेल होने से कानपुर-आगरा हाईवे पर चिरूहूली गांव के पास हुआ हादसा

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र के अतंर्गत कानपुर-आगरा हाईवे पर चिरूहूली गांव के पास कंटेनर पहुंचा तभी स्टेरिंग फेल होने से डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर जांच-पड़ताल।

इटावा जिला निवासी अनुज कुमार कानपुर से कंटेनर में भूसी लादकर इटावा की तरफ जा रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र में चिरूहूली ओवरब्रिज से नीचे उतर रहा था कि कंटेनर की स्टियरिंग फेल हो गई। जिससे कंटेनर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। कंटेनर चालक अनुज की दबकर मौत हो गई।

कोतवाली पुलिस ने क्रेन से कंटेनर को खड़ा कराकर चालक का शव बाहर निकाला। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र राठी ने बताया कि स्टियरिंग फेल होने से कंटेनर ओवरब्रिज से उतरते समय पलट गया। जिससे चालक की दबने से मौत हो गई।

कार और बाइक की भिड़ंत में दंपति हुए घायल

ककोर,औरैया। नगर दिबियापुर के रेलवे ओवर ब्रिज पर रविवार दोपहर को कार और बाइक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। रेलवे ओवरब्रिज के खतरनाक मोड़ पर बाइक कार में जा भिड़ी। जिस पर बाइक सवार रिंकू पुत्रविजय सिंह निवासी नवी मोहन सहायल व भाभी पूजा गंभीर रूप से घायल हो गई। कार चालक शशिकांत पुत्र लाल शाह निवासी ककोर को भी चोटे आई हैं। मौके पर पहुंची दिबियापुर पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर में भर्ती करवाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बाइक चालक को गंभीर चोट होने के कारण सैफई रेफर कर दिया गया। बाइक चालक गंभीर बताई गई है।

डॉ. श्यामा प्रसाद को किया नमन

कंचौसी, औरैया। कंचौसी नगर की सब्जी मंडी में रविवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिला सहकारी संघ लि. दिबियापुर के अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुखर्जी आजीवन देश की एकता व अखंडता के लिए संघर्षरत रहे।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर में एक विधान, एक संविधान का नारा देते हुए धारा 370 व 35A को समाप्त किये जाने के पक्ष में संसद में आवाज बुलंद की थी। सुरेश चंद्र वर्मा, आलोक दुबे, सुबोध वर्मा, विवेक त्रिवेदी, श्याम सुंदर गुप्ता, रामनरेश दोहरे, समाजसेवी ज्ञानेंद्र गुप्ता, शारदा विधा मंदिर के प्रबंधक प्रमोद अवस्थी, शशांक गुप्ता उर्फ़ मंटू, राम आसरे गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, लोकदल, जानकी प्रसाद आदि ने डॉक्टर मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

ज्ञापन देते नगरवासी। अमृत विचार

बसों के संचालन के लिए परिवहन मंत्री को दिया ज्ञापन

संवाददाता बिधूना, औरैया

अमृत विचार। भाजपा के मंडल अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को रोडवेज बस अड्डे से विभिन्न शहरों के लिए बसों का संचालन कराए जाने व अन्य समस्यायों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

परिवहन मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्यायों का निराकरण कराये जाने का आश्वासन दिया। कार्यकर्ताओं ने बिधूना से औरैया मुख्यालय लखनऊ आदि के लिए भी बसों का संचालन कराये जाने के साथ रोडवेज बस स्टैंड को उच्चीकृत कर डिपो बनाए जाने को कहा। पुनीत ठाकुर प्रशांत चौहान , मोहित भदौरिया आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

सिखरना और भैरोपुर ने जीते मुकाबले

संवाददाता अयाना, औरैया

अमृत विचार। तिवरलालपुर में शंकर क्रिकेट क्लब की ओर से करवाए जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को पहला मैच सिखरना और धनऊपुर के बीच खेला गया। जिसमें सिखरना सात विकेट से जीत हासिल की। दूसरा मैच दलेलनगर और भैरोपुर की टीमों के बीच खेल गया। जिसमें दलेलनगर ने भैरोपुर को पांच विकेट से हरा दिया।

दूसरे दिन के मुकाबले की शुरुआत राम जी मिश्रा व रोहित मिश्रा ने सिखरना के कप्तान सत्यम और धनऊपुर के कप्तान दीपू ठाकुर के बीच टॉस करवा कर किया। सिखरना के कप्तान ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। धनऊपुर की टीम ने राघव के 21 व पवन के 18 रन की मदद से निर्धारित 10 ओवर में 78 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे सिखरना टीम के बल्लेबाज प्रवल ने 28 रन की सराहनीय पारी खेली। जिसकी बदौलत टीम ने पांच विकेट खोकर एक गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। वहीं शाम को हुए मैच में दलेलनगर की टीम ने टॉस जीतकर भैरोपुर की टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। भैरोपुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 77 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते उतरी दलेलनगर की टीम के लिए अवसार ने 15 व आसिफ ने 16 रन बनाए। इसके चलते टीम ने पांच विकेट से मैच जीत लिया।

अंपायर की भूमिका गोपाल मिश्रा, हिमांशु तिवारी ने निभाई। अंशुल गुर्जर, राम दुबे, शिवम मिश्रा, प्रतीक मिश्रा, ललित त्रिपाठी मौजूद रहे।

मैच के दौरान शॉट खेलकर रन के लिए भागता बल्लेबाज। अमृत विचार

- तिवरलालपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन
- शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी किए गए सम्मानित

चिंतन शिविर में औरैया के 100 प्रधानाचार्य होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश कुमार अग्निहोत्री के नेतृत्व में 25 जून को प्रातः 7 बजे कानपुर नगर के ओंकारेश्वर विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के ग्रीष्मकालीन चिंतन शिविर में औरैया जनपद से जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा एवं जिला महामंत्री योगेश कुमार यादव के साथ लगभग एक सैकड़ा प्रधानाचार्य प्रस्थान करेंगे। शिविर में प्रदेश सरकार के सम्मानित दो मंत्री गुलाब देवी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा एवं प्रतिभा शुक्ला राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास पुष्टाहार सहित शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेंद्र देव चिंतन शिविर में उपस्थित रहेंगे।

शिविर में प्रधानाचार्यो की लंबित समस्याओं के निस्तारण हेतु विचार-विमर्श कर उनके निस्तारण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अग्निहोत्री ने बताया शिविर में प्रदेश के सभी जिलों से बड़ी संख्या में प्रधानाचार्यों के पहुंचने की की उम्मीद है।

आयोजक डॉ. अंगद सिंह, संरक्षक ओंकारेश्वर ग्रुप आप इंस्टीट्यूशंस कानपुर ने प्रदेश भर से आने वाले सम्मानित प्रधानाचार्य के लिए सुविधाजनक आवास एवं श्रेष्ठ भोजन, स्वल्पाहार की व्यवस्था की है। प्रदेश महामंत्री डॉ संदीप कुमार चतुर्वेदी ने प्रदेश के समस्त जनपदों एवं मंडलों से सम्मानित प्रधानाचार्यों के कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

वार्ता करते राजेश अग्निहोत्री।

सार-संक्षेप

केशमपुर उप केंद्र का चार्ज ओमवीर को

ककोर, औरैया। दिबियापुर के निकट केशमपुर विद्युत उपकेंद्र का चार्ज अवर अभियंता ओमवीर सिंह को फिर से दिया गया है। एक वर्ष पहले ओमवीर सिंह को उमरैन ट्रांसफर कर दिया गया था।तब से अब तक केशमपुर उप केंद्र पर तीन अवर अभियंता बदले जा चुके हैं। केशमपुर उपकेंद्र की हर समस्या से अवगत होने के कारण अति शीघ्र निराकरण कर देते हैं। लोगों ने पहुंच कर अवर अभियंता का माला पहना कर स्वागत किया।

ओमवीर सिंह स्वागत करते कार्मिक।

दो पक्षों में मारपीट, महिला सहित 3 घायल

बिधूना, औरैया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरुआ बबीना सुखचैनपुर में लेंटर डालने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने जहां शटरिंग आदि उखाड़ कर फेंक दी और जमकर मारपीट की। विवाद के दौरान एक महिला सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरुआ में रामसिंह वर्मा ने अपने प्लॉट पर लेंटर डालने के लिए शटरिंग लगवाई थी। तभी बंटी, रवी, छोटू, जगत सिंह, रामचंद्र, आनंद, भैयालाल, ओमवीर आदि ने प्लॉट पर आकर विवाद कर दिया। आरोप है कि सभी ने एकराय होकर शटरिंग उखाड़ दी। जिसका राम सिंह आदि ने विरोध किया तो लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान एक महिला को भी गंभीर चोटें आईं हैं। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आधा दर्जन से अधिक होटल एंव ढाबे सीज

औरैया। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत होटलों और ढाबों में संचालकों द्वारा बेखौफ होकर शराब परोसी जा रही है। इसी के मद्देनजर सीओ ने रात्रि गस्त में निकलकर हाईवे किनारे संचालित होटल और ढाबों पर छापेमारी की। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक होटल एवं ढाबें को सीज कर दिया गया। सीओ सिटी महेंद्र प्रताप सिंह, सदर कोतवाल भुपेंद्र राठी, एसओजी टीम सदर एसडीएम, संयुक्त टीम ने छापा मारकर अवैध शराब बरामद की। आला-अधिकारियों ने औरैया इटावा हाइवे स्थित महादेव होटल, लक्ष्मी होटल, चौहान होटल, अन्नपूर्णा होटल, शिवशक्ति होटल, जलौन रोड स्थित बुग्गी ढाबा, सहित करीब आधा दर्जन होटल एवं ढाबे को सीज कर कई अवैध शराब विक्रेताओं पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

ढाबे पर चेकिंग करते पुलिसकर्मी।

आयोजन पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण, जनसंघ के संस्थापक के दिखाए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जनसंघ के संस्थापक एवं भाजपा के प्रेरणापुंज अमर शहीद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आज ही के दिन अपना बलिदान देकर कश्मीर को भारत के अभिन्न अंग के रूप में अंगीकृत कराने का कार्य किया था। इसी के तहत प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिले के सभी बूथों पर भाजपाइयों ने बलिदान दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें नमन किया और मां के नाम पर एक वृक्ष भी लगाया।

भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने बूथ न 216 तुर्कीपुर भाजपा जिला कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं अजीतमल ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय, दिबियापुर मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह, नमामि गंगे के जिला संयोजक सोनू सोनी, कार्तिक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

उधर दिबियापुर नगर के औरैया रोड स्थित उप्र सरकार के पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत के कैंप कार्यालय बूथ संख्या - 109 पर भाजपाइयों ने जनसंघ के संस्थापक की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। गोष्ठी का शुभारंभ उप्र सरकार के पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने अन्य भाजपाइयों के साथ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता भगवती प्रसाद द्विवेदी ने की। भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान शिक्षाविद और समाज सुधारक थे। उन्होंने कहा था कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं रह सकते। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लाखन सिंह राजपूत पूर्व कृषि राज्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कीं थीं। जिसकी वजह से उन्होनें दुनियां के सबसे कम उम्र 33 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति जैसे महत्वपूर्ण पद को भी सुशोभित करने में सफलता पाई थी। इसके साथ ही अपनी लोकप्रियता के कारण बंगाल में उन्होंने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में विधानसभा का चुनाव जीतकर नेता प्रतिपक्ष बनने का भी गौरव प्राप्त किया था। काश्मीर में धारा 370 का उन्होंने पुरजोर विरोध भी किया था और जन आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने को कश्मीर मार्च किया था जिससे वहां की तत्कालीन सरकार ने उनको गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था। वहीं तीन महीने के कारावास के दौरान उनकी रहस्यमय तरीके से मौत हो गई थी

गोष्ठी में किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अवधेश शुक्ला, भाजला जिलाउपाध्याक्ष प्रेम कुमार, राजेन्द्र पोरवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जयराम राजपूत, पूरन सिंह, श्याम सिंह, महेश चंद्र, मलखान सिंह, अमर सिंह, डॉक्टर मुकेश सिंह, प्रमोद कुमार, दिव्या दिवाकर के अलावा बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

मां के नाम पर पौधारोपण करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

एक नजर

ओडीएफ प्लस में शामिल हुए छूटे 274 गांव

अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ओडीएफ प्लस में 21 जिलों के 274 गांव शामिल किए गए हैं। जो पहले चरण में अभियान से छूट गए थे। अब इन गांवों को भी मॉडल बनाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में ओडीएफ प्लस के तहत गांवों को मॉडल बनाया जाना है। इस क्रम में अप्रैल में वर्ष 2024-25 के लिए 43,256 गांव चयनित हुए थे। जहां, स्वच्छता, जल संरक्षण, जलनिकासी, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि कार्य किए जाएंगे। जबकि इस अभियान से कई गांव छूट गए थे। जिनका चयन करने के निर्देश केंद्र सरकार ने दिए थे।

35 करोड़ पौधे लगाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **लखनऊ को 4 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, कानपुर मंडल को 3.13 करोड़ का लक्ष्य**

अमृत विचार: राज्य सरकार ने इस साल के लिए भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य तय किया है। इस अभियान का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के हरित क्षेत्र को 9 से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 प्रतिशत तक ले जाना है। इसके लिए जनसहयोग भी जरूरी है। वहीं इस प्रदेशव्यापी अभियान में सभी विभागों व मंडलों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान से जुड़ने वाले हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए विधिवत तैयारी करने के निर्देश हैं।

अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबका लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। लखनऊ मंडल में चार करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। कानपुर मंडल में 3.13 करोड़, चित्रकूट में 2.76 करोड़, झांसी में 2.58 करोड़, मीरजापुर में 2.27 करोड़, अयोध्या में 2.20 करोड़, देवीपाटन में 1.95 करोड़, प्रयागराज में 1.89 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, वाराणसी में 1.78 करोड़, मुरादाबाद में 1.76 करोड़, आगरा में 1.74 करोड़, गोरखपुर में 1.43 करोड़, आजमगढ़ में 1.34 करोड़, अलीगढ़ में 1.20 करोड़, मेरठ मंडल में 1.14 करोड़, बस्ती में 1.08 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 88 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी। वहीं मंडलों में वन विभाग की तरफ से 12.60 करोड़ व अन्य विभाग मिलकर लगभग 22.40 करोड़ पौधे लगाएंगे।

भरण-पोषण में करोड़ों खर्च का हिसाब नहीं

14 जिलों ने नहीं दिया गोशालाओं में खर्च का उपभोग प्रमाण, निदेशक ने दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों से 25 तक नियमानुसार उपभोग प्रमाण पत्र मांगे**

अमृत विचार : प्रदेश में संचालित स्थाई व अस्थाई गोशालाओं में भरण-पोषण के लिए दी गई धनराशि का 14 जिलों ने हिसाब नहीं दिया है। कुछ जिलों ने प्रारूप में बदलाव करके उपभोग प्रमाण उपलब्ध कराए हैं। निदेशक प्रशासन पशुपालन ने ऐसे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को चेतावनी देकर 25 जून तक नियमानुसार उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

पिछले वर्ष गोशालाओं में निराश्रित गोवंशों का भरण-पोषण करने के लिए सभी जिलों को करोड़ों रुपये बजट जारी हुआ था। फरवरी से अलग-अलग माह का हाथरस, बदायूं, बहराइच. संतकबीरनगर, अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, बलरामपुर, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, मेरठ, शामली व झांसी ने 100 फीसद खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दिया है। जबकि करोड़ों रुपये गोशाला संचालन व गोवंशों के भरण-पोषण में खर्च हो चुके हैं। जिसके उपभोग प्रमाण पत्र तैयार नहीं हुए हैं। इस वजह से आगे का बजट रुका है। जो खर्च धनराशि का हिसाब मिलने पर ही आवंटित होगा। कुछ जिलों ने उपभोग प्रमाण पत्र के प्रारूप में बदलाव कर खर्च धनराशि दर्शाई है। यह गड़बड़ी पकड़े जाने पर निदेशक प्रशासन डॉ. आरएन सिंह से सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कार्रवाई की चेतावनी दी है। साथ ही 25 जून तक उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

इतनी है धनराशि

हाथरस 118 लाख, बदायूं 629 लाख, बहराइच 318 लाख, संतकबीरनगर 136 लाख, अयोध्या 282 लाख, अमेठी 339, बाराबंकी 442 लाख, बलरामपुर 163 लाख, उन्नाव 598, रायबरेली 108 लाख, सीतापुर 119 लाख, मेरठ 100 लाख, शामली 158 लाख, हमीरपुर 264 लाख।

मानसून ने दी दस्तक, आज से तेज बारिश के आसार

प्री-मानसून से शनिवार को कई जिलों में हल्की बारिश ने दी राहत, 25 जून से पूरे प्रदेश में होगी बरसात

कार्यालय संवाददता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में प्री-मानसून से शनिवार से रविवार के बीच कई जिलों में बरसात हुई। मौसम विभाग ने बांदा जिले में सबसे अधिक 27.2 मिलीमीटर बरसात दर्ज की। भीषण गर्मी की मार झेल रहे बुंदेलखंड में सबसे अधिक तापमान वाले उरई में भी 15 मिमी बारिश हुई। लेकिन झांसी में फुहारे पड़कर रह गईं। यहां केवल एक मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 24 जून से मानसून के सक्रिय होने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना पर अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून के साथ न्यूनतम तापमान में खास गिरावट न होने से रात में उमस बढ़ने के आसार हैं। प्रदेश में बारिश का औसत 1.8 मिमी दर्ज हुआ।

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अधिकांश भाग को को पार करते हुए दक्षिणी सीमा (सोनभद्र) के काफी करीब पहुंच गया है। 2-3 दिन में कभी भी उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। 25 जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश जबकि 26 जून से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वर्षा के क्षेत्रफ़ल व तीव्रता में वृद्धि होगी। कुछ जगहों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। लखनऊ में सोमवार को छिटपुट बारिश हो सकती है। 25 जून से वर्षा में वृद्धि होने की संभावना है। इस दौरान बारिश के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

लखनऊ के 1090 चौराहे पर तेज धूप से बचाव के लिए छाते का सहारा लेतीं महिलाएं।

22 जून को इन जिलों में हुई बारिश: शनिवार सुबह 8:30 से लेकर शाम 5:00 बजे तक बस्ती में 24, गोरखपुर में 4, वाराणसी 4.1, प्रयागराज 5.8, झांसी 1, उरई 15.2, और बरेली में 2 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। आगरा, कानपुर देहात, सोनभद्र, बहराइच में भी हल्की बारिश हुई। अंबेडकर नगर तड़के 3.30 बजे के करीब बारिश हुई।

इन जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी: बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर।

लखनऊ में रात में रहेगी उमस भरी गर्मी

लखनऊ में रविवार सुबह से ही बादलों की आवाजाही रही। वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, दिन में 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। धूप निकलने पर लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। दिन का अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक था। रात का तापमान 29.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। रात का पारा सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

40-50 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

अगले 24 घण्टों में पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में तेज बारिश की संभावना है। बारिश के साथ 40-50 किमी की रफ्तार से चलेंगी।

इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, अंबेडकर नगर।

कानपुर रहा सबसे गर्म

रविवार को कानपुर प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां का पारा 41.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 30.7 रहा। उरई 40.8 रहा। प्रयागराज 40.7 और 27 डिग्री रिकार्ड किया गया। फतेहगढ़ अधिकतम 40.4 और न्यूनतम प्रदेश में सबसे अधिक 30.7 डिग्री रिकार्ड किया गया।

सहायता प्राप्त विद्यालयों को जोड़ेंगे ऑनलाइन प्लेटफार्म से

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश में जल्द ही अनुदानित विद्यालयों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए स्टूडेंट्स व स्टाफ के आधार व अन्य जानकारियों को समायोजित कर मोबाइल ऐप का विकास किया जाएगा। यह ऐप जियो टैगिंग व टीचिंग स्टाफ मॉड्यूल समेत कई खूबियों से लैस होगा। समाज कल्याण विभाग ने उप्र. इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को इसके विकास का जिम्मा सौंपा है। प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए यूपीएलसी ने अपने यहां सूचीबद्ध कंपनियों के चयन और कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू करते हुए ई-निविदा के माध्यम से आवेदन मांगे हैं।

इस ऑनलाइन मॉड्यूल बेस्ड मोबाइल ऐप को वास्ट डाटाबेस मैनेजमेंट के लिहाज से विकसित किया जा रहा है और इसके विकास के बाद 60 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स को ट्रैक करने और उनके डाटाबेस को वन स्टॉप डेस्टिनेशन के तौर पर एक्सेस करने का प्लेटफॉर्म तैयार हो जाएगा।

महिला एसआई की शिकायत पर एसएचओ हुए निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **एसीपी एत्मादपुर को दी गई मामले की जांच, पुलिस महकमे में खूब चर्चा**

अमृत विचार: आगरा में एक प्रशिक्षु महिला एसआई ने एत्माद्दौला थाने के एसएचओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला एसआई के आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाते हुए पुलिस आयुक्त ने आरोपित एसएचओ को निलंबित कर दिया है। साथ ही सर्किल के एसीपी को मामले की जांच सौंप दी है। यह घटना से पुलिस महकमें में चर्चा का विषय बनी हुई है।

प्रशिक्षु महिला एसआई ने शनिवार को पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गौड़ से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि 17 मार्च को उन्होंने एत्माद्दौला थाने में आमद कराई थी। उनके थाने के इंस्पेक्टर दुर्गेश मिश्रा फोन पर अश्लील कमेंट करते थे और ऑफिस में बैठाकर अमर्यादित बातें करते थे। शिकायत में यह भी लिखा कि होली के दिन कार्यालय में जबरन बैठाकर रखा, गलत हरकत करने का प्रयास किया। विरोध करने पर धमकाया, मेरी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देने को भी कहा। नई नौकरी है छुड़वाने की भी धमकी दी। इंस्पेक्टर आए दिन मुझे आवास पर बुलाने की कहते हैं। थाने के बाहर कमरा न लेने को कहते है। प्रशिक्षु महिला दरोगा ने प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि इंस्पेक्टर उससे कहते हैं कि घर पर शादी के लिए मना कर दो, वह उससे शादी करेंगे। उसकी जाति (अनुसूचित) को लेकर भी उल्टा-सीधा बोलते हैं। महिला दारोगा ने प्रार्थना पत्र पर उचित दंडात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उधर, शिकायत मिलते ही पुलिस आयुक्त ने एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा से मामले की जांच कराई तो प्रथम दृष्टया मामला सही पाया गया। पुलिस आयुक्त ने इंस्पेक्टर के साथ ही एत्माद्दौला थाने के एसएसआई अमित कुमार को भी निलंबित किया है। एसएसआई के खिलाफ भी अनुशासनहीनता की शिकायत मिली थी।

अस्पतालों में उपलब्ध हैं परिवार नियोजन संसाधन

अमृत विचार, लखनऊ। प्रदेश में परिवार नियोजन के संसाधनों को उपलब्ध कराने में "परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबंधन सूचना प्रणाली" (एफपी - एलएमआईएस) की अहम भूमिका है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में आशा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश प्रथम रहा है। इस डिजीटल प्रणाली से अस्पतालों में स्टॉक की स्थिति चलती है, और खत्म होने के पहले ही संसाधन पहुंच जाते हैं। ताकि लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के सेवाएं मिलती रहें।

यह बात रविवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बैठक में कही। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन साधन न केवल वर्तमान में प्रभावी है, बल्कि भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण होंगे। महाप्रबंधक परिवार नियोजन डॉ. सूर्यान्शु ओझा ने बताया की साल 2018 में लागू होने वाले पोर्टल ''एफपी-एलएमआईएस ''का उद्देश्य सही समय और सही स्थान पर परिवार नियोजन के आवश्यक साधनों की उपलब्धता करना है, इसके लॉन्च होने के बाद से, स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य केंद्रों पर गर्भनिरोधक साधन आसानी से उपलब्ध हैं।

मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया पूरा: योगी

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात मुख्यमंत्री योगी।

स्मृति पार्क में निर्माण कार्यों का लोकार्पण करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ:

▸▸ **मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रतिमा पर चढ़ाए फूल**

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर सिविल हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नदृष्टा बताया।

योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी त्यागना पड़ा। कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है। यह कश्मीर, देश की अखंडता और सीमा की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, इंजी. अवनीश सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक थे डॉ. मुखर्जी

मुख्यमंत्री ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। योगी ने लिखा कि महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, उत्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देशवासियों के लिए महान प्रेरणा है।

डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा का किया अनावरण

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बहराइच में डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी मूर्ति का अनावरण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पार्क में हुए निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि, डॉ. मुखर्जी द्वारा राष्ट्रहित में किया गया अकल्पनीय कार्य एवं उनका आदर्श व्यक्तित्व हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आवाह्न किया कि वे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग और विचारो को आत्मसात करते हुए कार्य करें।

वर्ग पहेली-110

बाएं से दाएं

1. 1. छोटा-सा मठ 2. छोटा मंदिर या देवालय 3. साधु या संन्यासी की समाधि स्थल के समीप बनी हुई कुटिया, झोपड़ी 4. छोटा घर 5. छोटा मंडप।
4. 1. पदसंज्ञित 2. नामज़द 3. मनोनीत, नामित, निर्दिष्ट।
6. दे. इनाम।
7. 1. सरसों की एक किस्म, तोड़िया 2. स्त्रियों का एक आभूषण।

ऊपर से नीचे

1. 1. मत या विचार रखने वाला 2. किसी मत या संप्रदाय का अनुयायी।
2. 1. अवनति करने वाला या गिराने वाला 2. जिसका पतन या नाश होने वाला हो 3. नीचे की ओर गिराने वाला या ले जाने वाला।
3. 1. सूद, ब्याज 2. दूसरी या अन्य कला 3. लाभ।
4. प्रकाशित करना, रोशन करना।
5. 1. चपत, थप्पड़ 2. मारपीट 3. धोखा, छल।



वर्ग पहेली -109 का हल

			1 वि	दे	श
2 अ		3 ज़िं			
नि		4 दा	दू	पं	थी
बं		दि			
5 ध	6 व	ली		7 डु	
	ज		8 चाँ	क	ना
9 पी	ह	री		ड़ा	

सुडोकू-23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2	5		1	6		4	
	6		8	7				9
8		3		2				1
				4		5		
1								6
		9		3				
5				6		2		7
6				5	1		8	
	4		7	9		1	6	

सुडोकू - 22 का हल

8	6	7	1	5	4	2	9	3
2	3	4	9	8	6	1	5	7
1	5	9	3	2	7	8	6	4
9	1	6	7	3	2	4	8	5
3	7	2	5	4	8	9	1	6
5	4	8	6	9	1	3	7	2
4	9	1	2	7	5	6	3	8
7	2	3	8	6	9	5	4	1
6	8	5	4	1	3	7	2	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 25 जून 01.23 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 15.54 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज का दिन पारिवारिक दृष्टि से उत्तम रहेगा तथा सभी के बीच आपसी स्नेह बढ़ेगा। इस दौरान आपकी पुराने मित्रों से भी बातचीत हो सकती है जिससे मन भावुक हो सकता है। परिवार के साथ घूमने का विचार बन सकता है।

वृष — आज यदि आप प्राइवेट नौकरी करते हैं तो आपके बॉस आपसे खुश हो सकते हैं व पदोन्नति भी संभव है। यदि अभी-अभी आप कॉलेज में दाखिल हुए हैं तो कुछ सहपाठियों के द्वारा चुनौती मिल सकती है जिससे मन कुंठित रहेगा। धर्म के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा।

मिथुन — आज पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए कोई नया ऑफर मिलने की संभावना है, लेकिन किसी भी निर्णय को लेने से पहले उस पर अच्छे से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव में वृद्धि होगी।

कर्क — आज यदि आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में लगे हैं तो आपको अपना पैटर्न बदलने की आवश्यकता है। आप अपने लिए नए विषयों का भी चुनाव कर सकते हैं। भोग और विलासिता वाली जीवनशैली के प्रति आप आकर्षित रहेंगे।

सिंह — आज यदि आप संगीत, कला या रचनात्मक क्षेत्र में काम करते हैं तो आपको अपने प्रतिद्वंद्वी से कड़ी चुनौती मिल सकती है, लेकिन ऐसे समय में उससे भागने की बजाए डटकर सामना करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी।

कन्या — आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने सहकर्मियों का भरपूर साथ मिलेगा जो उन्हें उनके काम में सहयोग देगा। अध्यापक भी आपसे प्रसन्न होंगे तथा कॉलेज में आपको कोई सम्मान भी मिल सकता है। पिता से परामर्श लेना आपके लिए हितकर होगा।

तुला — आज आर्थिक दृष्टि से खर्चों में बढ़ोतरी होगी। यदि आप व्यापार के क्षेत्र में हैं तो आप अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से खर्चे करेंगे जिससे मानसिक तनाव होने की भी आशंका है। ऐसे में कोई भी बड़ा खर्चा करने से पहले उस पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श अवश्य कर लें।

वृश्चिक — आज यदि आपका अपने साथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद या लड़ाई-झगड़ा चल रहा है तो वह समाप्त हो जाएगा। यदि आपके मन में कोई शंका है तो उनसे बात करने के लिए अनुकूल है। इसलिए उनसे खुलकर बात करें।

धनु — आज परिवार के सदस्यों का आपके प्रति प्रेम और बढ़ेगा तथा वे आपके लिए कुछ नया करने का प्रयास कर सकते हैं। किसी से बात करते समय अपने शब्दों के चुनाव पर ध्यान दें तथा कटु वचन कहने से बचें।

मकर — आज दिन की शुरुआत में आपका जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है तथा दोनों के बीच मतभेद उभरकर आयेंगे। किसी भी प्रकार की द्वेष भावना को मन में न आने दें तथा उनसे खुलकर बात करें।

कुंभ — आज मानसिक रूप से आपको सिर दर्द, चिंता व तनाव की समस्या हो सकती है जिससे मन बेचैन रहने की संभावना है। ऐसे में तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें तथा प्रतिदिन योग को अपने जीवन में स्थान दें।

मीन — आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो किसी तीसरे के द्वारा आपको भ्रमित करने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि आप उसके जाल में आसानी से नही आएंगे, लेकिन इससे आपके रिश्ते में दरार पड़ सकती है। इसलिए पहले से ही इसको लेकर सतर्क रहें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
जान से प्यारा — सुबह : 11.21
चाइना गेट — रात : 07.20

&pictures
आई — सुबह : 10.45
लव हास्टल — रात : 08.00

SONY PIX
टार्जन — सुबह : 10.57
जॉन रैंबो — रात : 09.00

ZEE CINEMA
चेन्नई वर्सेज चाइना — सुबह : 08.53
रावणासुर — रात : 08.00

colors CINEPLEX
बेमिसाल — सुबह : 11.35
तनु वेड्स मनु — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

'कैच द रेन' के तहत करें जल संचयन : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए दिये दिशा-निर्देश, अभियान की कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में चल रहा 'कैच द रेन' अभियान की कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के केंद्रीय मध्यवर्तनों में जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन, सभी जल निकायों की गणना, भू-टैगिंग एवं सूची तैयार करना, जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजना बनाना, जनपद में जल शक्ति केंद्रों की स्थापना करना व सघन वनीकरण और जागरूकता सर्जन शामिल है। अभियान इस वर्ष अपने पांचवें चरण में पहुंच चुका है। इसके अंतर्गत पारंपरिक जल निकायों, जलस्रोतों का नवीनीकरण और पुनः उपयोग, बोरवेल पुनर्भरण, वाटरशेड का विकास, गहन वनारोपण, छोटी नदियों के कायाकल्प के साथ ही 'नारी शक्ति से जल शक्ति' के थीम पर जन जागरूकता कार्यक्रम,जनपद की हाइड्रो जियोलॉजिकल परिस्थिति के अनुसार जल संचयन संबंधी अन्य कार्यों को प्राथमिकता से कराया। इसके अलावा सभी शासकीय, अर्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अमृत सरोवरों के जल प्रभाव में रुकावट को ठीक किया जाए। 'कैच द रेन अभियान 2024' केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसके अंतर्गत मानसून के प्रारंभ से पहले प्राथमिकता के आधार पर जल स्रोतों यथा तालाब, नदियां, चेकडैम, जल निकाय के डिसिल्टिंग और पुनरुद्धार के कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

'कैच द रेन' अभियान की बैठक लेते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय।

- **मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाया जा रहा है अभियान**

कृत्रिम पुनर्भरण संरचना, छोटी रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना सुनिश्चित करा ली जाए। साथ ही नगरीय क्षेत्रों में आने वाले समस्त पार्क और सार्वजनिक स्थलों में वर्षा जल संचयन के प्रभावी उपाय किये जाएं। इसके अलावा 'कैच द रेन 2024' विषय पर जन जागरूकता के लिए स्कूली बच्चों एवं समाज में विशेष अभियान, रैलियां, गोष्ठियां, वार्ता आदि का भी आयोजन कराया जाए, जिससे जल संरक्षण एक जन आंदोलन का रूप ले सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, सहायक अभियंता लघु सिंचाई एकता त्रिपाठी, कृषि उपनिदेशक एसके उत्तम आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

'आत्मा' गवर्निंग बोर्ड की बैठक संपन्न

उरई (जालौन)। कृषि तकनीकी प्रबंधन समिति 'आत्मा' गवर्निंग बोर्ड की बैठक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें वर्ष 2024 -25 के भौतिक -वित्तीय लक्ष्य एवं प्रगति की समीक्षा एवं अनुमोदन किया गया। उप कृषि निदेशक ने पूर्व निर्धारित एजेण्डा के अनुसार सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना की वित्तीय वर्ष 2024-25 की जिला कृषि कार्य योजना, एनएमएस योजना के तहत गठित RAD क्लस्टरों के संबंध में विवरण प्रस्तुत करते हुये अनुमोदन प्रस्तावित किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना में वितरित कराये जा रहे बीजों पर अनुदान के संबंध में जानकारी दी गयी। उक्त के अतिरिक्त रसायनों के अंधाधुन्ध प्रयोग को कम करने के में जानकारी देते हुये कराये जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खरीफ सीजन में बीज की कमी न होने पाये एवं योजनाओं से अधिकाधिक कृषकों को लाभान्वित किया जाये। गोष्ठियों, भ्रमण के माध्यम से कृषकों को नवीनतम तकनीकी जानकारी प्रदान करायी जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी,, उपायुक्त, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी सहित प्रगतिशील कृषक सदस्य लक्ष्मीनारायण एवं अन्य कृषक सदस्य उपस्थित रहे।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि करते भाजपाई। अमृत विचार

भाजपाइयों ने मनाया श्यामा प्रसाद का बलिदान दिवस

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में पूरे कालपी नगर के सभी 44 बूथों पर जनसंघ के संस्थापक डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस मनाया गया।

भारत सिंह यादव ने मुखर्जी जी के जीवन के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि डॉ. श्याम प्रसाद जी ने कैसे कश्मीर से धारा 370 को हटाने की लड़ाई शुरू की थी इसी लड़ाई के कारण ही कश्मीर में बंदीगृह में ही उनकी मृत्यु आज के दिन ही 23 जून को हुई थी।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, कार्यक्रम संयोजक सौरभ गुप्ता, अरविन्द राठौर, जगत यादव, प्रकाश माथुर, महेशपाल प्रीतू, जीतू तिवारी, मयंक श्रीवास, आकाश द्विवेदी, राघवेन्द्र सिंह जादौन, अश्वनी तिवारी, राकेश पुरवार, अमित पुरवार , राकेश सविता, विनोद खत्री, सतेन्द्र सिंह चौहान, हर्षित, आदि रहे।

प्रत्येक वार्ड में जाएंगे सपाई, देंगे धन्यवाद

संवाददाता कालपी जालौन

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में सपा को मिली जीत के बाद सपा कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जन समस्याओं के निदान तथा विकास पर जोर दिया गया।

किला घाट कालपी के परिसर में आयोजित बैठक में नगर अध्यक्ष अजीत सिंह यादव द्वारा बैठक के एजेंडे में प्रमुख रूप से नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत कार्यक्रम तथा प्रत्येक वार्ड में जनता के बीच जाकर धन्यवाद आभार जनसंगोष्ठी करने के अलावा जनता से जुड़े 10 बिंदुओं को प्रस्तुत किया गया। मीटिंग का संचालन कर रहे उबैश पठान सहित सभी वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव देते हुए जल्द ही कार्य प्रारंभ करने की रणनीति बनाई । बैठक में एजेंडे पर अपने अपने सुझाव रखते हुए सज्जन त्रिपाठी , जयवीर सिंह, अमर सिंह चंदेल , इकबाल सभासद , विधानसभा उपाध्यक्ष श्याम यादव , राजकुमार बाल्मीकि ,युनुष खान, ने विचार रखे तथा जनता के बीच जाकर धन्यवाद जनसंगोष्ठी में नवनिर्वाचित सांसद को मौजदगी की मांग पर विशेष बल दिया गया। मीटिंग में प्रमुख रूप से उमदेश यादव , अमर सिंह दादी, रज्जु शेख सभासद , लल्लू भैया सभासद, इकबाल सभासद, दिनेश श्रीवास सभासद, कपिल शुक्ला सभासद, निजाम सभासद, इरफान कुरैशी ,जमील अंसारी , शहबाज सोना, शमसाद कुरैशी,चन्द्रपाल यादव , रामखिलावन यादव , कमलेश अहिरवार , बब्बू श्रीवास, सोनू यादव, दीपू यादव, बलवीर अहिरवार , आकिब कुरैशी, मोहित बाल्मीक, तौहीद सभासद प्रतिनिधि, प्रमोद अहिरवार, आशीष गुप्ता , एहशान राइन , कलीम अंसारी,अखिलेश निपनियां, पीयूष यादव ,पंकज खटीक ,ऋषभ वर्मा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

- **लोकसभा चुनाव में मिली सफलता पर हुई सपा की बैठक विकास पर दिया गया जोर**

अभियानः अंत्येष्टि स्थलों की हुई साफ-सफाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति औरैया द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्मशान स्थल पर कई वर्षो से सफाई अभियान चलाया जा रहा हैं। रविवार को प्रातः 7 बजे समिति के सदस्यों ने सफाई अभियान चलाते हुए तीन क्विंटल कचरे का निस्तारण किया।

समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि निरंतर बढ़ते हुए तापमान को संतुलित रखने के लिए लोगों को पौधारोपण अभियान को जन-आंदोलन का रूप देना चाहिए। बताया कि जीवनधारा पौधारोपण अभियान के तहत यमुना तट मार्ग, देवकली व मंगला काली मंदिर, पार्को आदि स्थानों पर सर्वाधिक आक्सीजन देने वाले पौधों का पौधारोपण किया जाएगा। बैठक में देवेंद्र आर्य, मनीष पुरवार (हीरु), संजय अग्रवाल, वेदांत शुक्ला, मान्या पुरवार, देवेंद्र आर्य, अनूप बिश्नोई, हिमांशु दुबे, राजीव पोरवाल (रानू), जूनियर शाखा अनमोल के पूर्व अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, सतीश चंद्र पोरवाल, रज्जन बाल्मीक रहे।

यमुनातट पर सफाई करते संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

टायर फटने से डंपर से टकराया डंपर

जालौन। आगे चल रहे डंपर का टायर फटने से पीछे चल रहे डंपर की उससे टक्कर हो गई। हादसे में चालक तो बच गया। लेकिन परिचालक घायल हो गया।

रविवार की सुबह एक डंपर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर औरैया की ओर जा रहा था। पीछे से मुकेश कुमार निवासी रत्नेशपुर गुरसराय जिला झांसी डंपर में गिट्टी लादकर औरैया जा रहे थे। उनके साथ परिचालक कैलाश निवासी गुरसराय भी था। आगे चल रहा डंपर जैसे ही एक्सप्रेस वे किमी संख्या 207 सहाव गांव के पास पहुंचा तभी अचानक से डंपर का टायर फट गया और डंपर असंतुलित हो गया। इस हादसे के बाद पीछे चल रहे डंपर का चालक भी नियंत्रण नहीं रख सका और डंपर आगे चल रहे डंपर से टकरा गया। टक्कर से परिचालक साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें परिचालक कैलाश घायल हो गया। चालक को मामूली चोटें आईं।

सार-संक्षेप

मरीजों का इलाज करने में लगे झोलाछाप

बकेवर। मौसम बदलते ही झोलाछापों की बल्ले बल्ले हो रही है। इन दिनों कस्बों एवं गांवों में झोलाछाप मरीजों का खूब इलाज कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के भी अजब गजब खेल हैं। किसी झोलाछाप का केस बिगड़ जाये और मरीज की मौत हो जाये तो बस खाना पूर्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग कार्यवाही के लिए पहुंच जाता है। ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्साधिकारी से झोलाछाप पर कार्रवाई की मांग की है।

महेवा में राजकीय डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग

महेवा। ग्राम बहेड़ा से क्षेत्र पंचायत सदस्य शशि सुरेश दिवाकर ने जनहितकारी समस्याओं से सबंधित ज्ञापन मंत्रियों को जाकर सौपे ।अपने प्रतिनिधि सोहित दिवाकर के साथ जाकर जलशक्ति मंत्री को दिए ज्ञापन में मांग की है कि भोगनीपर प्रखंड निचली गंग नहर पर बहेड़ा रजवाहा पर पुलिया पिछले काफी समय से टूटी है। जिस पर आए दिन हादसे होते हैं। वहीं सिंचाई विभाग तथा पी डब्लू डी विभाग एक दूसरे पर इसका पल्ला झाड़ते हैं । शिक्षा मंत्री को दिए ज्ञापन में एशिया के प्रथम विकास खंड महेवा मुख्यालय पर कोई भी डिग्री कॉलेज न होने तथा क्षेत्र के बच्चों को आठ से दस किलोमीटर दूर तक बकेवर या अजीतमल शिक्षा ग्रहण करने जाना पड़ता हैं। महेवा मुख्यालय पर राजकीय डिग्री कॉलेज की स्थापना करने की मांग की है।

मानकविहीन सड़क निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश

ककोर, औरैया। जिला मुख्यालय के निकट ग्राम पंचायत उसरारी में बनाई जा रही सड़क को लेकर ग्रामीण ने आक्रोश जताया है। घटिया सामग्री लगाए जाने के विरोध में हंगामा किया और ठेकेदार को मौके पर बुलाने के लिए अड़े रहे। ग्रामीणों ने सड़क की मोटाई को लेकर नाराजगी जताई। सड़क निर्माण में पैर मारने से गिट्टी हट जाती है और पुरानी सड़क दिखाई देने लगती है। ग्रामीणों का कहना है इस तरह से लीपापोती करके सड़क बरसात में ही उखड़ जाएगी और बेकार हो जाएगी ठेकेदार अपना पेमेंट करा कर रफू चक्कर हो जाएंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिशाषी अभियंता द्वारा अधिकतर सड़क बनाने का टेंडर अपनें चहेतों को ही दिया गया है ।इस कारण मानकविहीन निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बच्चाधिकारियों से सड़क की जांच कराए जाने की मांग की है। विरोध करने वाले में सोनू कुशवाह, आदेश, रामजीवन, वीरपाल, दीपक, राघव, कन्हैयालाल, संजू व अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

सड़क से गिट्टी निकालकर दिखाता ग्रामीण।

30 जून तक करा लें रजिस्ट्रेशन

जालौन। निजी नलकूप उपभोक्ता जिनके बिल मार्च 2023 तक जमा हैं उन्हें बिजली मुफ्त में मिलेगी। जिनके बिल जमा नहीं है वह 30 जून तक रजिस्ट्रेशन करा लें। अन्यथा की स्थिति में उनसे बिल लगता रहेगा। यह जानकारी एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने दी है। एसडीओ बिजली कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार ने निजी नलकूपों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। लेकिन मुफ्त बिजली उन्हीं निजी नलकूप उपभोक्ताओं को मिलेगी, जिनके बिल 31 मार्च 2023 तक पूर्ण रूप से जमा हैं। हालांकि कुछ उपभोक्ता ऐसे हैं जिनके बिजली बिल जमा नहीं हुए हैं। यदि किसी कारणवश ऐसे बिजली उपभोक्ताओं के बिल जमा नहीं हो सके हैं । उन्हें सरकार ने एक मौका दिया है। जिन उपभोक्ताओं के बिल 31 मार्च 2023 तक जमा नहीं हुए हैं वह 30 जून तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन कराते समय मूलधन का 30 फीसदी उपभोक्ताओं को जमा करना होगा। सरकार ने इसमें ब्याज में छूट देने की भी घोषणा की है। यदि उपभोक्ता एकमुश्त अपना बिल जमा कराता है तो उसे ब्याज में 100 फीसदी की छूट दी जाएगी। यदि उपभोक्ता तीन किस्तों में बिल जमा करता है तो ब्याज में 90 फीसदी और छह किस्तों में बिल जमा करने पर 80 फीसदी की छूट दी जाएगी। उन्होंने निजी नलकूप उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह इस मौके का फायदा उठाएं और 30 जून से पहले अपना रजिस्ट्रेटशन करा लें। कहा कि यदि बिल जमा नहीं होता है तो उन्हें मुफ्त बिजली का लाभ नहीं मिलेगा।

छापा मारकर जब्त की गई पॉलीथीन

कार्यालय संवाददाता जालौन

अमृत विचार। नगर पालिका द्वारा नगर के बाजारों में स्थित दुकानों पर छापा मार कार्रवाई की गई जिसमें आधा दर्जन दुकानों से 11 किलो पॉलीथीन तथा प्लास्टिक के गिलास बरामद किए गए। उक्त दुकानों से तकरीबन राजस्व के रूप में 14 हज़ार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। इस कार्रवाई से पॉलीथीन का व्यापार करने वालों में हड़कंप मच गया। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर , एस आई देवेंद्र सिंह आदि ने अपनी टीम के साथ शनिवार को नगर के बाजार में स्थित दुकानों पर छापा मार कार्रवाई की , जिसमें पॉलीथीन मुक्त अभियान के तहत उक्त दुकानों पर पॉलिथीन तथा प्लास्टिक के गिलासों को खंगाला गया जिसमें तकरीबन एक दर्जन दुकानों से 11 किलो के आसपास पॉलिथीन बरामद हुई तथा कुछ गिलास भी बरामद हुए ,उक्त दुकानों से तकरीबन 14 हज़ार रुपये जुर्माना के तौर पर वसूला गया। नगर पालिका की इस कार्रवाई से कुछ दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों की सटर गिराकर इधर-उधर भागते नजर आए तो वहीं अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने कहा कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

जालौन । मुहल्ला भट्टीपुरा में 19 वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़ित पक्ष ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। उक्त मामले की विवेचना उपनिरीक्षक वसीम अहमद को सौंपी गई है। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 18-6-24 की शाम को मेरी 19 वर्षीय पुत्री अपनी बुआ के घर जाने को कहकर निकली थी। पुत्री जब बुआ के घर नही पहुंची तो मैंने तथा मेरी पत्नी ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। वादी के मुताबिक मेरी पुत्री को आरोपी हैदर पुत्र गुलाब बेग निवासी ग्राम मोहारी थाना कदौरा अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया।

बाबई फीडर से लाइन हटाने की मांग

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। इस भीषण गर्मी में बिजली गुल हो जाने तथा चार-चार दिन बिजली के दर्शन न होने से ग्रामीण गर्मी से बेहाल तथा पानी की बूंद-बूंद को मोहताज होने से एक दर्जन ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी बिजली विभाग को संबोधित एक ज्ञापन जेई को सौंपा है ।

माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी पंकज सेंगर, सत्येंद्र सेंगर , अन्नू सेंगर, सोहन सिंह, सत्यम, मुलायम सिंह, अर्जुन, देवेंद्र सिंह ,तथा ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र ने उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह को एक ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि जब से उनके गांव की बिजली बाबई फीडर से जोड़ी गई है तब से गांव में बिजली का संकट गहरा रहा है चार-चार दिन बिजली नहीं आती और अगर आ भी गई तो कुछ घंटे ही रहकर फिर गुल हो जाती है।

इस गर्मी में एकमात्र बिजली ही लोगों का सहारा है लेकिन बिजली न आने से ग्रामीण गर्मी से बेहाल हैं ,तथा पानी की बूंद बूंद को भी मोहताज हैं । ग्रामीणों ने बाबई फीडर से अपने गांव की बिजली हटाए जाने की मांग की इस संदर्भ में एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि ओवरलोड की वजह से कुठौंदा बुजुर्ग की लाइट को बाबई फीडर से जोड़ा गया है आंधी आने की वजह से कुछ समस्या आई है।

जेई को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण अमृत विचार

आयोजन मुख्य अतिथि के रूप में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष जानकीशरण पांडेय रहे मौजूद

नवनिर्वाचित बार पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जानकीशरण पांडेय पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वह अधिवक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण कराने का कार्य करेंगे और अधिवक्ता हित में जो संभव होगा वह प्रयास करेंगे। उन्होंने एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार लिटौरिया, सचिव व कोषाध्यक्ष ओमकार दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नौशाद खान, सह सचिव मनोज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्यामबाबू व विजय कृष्ण सक्सेना, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य मुलायम सिंह यादव व हर्षित राय को शपथ ग्रहण कराई। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम अध्यक्ष व एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष अंबिका प्रसाद निरंजन, कोंच बार संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद निरंजन, माधौगढ़ बार संघ अध्यक्ष संदीप मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संतोष कुमार यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर योगेशचंद्र त्रिपाठी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, उमेश दीक्षित, राकेश भदौरिया, प्रमोद पाल,राघवेंद्र चतुर्वेदी, जंगबहादुर सिंह, मिथलेश ओझा, अजय पटसारिया, रमेशचंद्र जाटव, उमर सिद्दीकी, फानिस खान, बादाम सिंह यादव, कमल कुशवाहा, राज लिटौरिया, इनायत, देवेश मिश्रा, बृजमोहन कुशवाहा, प्रदीप सक्सेना, केके चतुर्वेदी, जेडी शुक्ला आदि मौजूद रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र लिटौरिया व सचिव ओमकार दीक्षित ने मुख्य अतिथि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष जानकी शरण पांडेय को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में स्थानीय अधिवक्ताओं के लिए तहसील स्तर पर पोलिंग बूथ स्थापित किया जाए और मतदान का अधिकार दिया जाए। उन्होंने अपर सिविल जज न्यायालय के रिक्त पद पर न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति कराने एवं बार संघ व अधिवक्ता चेंबर के लिए जगह स्वीकृत कराने की मांग की। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में दिवंगत अधिवक्ता आशनारायन तिवारी, सहायक मुंशी राधारमण त्रिपाठी और श्यामसुंदर के परिजनों को द्वारिका ग्रुप के संचालक विनय कुमार माहेश्वरी ने प्रत्येक परिवार को 5100 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। जिसकी उपस्थित सभी जनों ने सराहना की।

शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

मृतक के परिजन को चेक सौंपते अध्यक्ष भूपेंद्र लिटौरिया।

शौचालय में लगा ताला, ग्रामीण हो रहे परेशान

ककोर, औरैया। जिले में स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुरक्षा के नाम पर खिलवाड़ हो रहा है। शासन द्वारा बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों में ताला लटका रहता है। ग्राम पंचायत सचिव को कोई परवाह नहीं है।

ग्राम पंचायत हरराजपुर के मजरा आशा का पुरवा गांव में शौचालय का ताला सुबह-शाम नहीं खुल रहा है। केयर टेकर मुफ्त का मानदेय लेकर विभाग को चूना लगा रहे हैं। शासन द्वारा हर ग्राम ग्राम पंचायत में सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है। जिससे लोगों को शौच में सुबह-शाम समस्या ना हो। ग्रामीणों ने बताया शौचालय न खोलने की शिकायत सचिव रविंद्र प्रताप सिंह से की गई। सचिव ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव रविंद्र प्रताप सिंह ने कार्यभार लेने के 3 महीने बाद भी अभी तक ग्राम पंचायत में जाकर कुछ नहीं देखा है। जिसके कारण ग्राम पंचायत में अन्य कार्य भी बंद पड़े हुए हैं। ग्राम पंचायत के शौचालय को ग्रामीणों ने खुलवाये जाने की मांग की है।

सफाई करते सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

जसवंतपुर गांव में चला स्वच्छता अभियान

संवाददाता अयाना, औरैया

- **ग्राम प्रधान ने लोगों को शौचालय का उपयोग करने को किया प्रेरित**

अमृत विचार। स्वच्छ भारत मिशन के बैनर तले रविवार को विकासखंड औरैया क्षेत्र की ग्राम पंचायत जसवंतपुर में सफाई अभियान चलाया गया। ग्राम प्रधान मीरा देवी व स्वच्छाग्राही व्रजेंद्र कुमार ने गांव में झाड़ू लगाकर लोगों में स्वच्छता की अलख जगाई।

ग्राम पंचायत जसवंतपुर कि ग्राम प्रधान मीरा देवी ने बताया कि सफाई अभियान के दौरान गांव में झाड़ू लगा रहे स्वच्छाग्रही को कई लोग देख रहे थे जिन्हें काफी प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दल लगातार गांव में भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से शौचालय का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जहां शौचालय नहीं वहां शौचालय बनवाना इस अभियान का उद्देश्य है। सरकार शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहन राशि भी दे रही है। अब बहुत कम ऐसे परिवार बचे हैं जहां शौचालय का निर्माण नहीं हो सका है। ग्राम पंचायत जसवंतपुर की साफ-सफाई देख ग्रामवासियों ने सफाई कर्मचारी ब्रजेंद्र कुमार की प्रशंसा की।

आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच से बढ़ रहा : शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री ने की बाढ़ से निपटने के उपायों की समीक्षा, आधुनिक तकनीक के विस्तार पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को उच्चस्तरीय बैठक में बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों और इस समस्या को कम करने के लिए व्यापक तथा दूरगामी नीति बनाने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा की। शाह ने पिछले साल लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर चर्चा हुई।

उन्होंने बादल फटने से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से उपलब्ध कराए गए चित्रों के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया।

नई दिल्ली में बैठक की अध्यक्षता करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

- सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से बाढ़ प्रबंधन परामर्श लागू करने की अपील

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत का आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी परामर्श को समय पर लागू करने की अपील की।

उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों की हर साल जांच करनी चाहिए। शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्ययन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लडगेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र आवश्यकता के अनुरूप और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए। शाह ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिज़ाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए।

ब्रह्मपुत्र का पानी मोड़कर कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन करें विकसित

शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन विकसित हों। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समुचित एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने इसके लिए फायरलाइन बनाने, सूखे पत्तों को हटाने और स्थानीय निवासियों और वनकर्मियों के साथ मॉक ड्रिल की ज़रूरत पर बल दिया। गृह मंत्री ने एनडीएमए को जंगल में लगने वाली आग से निपटने के लिए मैनुअल तैयार करने को भी कहा। बैठक में भारतीय मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग ने विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सभी विभागों ने मानसून को लेकर हुई तैयारियों और कार्ययोजना के बारे में बताया। दो घंटे चली बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, राज्यों के गृह सचिव, जल संसाधन, नदी विकास एवं नदी संरक्षण पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालयों के अधिकारी, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य एवं सचिव, एनडीआरएफ और मौसम विभाग के महानिदेशक, केंद्रीय जल आयोग, एनएचएआई के अध्यक्ष और संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

महिला कांस्टेबल से दुष्कर्म के आरोप में एसआई के खिलाफ मामला दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक शादीशुदा महिला कांस्टेबल के साथ दुष्कर्म और उत्पीड़न के आरोप में 32 वर्षीय पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह अपराध 2020 से जुलाई 2022 के बीच सानपाड़ा इलाके में हुआ था। आरोपी ने 26 वर्षीय पीड़िता से दोस्ती की और उसे शादी का झांसा देकर सानपाड़ा के फ्लैट में उससे कई मौकों पर कथित दुष्कर्म किया। दोनों ही मुंबई पुलिस में हैं। आरोपी ने पीड़िता से समय-समय पर 19 लाख रुपये भी लिए, लेकिन उसने केवल 14.6 लाख रुपये ही लौटाए। आरोपी ने महिला का पीछा भी किया। साथ ही पीड़िता को अपने पति को छोड़ने के लिए भी कहा और ऐसा न करने पर उसे मारने की धमकी दी। महिला द्वारा मुंबई के पंत नगर पुलिस थाने में दी गई शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज हुई थी।

तमिलनाडु शराब कांड की हो सीबीआई जांच : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती है।

उन्होंने कहा कि मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। ऐसे राज्य में जहां सरकार की ओर से संचालित तस्माक दुकानों से लाइसेंसी शराब मिलती है, उसके बावजूद कलाकुरची शहर के बीच में केमिकल आधारित अवैध शराब

- बोलीं- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी को इस मामले पर देना चाहिए बयान

परोसी जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहां हैं, राहुल गांधी कहां हैं। वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब जहरीली शराब से दलित मर रहे हैं तो एक बयान नहीं आता।

उन्होंने उस मामले में गांधी और खड़गे से बयान देने की मांग भी की। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को देने की मांग की।

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी का शव बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने घुसपैठ-रोधी अभियान के दौरान मारे गए एक आंतकवादी का रविवार को शव बरामद किया। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर कहा, उरी सेक्टर में 22 जून को शुरू किए गए घुसपैठ-रोधी अभियान में एक आतंकवादी मारा गया है। अभियान अभी भी जारी है। सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा के पास दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद उरी सेक्टर के गोहल्लान इलाके में घुसपैठ-रोधी अभियान शुरू किया था।

आत्महत्या से पहले बेटी मां व कुत्ते को मारी गोली

चंडीगढ़। पंजाब के बरनाला जिले में एक व्यक्ति ने अपनी मां, बेटी और कुत्ते की गोली मारकर हत्या करने के बाद अपनी भी जान ले ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम रामराज्य कॉलोनी में व्यक्ति के घर यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि कुलबीर मान सिंह ने रिवॉल्वर से पहले अपनी बेटी निमरत कौर (21) को और अपनी मां बलवंत कौर (85) तथा पालतू कुत्ते को गोली मारी। इसके बाद व्यक्ति ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मान लंबे समय से तनाव में था। मान की बेटी हाल ही में कनाडा से लौटी थी। उसने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

आईपीएस की पत्नी की कंपनी को 46 लाख रिश्वत दी : सोमैया

मुंबई, एजेंसी

भाजपा के नेता किरीट सोमैया ने रविवार को आरोप लगाया कि विज्ञापन कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे ने तत्कालीन राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) आयुक्त की पत्नी की कंपनी को 46 लाख रुपये की घूस दी थी, जिन्होंने वह होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी जो पिछले महीने यहां गिर गया था।

सोमैया ने एक्स पर पोस्ट कर यह दावा किया कि इगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (जहां भिंडे निदेशक था) ने मुंबई के घाटकोपर और दादर इलाकों में दो दर्जन अवैध होर्डिंग लगाने के लिए विभिन्न रेलवे पुलिस और बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के अधिकारियों को पांच करोड़ की रिश्वत दी गई थे। पूर्व भाजपा सांसद ने कहा कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर उनसे तत्कालीन राजकीय पुलिस आयुक्त कैसर खालिद को घाटकोपर होर्डिंग घोटाले के लिए निलंबित करने का अनुरोध किया। पुलिस के अनुसार, मुंबई के घाटकोपर इलाके में आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान 13 मई को एक विशाल होर्डिंग गिरने से 17 लोगों की मौत हो गयी और 70 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए।

होर्डिंग हादसा

- बोले- होर्डिंग के लिए रेलवे पुलिस और बीएमसी के अधिकारियों को 5 करोड़ की दी गई रिश्वत

वरिष्ठ अधिकारी ने पहले बताया था कि जिस जमीन पर होर्डिंग था उसका कब्जा राजकीय रेलवे पुलिस के पास है और तत्कालीन जीआरपी आयुक्त ने एम/एस इगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को 10 साल के लिए पेट्रोल पम्प के पास होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी। होर्डिंग मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित है।

सोमैया ने एक्स पर दावा किया कि घाटकोपर होर्डिंग त्रासदी। एसआईटी ने 46 लाख की घूस के सबूत और बैंक की प्रविष्टियां हासिल की। भावेश ने अरशद खान के जरिए कैसर खालिद (रेलवे पुलिस आयुक्त) को 46 लाख दिए थे। अरशद ने यह रुपये महापात्रा गार्मेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते में जमा कराए। महापात्रा गार्मेंट्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना 20 जून 2022 को खालिद की पत्नी सुमन कैसर खालिद और अरशद ने की थी। उन्होंने बताया कि घाटकोपर होर्डिंग हादसे के सिलसिले में अबतक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

गोहत्या मामलाः मध्यप्रदेश के मुरैना में दो आरोपियों के खिलाफ लगाई रासुका

मुरैना (मध्यप्रदेश)। मुरैना जिले के गांव से गोमांस बरामद होने के बाद गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गोहत्या की शिकायत के बाद पुलिस ने जिले के नूराबाद गांव की बंगाली कॉलोनी स्थित मकान से गोमांस और गाय की खाल जब्त की थी। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आदर्श शुक्ला ने बताया कि अनिपाल गुर्जर ने शिकायत दी थी कि उसने कुछ लोगों को गोहत्या करते देखा और जब उसने विरोध किया तो उन लोगों ने उस पर हमला किया। दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। एएसपी अरविंद ठाकुर ने बताया कि आरोपी असगर और रेतुआ पर रासुका के तहत मामला दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया गया।

मणिपुर में फिर गोलीबारी, सुरक्षा बलों को भेजा गया

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में दो संघर्षरत समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के बीच फिर से गोलीबारी हुई है। रविवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे पड़ोसी कांगपोकपी जिले में पर्वतीय क्षेत्रों से इंफाल पूर्व जिले के थामनापोकपी और लामलाई इलाकों की ओर गोलियां चलानी शुरू कीं।

- एक घंटे हुई गोलीवार, कोई हताहत नहीं हुआ :पुलिस

उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण स्वयंसेवकों ने जवाबी गोलीबारी की। इलाके में स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए सुरक्षा बलों को भेजा गया गया है। अधिकारी ने बताया कि एक घंटे बाद गोलीबारी थम गई और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इंफाल घाटी में रहने वाले मेइती और पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

बैराज के सभी फाटक हरियाणा ने किए बंद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा, क्योंकि हरियाणा ने हथिनीकुंड बैराज के सभी फाटक बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर अपना अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखेंगी।

आतिशी ने कहा कि यमुना नदी पर बने बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी घोर जल संकट का सामना कर रही है और दिल्ली को जल मुहैया कराए जाने की मांग को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। उनका अनशन तीसरे दिन, रविवार को भी जारी है। आप ने कहा कि चिकित्सकों ने आतिशी को उनका अनशन समाप्त करने की सलाह दी है। मंत्री ने दावा किया कि हरियाणा सरकार ने पूछा कि जब उसके पास पर्याप्त आपूर्ति नहीं है तो वह दिल्ली के लिए पानी

कैसे छोड़ेगी। आतिशी ने दावा किया, लेकिन शनिवार जब कई पत्रकार हथिनीकुंड बैराज पर गए, जहां से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, तो सभी ने फोटो खींचे और वीडियो बनाए, जिसमें साफ दिख रहा है कि बैराज में पानी है, लेकिन जिन गेट से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, वे बंद हैं।

उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा सरकार से विनती करती हूं कि हथिनीकुंड बैराज के गेट खोल दीजिए। दिल्ली वालों का पानी छोड़ दीजिए। दिल्ली वालों को उनके हक का पानी मिलना चाहिए।

जल संकट पर आप प्रतिनिधि उपराज्यपाल से मिले

नई दिल्ली। आप के प्रतिनिधिमंडल ने जल संकट को लेकर रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से मुलाकात की और कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि इस मुद्दे को हरियाणा सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आप सांसद संजय सिंह और आप विधायक सोमनाथ भारती 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे जिसने सक्सेना से मुलाकात की। भारद्वाज ने कहा, मानसून 28 जून के आसपास आने की उम्मीद है। शिमला समेत हिमाचल प्रदेश में बारिश शुरू हो चुकी है। यह एक सप्ताह की बात है। हमने उनसे इस एक सप्ताह के लिए दिल्ली को पानी दिलाने का अनुरोध किया है। सक्सेना ने उन्हें इस मामले में हरियाणा सरकार से बात करने का आश्वासन दिया है।

महिला की हत्या कर ट्रेनों में रखे शव के टुकड़े, 60 वर्षीय व्यक्ति धराया

इंदौर (मध्यप्रदेश)। उज्जैन में दुष्कर्म में नाकाम रहने पर महिला की हत्या के बाद उसके शव के टुकड़े अलग-अलग यात्री ट्रेनों में रखने के आरोप में जीआरपी ने रविवार को 60 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

जीआरपी अधिकारी ने बताया कि 37 वर्षीय महिला के हाथ और पैर ऋषिकेश में यात्री ट्रेन में 10 जून को मिले थे, जबकि उसके शरीर के बाकी हिस्से इंदौर में एक अन्य यात्री ट्रेन से नौ जून को मिले थे। जीआरपी की इंदौर इकाई के पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने बताया कि महिला की नृशंस हत्याकांड के आरोप में कमलेश पटेल (60) को उज्जैन से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि रतलाम जिले की महिला पति से झगड़े के बाद 6 जून को घर छोड़कर चली गई थी। परिवार ने 12 जून को बिलपांक पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। महिला उज्जैन रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। पटेल महिला को घर ले गया और उसे भोजन में नींद की गोली मिलाकर दी। नींद आने पर पटेल ने दुष्कर्म का प्रयास किया, लेकिन नींद खुल गई और महिला ने शोर मचा दिया। पटेल ने रस्सी से गला घोटकर महिला की हत्या कर लाश के टुकड़े ट्रेन में रख दिए ताकि उसकी पहचान न हो सके।

कारोबार/कृषि

इलेक्ट्रॉनिक की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर होगी 240 अरब डॉलर

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक और सब-असेंबली की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर 240 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें मदरबोर्ड, लिथियम आयन बैटरी, कैमरा मॉड्यूल आदि जैसे कुछ प्रमुख कलपुर्जे शामिल हैं, जिन्हें बड़े पैमाने पर आयात किया जाता है।

रिपोर्ट में सरकार से आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 35-40 प्रतिशत की सीमा में उच्च प्रोत्साहन के साथ संशोधित इलेक्ट्रॉनिक घटक की उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाएं लाने की सिफारिश की गई है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 102 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का समर्थन करने के लिए घटकों और 'सब-असेंबली' की मांग 45.5 अरब डॉलर थी।

राज्यों को समय से पहले मुआवजा दे सकता है केंद्र

जीएसटी क्षतिपूर्ति : केंद्र ने 2020-21 और 2021-22 में राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ का लिया था कर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार माल एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति के तहत राज्यों को मुआवजा देने को लिए गए कर्ज का समय से पहले भुगतान कर सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में जीएसटी राजस्व क्षतिपूर्ति के लिए राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

उन्होंने बताया कि कर्ज को तय समय से चार महीने पहले नवंबर, 2025 तक चुकाया जा सकता है। बाजार से लिए गए कर्ज का पूरा भुगतान मार्च, 2026 तक किया जाना था। अधिकारी ने कहा कि अगस्त में जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद है। माल और सेवा कर लागू होने के बाद राज्यों के राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए मुआवजा उपकर को शुरू में पांच साल के लिए लाया गया था। क्षतिपूर्ति

- तय समय से चार महीने पहले नवंबर 2025 तक चुकाया जा सकता है कर्ज
- बाजार से लिए कर्ज का भुगतान मार्च 2026 तक किया जाना था

उपकर जून, 2022 में खत्म हो गया, लेकिन लेवी के जरिये जमा की गई राशि का उपयोग केंद्र द्वारा कोविड-19 के दौरान उधार लिए गए 2.69 लाख करोड़ रुपये के ब्याज और मूलधन को चुकाने के लिए किया जा रहा है। जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में शनिवार को कर्नाटक ने क्षतिपूर्ति उपकर लगाने, ऋण राशि के पुनर्भुगतान और आगे की व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा उठाया था। अधिकारी ने कहा कि राज्यों को बता दिया गया है कि ऋण राशि का भुगतान जल्दी किया जा सकता है। मार्च, 2026 के बजाय नवंबर, 2025 तक ऐसा हो सकता है। इसलिए नवंबर, 2025 से आगे उपकर राशि का बंटवारा कैसे किया जाएगा, इस सब पर अगली परिषद की बैठक में चर्चा की जाएगी।

जीएसटी परिषद तीन मंत्री समूहों का करेगी पुनर्गठन

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद को उसके तहत आने वाले तीन मंत्री समूहों (जीओएम) का पुनर्गठन करना होगा। इसका कारण यह है कि 11 राज्यों के नए मंत्री शनिवार को परिषद में शामिल हो गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा से 11 नए मंत्री शामिल हुए। परिषद में नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण, जीएसटी के तहत रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने और जीएसटी प्रणाली में सुधार पर तीन मंत्री समूहों का पुनर्गठन किया जाएगा। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह का फरवरी में ही पुनर्गठन किया जा चुका है। इसके संयोजक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, जबकि अन्य तीन के पुनर्गठन की अधिसूचना अभी तक जारी नहीं हुई है। गठित समूह में ओडिशा से वित्त मंत्री को शामिल किया जाना है।

जीएसटी भुगतान से पहले बिक्री रिटर्न फॉर्म में संशोधन संभव

नई दिल्ली। जीएसटी करदाताओं के पास अब मासिक या तिमाही करों के भुगतान से पहले बाहरी आपूर्ति या बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 में संशोधन का विकल्प होगा। परिषद ने बैठक में करदाताओं को कर अवधि के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 में विवरण संशोधित करने और अतिरिक्त विवरण जोड़ने की सुविधा के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1ए के जरिए नयी वैकल्पिक सुविधा देने की सिफारिश की थी। हालांकि, उक्त कर अवधि के लिए जीएसटीआर-3बी में रिटर्न जमा करने से पहले जीएसटीआर-1ए दाखिल करना होगा। केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख और पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि जीएसटीआर-1 में दिए विवरण में संशोधन की अनुमति से कर भुगतान से पहले लिपिकीय और अनजाने में होने वाली गलती को सुधारने का एक मौका मिलेगा।

सऊदी अरब में इस्पात संयंत्र जल्द स्थापित करेगा एस्सार

नई दिल्ली, एजेंसी

एस्सार समूह सऊदी अरब में कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात संयंत्र के निर्माण में 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है। समूह के शीर्ष अधिकारी प्रशांत रुइया ने यह जानकारी दी है। यह मंजूरी किसी भी समय मिल सकती है, जिसके बाद समूह सऊदी अरब में रास अल-खैर में बंदरगाह सुविधाओं के साथ 40 लाख टन सालाना क्षमता के इस्पात संयंत्र पर काम शुरू कर देगा।

समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक रुइया ने कहा कि हमें अब भी सभी अंतिम मंजूरियां नहीं मिली हैं। यह संयंत्र सऊदी अरब की घरेलू इस्पात मांग को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब एक बड़े वृद्धि

- 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा एस्सार

के दौर में है। वहां आज बड़ी मात्रा में इस्पात का आयात किया जाता है। ऐसे में मूल रूप से यह एक घरेलू संयंत्र होगा। तेल से समृद्ध सऊदी अरब की नजर इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण केंद्र बनने पर है। 2030 तक उसका लक्ष्य सालाना तीन लाख कारों के विनिर्माण पर है। एस्सार समूह ऐसी कारों के साथ-साथ अन्य उपभोक्ता सामान उद्योग की ओर से आने वाले इस्पात की मांग का लाभ उठाना चाहता है।

एफपीआई ने जून में अब तक शेयरों में 12,170 करोड़ रुपये किए निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में अबतक (21 जून तकत्र भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपये निवेश किए हैं।

नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586

करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के बीच उन्होंने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ से अधिक की राशि निकाली थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि ताजा निवेश के बाद 2024 में एफपीआई की शेयरों से निकासी (21 जून) 11,194 करोड़ रुपये रही है।

ई-कॉमर्स निर्यात बढ़ाने को राजस्व विभाग व डीजीएफटी कर रहे काम

कोलकाता। देश से ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) राजस्व विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है। देशभर में निर्दिष्ट ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिससे ऑनलाइन निर्यात को सुसंगत बनाया जा सकेगा।

सूत्रों के अनुसार देश का ई-कॉमर्स निर्यात दो अरब डॉलर है, जबकि चीन का 350 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक सहयोगी ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करके इस अंतर को पाटना है। विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी ने कहा कि इस संबंध में बहुत चीजें सुव्यवस्थित करने की जरूरत है। हम राजस्व विभाग के साथ ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित करने पर काम कर रहे हैं, ताकि माल की खेप को मंजूरी में तेजी लाई जा सके। इन केंद्रों में समर्पित सीमा शुल्क और जांच जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे पहले से मंजूरी प्राप्त पार्सल को हवाई अड्डों पर ग्रीन चैनल से आगे बढ़ाया जा सकेगा और आगे इनकी जांच की जरूरत नहीं होगी।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट

- 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ी, 831 अन्य देरी से चल रहीं
- मई, 2024 तक इन पर 17,07,190.15 करोड़ हो चुके हैं, खर्च जो लागत का 51.3% है

में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है। मई, 2024 तक इन परियोजनाओं पर 17,07,190.15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.3% है। मंत्रालय ने कहा है कि समयसीमा के हिसाब से देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या 554 पर आ जाएगी। 831 परियोजनाओं में से 245 एक से 12 महीने, 188 13 से 24 महीने की, 271 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 127 परियोजनाएं 60 महीने देरी से चल रही हैं।

10 में से 3 कंपनियों का बाजार पूंजी 1.06 लाख करोड़ बढ़ा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया। बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।

चुनाव की तारीख को लेकर सट्टेबाजी में घिरा कंजर्वेटिव पार्टी के एक और नेता

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को एक बार फिर आलोचना का सामना करना पड़ा

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को रविवार को एक बार फिर आलोचना का सामना पड़ा क्योंकि उनकी पार्टी के एक और वरिष्ठ पदाधिकारी पर आम चुनाव की तारीख पर सट्टा लगाने का आरोप लगा है। देश में आम चुनाव के लिए चार जुलाई की तारीख तय की गई है। यह मामला चुनाव की तारीख घोषित किए जाने से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने से संबंधित है। इससे पहले भी सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पर आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का मामला सामने आ चुका है, जिसकी जांच जारी है।

भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता सुनक ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में सामने आए आरोपों के बारे में जानकर वे बेहद क्रोधित थे जबकि अब पता चला है कि कंजर्वेटिव पार्टी के मुख्य डेटा अधिकारी की भी जुआ-रोधी नियामक द्वारा चुनाव की तारीख की घोषणा से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने के आरोप में जांच की जा रही है। इस संबंध में द संडे टाइम्स की रिपोर्ट में खुलासा होने के बाद निक मेसन ने किसी भी तरह का गलत कार्य करने से इनकार किया है। यह सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के लिए एक नया झटका है, जो पहले से ही सभी चुनाव-पूर्व जनमत सर्वेक्षणों में विपक्षी लेबर पार्टी से बहुत पीछे चल रही है।

इससे पहले, सुनक के चुनाव अभियान की अगुवाई कर रहे टोनी ली और उनकी पत्नी लॉरा सैंडर्स पर चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का आरोप लगा था। ब्रिटेन में सट्टेबाजी कानूनी है, लेकिन अंदरूनी जानकारी का लाभ उठाकर सट्टा लगाना गैरकानूनी है। सुनक ने इस सप्ताह की शुरुआत में संवाददाताओं से कहा था, कई जांच चल रही हैं। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसे न केवल कानूनी कार्रवाई का सामना करना चाहिए, बल्कि मैं यह भी सुनिश्चित करूंगा कि उसे कंजर्वेटिव पार्टी से बाहर निकाल दिया जाए।

प्रकृति



कोलकाता में गंगा नदी के तट से डूबते सूरज का मनोरम दृश्य। ● एजेंसी

यूएई पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

नयी दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल-नाहयान के साथ व्यापक वार्ता करने के लिए रविवार को अरब देश की यात्रा पर पहुंचे हैं। जयशंकर और अल-नाहयान के द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर चर्चा करने की उम्मीद है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम के साथ ही भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के समग्र परिदृश्य की समीक्षा करने का अवसर उपलब्ध कराएगी। उसने एक संक्षिप्त बयान में कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इसमें कहा गया है, यात्रा के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष के साथ साझेदारी के व्यापक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में बेहतर हुए हैं।

- द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर भी चर्चा की उम्मीद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए हैं। दोनों देशों ने आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए फरवरी 2022 में विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

एक नजर

अमेरिका के ओहायो में गोलीबारी में 10 घायल

ओहायो। अमेरिका के ओहायो राज्य की राजधानी कोलंबस में हुई गोलीबारी में 10 लोग घायल हो गए जिनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से कहा कि गोलीबारी रविवार तड़के शॉर्ट नॉर्थ आर्ट्स जिले में हुई। कोलंबस पुलिस विभाग ने कहा कि सभी घायल पुरुष हैं। गोलीबारी के संदिग्ध की पुलिस तलाश कर रही है जो सफेद रंग की होंडा सिटी में फरार हो गया था।

यूक्रेन ने रूस में 30 से अधिक ड्रोन भेजे

कीव। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस की बमबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए, जिसके कुछ ही घंटों बाद शनिवार रात रूस के पश्चिमी क्षेत्रों में 30 से अधिक ड्रोन मार गिराए गए। रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि चार बमों में से एक शनिवार दोपहर पांच मंजिला आवासीय इमारत पर गिरा। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि 41 घायलों का इलाज जारी है।

केन्या में कर वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन, दो की मौत

नैरोबी। केन्या में कर वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। सिटीजन डिजिटल समाचार पोर्टल ने रविवार को यह जानकारी दी। स्टार अखबार ने बताया कि केन्या में एक मसौदा बजट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार को कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 200 अन्य घायल हो गए। स्टार ने बताया कि केन्या की राजधानी नैरोबी में कर वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था, जिसके कारण पुलिस को प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा।

मध्य चीन काउंटी में भूस्खलन, 8 लापता

चांग्शा। मध्य चीन के हुनान प्रांत में रविवार तड़के भूस्खलन के बाद आठ लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूस्खलन हुआइहुआ शहर के शिन्हुआंग डोंग स्वायत्त काउंटी के डौक्सी गांव में हुआ और इसकी सूचना रविवार सुबह करीब 4 बजे काउंटी के आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र को दी गई। इससे चार मकान ढह गए। घटनास्थल पर मौजूद अन्य सभी लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है और बचाव कार्य जारी है।

शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में कजाकिस्तान नहीं जाएंगे मोदी

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से प्रधानमंत्री ने लिया निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

तीसरी बाद भारत के प्रधानमंत्री का पद संभाल रहे नरेंद्र मोदी अगले महीने कजाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने नहीं जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सम्मेलन में उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हो सकते हैं। सम्मेलन में मोदी के शामिल नहीं होने से कई तरह के सवाल खड़े होंगे। हालांकि एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से भी प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय लिया है।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3-4 जुलाई को होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए अस्ताना नहीं जाने का फैसला किया है। हालांकि, पहले वह एससीओ सिक्योरिटी समिट के लिए कजाकिस्तान जाने थे। इसके चलते उनकी एडवांस सिक्योरिटी टीम ने अस्ताना जाकर सुरक्षा का जायजा भी लिया था। दरअसल,

- 3-4 जुलाई को अस्ताना में आयोजित होगा शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन

एससीओ मध्य एशिया में शांति और सभी देशों के बीच सहयोग बनाए रखने के लिए बनाया गया संगठन है। पाकिस्तान, चीन रूस भी इसके सदस्य हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन, जिनपिंग और शहबाज शरीफ इस सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। वर्तमान में शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन में 8 देश कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान जैसे 8 देश सदस्य हैं। वहीं, अफगानिस्तान, ईरान, बेलारूस और मंगोलिया पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। जायसवाल ने सिर्फ इतना कहा कि इसे लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोदी ने एससीओ में शामिल नहीं होने का फैसला आगामी संसद सत्र के चलते लिया है। जो 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव और दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण के अलावा, माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री 2 से 4 जुलाई के बीच लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देंगे।

2 साल बाद पुतिन से मिलने का मौका था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 साल से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से नहीं मिल पाए हैं। दोनों नेताओं की आखिरी मुलाकात 2022 में उज्बेकिस्तान में हुए सम्मेलन में ही हुई थी। 2023 में सम्मेलन भारत में होना था। तब भी सरकार ने शेड्यूल का हवाला देकर इसे ऑनलाइन करने का फैसला किया। वहीं भारत ने एससीओ मंच का इस्तेमाल सदस्य देशों, खासकर पाकिस्तान और चीन को बार-बार ये याद दिलाने के लिए किया है कि ग्रुप का एक मूल उद्देश्य आतंकवाद से लड़ना था। साथ ही यह भी कि सभी राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें।

लाल सागर में जहाज पर ड्रोन से हमला

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को लाल सागर में एक जहाज पर ड्रोन से हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में यह नवीनतम हमला है। यह हमला ऐसे समय में किया है जब अमेरिका ने लाल सागर में आठ महीने तक तैनात रखने के बाद अपने युद्ध पोत यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर को बुला लिया है। हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए इन हमलों के कारण एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोपीय बाजारों तक समुद्र के रास्ते वस्तुओं की आपूर्ति करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

नेतन्याहू ने हथियारों की आपूर्ति में कमी आने की बात दोहराई

तेल अवीव, एजेंसी

- अमेरिका ने नेतन्याहू के दावों को कुछ दिन पहले नकार दिया था

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को अपने दावे को दोहराते हुए मंत्रिमंडल को बताया कि गाजा में इजराइल के अभियान के लिए अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति में नाटकीय गिरावट आई है। नेतन्याहू ने कुछ दिन पहले भी यही दावा किया था जिससे अमेरिका ने नकार दिया था।

नेतन्याहू ने अपने मंत्रिमंडल को बताया कि हथियारों की आपूर्ति चार महीने पहले हुई थी, लेकिन यह नहीं बताया कि किस हथियार की आपूर्ति की गई थी। उन्होंने केवल इतना कहा कि कुछ सामग्री छिटपुट रूप से पहुंचीं, लेकिन अधिकांश हथियार वहीं रह गए। नेतन्याहू ने मंत्रिमंडल को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों से आपूर्ति में तेजी लाने के लिए कई सप्ताह तक अनुरोध के बाद पिछले सप्ताह उन्हें एक वीडियो जारी करना पड़ा।

श्रीलंका ने 18 भारतीय मछुआरे पकड़े

कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप लगाया

श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और मछली पकड़ने वाली उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। मीडिया की एक रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गयी।

समाचार पोर्टल द न्यूज फर्स्ट की रिपोर्ट के अनुसार मछुआरों को शनिवार रात चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान डेल्फ्ट द्वीप के पास उत्तरी सागर से गिरफ्तार किया गया। श्रीलंका की नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गायन विक्रमसूर्या ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए कांकेसंतुरई बंदरगाह ले जाया जाएगा। पिछले सप्ताह, चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और श्रीलंकाई नौसेना ने द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में उनके ट्रॉलर (मछली पकड़ने में इस्तेमाल की जाने वाली नौका) को जब्त कर लिया था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने बताया कि ताजा घटना से पहले 2024 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 180 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और उनके 25 ट्रॉलर जब्त किए गए थे।

फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को मंजूरी दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए लिया गया फैसला

पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को रविवार को मंजूरी दे दी। पीओके में पिछले महीने व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की छह पलाटून तीन महीने के लिए क्षेत्र में तैनात की जाएंगी।

फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती का यह फैसला, पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के खिलाफ नए सिरे से प्रतिबद्धता के साथ एक बड़ा अभियान शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद आया है। महंगाई और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने किया और क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में व्यापारी इसमें अग्रणी भूमिका में थे। जियो न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया, यह घटनाक्रम विवादित क्षेत्र के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक और गृह मंत्री मोहसिन नकवी के बीच मुलाकात के बाद हुआ। बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने कानून और व्यवस्था की स्थिति, मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य, साथ ही विवादित क्षेत्र के अगले वित्तीय वर्ष के बजट पर चर्चा की।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पीटीआई का पार्टी के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन
- आम चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली करने के आरोप लगे थे

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने रविवार को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में विफल रहने के कारण मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के तत्काल इस्तीफे की मांग दोहराई और पार्टी के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह बात मीडिया की खबरों में कही गई है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर में बताया गया है कि खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेताओं ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया और नेशनल असेंबली (संसद का निचला सदन) के अन्य सदस्यों के साथ राजधानी इस्लामाबाद में संसद से पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के कार्यालय तक एक रैली निकाली। नेता प्रतिपक्ष और पीटीआई के नेता उमर अयूब के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने चुनाव में कथित धांधली को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजा और निर्वाचन आयोग के सदस्यों के इस्तीफे की मांग की। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए विवादास्पद आम चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली किये जाने के आरोप लगे थे। इस दौरान पार्टी के संस्थापक और क्रिकेटर से राजनीतिक नेता बने खान की रिहाई के लिए नारे भी लगाए गए।

पर्यटक की हत्या के आरोप में 23 लोग गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान की पुलिस ने स्वात शहर में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी करने वाले एक पर्यटक की पीट-पीटकर हत्या करने के सिलसिले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया में आई खबरों में रविवार को यह जानकारी दी गयी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की मदयान तहसील में बृहस्पतिवार को गुस्साई भीड़ ने मुहम्मद इस्माइल (40) की गोली मारकर हत्या कर दी और उसे पूरे कस्बे में घसीटते हुए ले गए तथा बाद में सार्वजनिक रूप से उसे फांसी पर लटका दिया। इस्माइल पंजाब प्रांत के सियालकोट का रहने वाला था। भीड़ ने मदयान पुलिस थाने को भी आग के हवाले कर दिया था। इस्माइल पर कुरान के पन्ने जलाने का आरोप था। इस घटना में पांच पुलिसकर्मी और 11 स्थानीय लोग घायल हो गए थे।

गाजा संघर्ष को लेकर नहीं बदलेगा श्रीलंका का रुख

कोलंबो, एजेंसी

- विक्रमसिंघे बोले- पांच साल में हो फिलिस्तीन की स्थापना

राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को पांच साल के अंदर एक अलग फिलिस्तीनी राष्ट्र की स्थापना के लिए श्रीलंका के अटूट समर्थन को दोहराया। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि देश की वर्तमान दिवालिया अर्थव्यवस्था के बावजूद उदार सार्वजनिक योगदान से उनकी सरकार के गाजा बाल कोष में दस लाख डॉलर एकत्र किए गए, जिन्हें दान कर दिया गया है।

विक्रमसिंघे ने ये टिप्पणियां गाजा के प्रभावित लोगों के लिए पूर्वी प्रांत के मुस्लिम बहुल कट्टनकुडी में जुम्मा मस्जिद में आयोजित विशेष सेवा में भाग लेने के दौरान कीं।

उन्होंने कहा, गाजा संघर्ष को लेकर श्रीलंका का रुख कभी नहीं बदलेगा, पांच साल में एक स्वतंत्र फलस्तीन देश की स्थापना के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए और नागरिकों की हत्या बंद होनी चाहिए। विक्रमसिंघे ने कहा, हमास से जुड़ी समस्याओं का फर्क आम लोगों पर नहीं पड़ना चाहिए। इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का समाधान अलग से किया जाना चाहिए। श्रीलंका सरकार ने देश की मौजूदा अर्थव्यवस्था के दिवालिया होने के बावजूद गाजा बाल कोष की स्थापना का निर्णय लिया।

बॉलीवुड हलचल

पवन सिंह की बायोपिक का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक पवन सिंह की रियल और रील लाइफ बनी भोजपुरी फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी स्टार के जीवन पर आधारित बायोपिक फिल्म में खुद उसी अभिनेता ने खुद का किरदार जिया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार है जब फिल्म पवर स्टार खुद पवन सिंह ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। इस फिल्म में पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका है। फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फ़िल्म पवन सिंह की लाइफ स्टाइल पर आधारित है, रीयल लाइफ में जैसे पवन सिंह हैं, वैसे ही इस फ़िल्म में भी वे दिखेंगे। मैड्ज मूवीज बैनर के तले बिग स्केल पर बनाई गई भोजपुरी फिल्म पावर स्टार के प्रोड्यूसर मधु शर्मा और समीर आफ़ताब हैं। इस फ़िल्म का निर्देशन फिरोज खान ने किया है। फिल्म पावर स्टार में पवन सिंह, मधु शर्मा, पीयूष सुहाने, मनोज सिंह टाइगर, प्रकाश जैस, युगांत पांडे, संजय वर्मा, अजय पटेल, इंद्रेश त्रिपाठी, उजैर खान, हेमलाल कौशल, सुजीत सार्थक, अभिषेक नजर आएंगे।

72 वर्ष के हुए बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर आज 72 वर्ष के हो गये। राज बब्बर का जन्म 23 जून 1952 को हुआ। वर्ष 1975 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद बतौर अभिनेता बनने का सपना लिये वह मुंबई आ गये। मुंबई आने के बाद मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिये उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान वह निर्माता-निर्देशक प्रकाश मेहरा के ऑफिस में एक छोटे से कमरे में रहकर संघर्ष किया करते थे। राज बब्बर ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म सौ दिन सास के से की। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेत्री रीना राय के पति की भूमिका निभाई। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी लेकिन अभिनेत्री प्रधान फिल्म होने के कारण उन्हें अधिक नोटिस नहीं किया गया।



एसएस राजामौली ने कल्कि के ट्रेलर की तारीफ की

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी के ट्रेलर की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रशंसकों से लेकर मशहूर हस्तियों तक, हर कोई ट्रेलर की सराहना कर रहा है। निर्देशक एसएस राजामौली ने भी ट्रेलर की सराहना की है। निर्देशक एसएस राजामौली ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह पावर पैक्ड ट्रेलर है। यह फिल्म एफडीएफएस देखने के लिए सही मूड और टोन सेट करता है। अमिताभ जी, डार्लिंग और दीपिका के किरदारों में बहुत गहराई है। यह वाकई दिलचस्प है।

ताइवान ने द्वीप के पास चीनी सैन्य विमान देखे

ताइपे, एजेंसी

ताइवानी सेना ने पिछले 24 घंटों में द्वीप के करीब चीनी सशस्त्र बलों के 15 विमान और छह जहाज देखे हैं। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक्स पर कहा, ताइवान के आसपास रविवार सुबह छह बजे तक 15 पीएलए विमान और छह पीएलएएन (नौसेना) जहाज देखे गये। आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गये।

चीनी सशस्त्र बलों ने मई में द्वीप के प्रशासन के नये प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार संभालने के दो दिन बाद ताइवान के आसपास व्यापक सैन्य अभ्यास किया। उनके अपने पूर्ववर्ती की स्वतंत्रता समर्थक नीति को जारी रखने की संभावना है। चीन ने जून की शुरुआत में कहा था कि चीनी सेना सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ना जारी रखेगी, साथ ही पुनर्मिलन को बढ़ावा देगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करेगी। साथ ही, सेना देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी। ताइवान 1949 से से स्वतंत्र रूप से शासित है। बीजिंग इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जबकि ताइवान (अपनी स्वयं की निर्वाचित सरकार वाला क्षेत्र) मानता है कि वह एक स्वायत्त देश है। बीजिंग ताइपे के साथ अन्य देशों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।

चीन की दादागिरी

- आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुसे

पीछे नहीं हटेंगे, लेकिन युद्ध शुरू नहीं करेंगे : फिलीपींस

मनीला, एजेंसी

- फिलीपींस की सेना ने चीनी सैनिकों के हमला करने के वीडियो सार्वजनिक किए थे

फिलीपींस के राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि उनका देश किसी भी विदेशी ताकत के आगे नहीं झुकेगा लेकिन कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की सेना द्वारा फिलीपींस की नौसेना के जवानों को घायल करने और एक झड़प में कम से कम दो सैन्य नौकाओं को क्षतिग्रस्त किये जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह कहा।

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने अपने शीर्ष अधिकारियों और रक्षा प्रमुख के साथ द्वीपीय प्रांत पलावन के लिए उड़ान भरी। वह उन नौसेना कर्मियों को पदक प्रदान करने के लिए पहुंचे जो चीनी तटरक्षक के हमले का निशाना बने थे। सेना द्वारा सार्वजनिक किए गए टकराव के वीडियो और तस्वीरों में चीनी तट रक्षक के कर्मी फिलीपींस के नौसेना की एक नाव पर प्रहार करते, सायरन बजाते और स्ट्रोब लाइट का उपयोग करते देखे जा सकते हैं। वहीं, चीन की सरकार ने कहा है कि जब फिलीपींस के सैनिकों ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया तब उसे कार्रवाई करनी पड़ी। इस हिंसक टकराव ने अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अन्य पश्चिमी और एशियाई देशों की चिंता बढ़ा दी है।